राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा अब बरेली में मात्र 5/- में

सफलता के 5 वर्ष

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित | www.jagranmorcha.com | जन-जन की आवाज

लखनऊ वर्ष : 05 अंक : 32 | रविवार 15 मार्च 2026 | चैत्र कृष्ण एकादशी विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ : 12 मूल्य : 05 रूपया

### प्रधानमंत्री टीएमसी पर बरसे: कोलकाता के ब्रिगेड मैदान रैली में भरी हुंकार, कहा-

# बंगाल से महाजंगलराज खत्म होगा


एजेसी समाचार

**कोलकाता।** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राज्य की सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधा है। इस दौरान उन्होंने कहा कि आपका ये उत्साह, जोश बता रहा है कि बंगाल क्या सोच रहा है, बंगाल के मन में क्या चल रहा है। ब्रिगेड परेड ग्राउंड का इतिहास साक्षी है कि जब-जब बंगाल देश को दिशा देता है, ये ब्रिगेड मैदान बंगाल की आवाज बनता है। इस मैदान से अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ उठी आवाज हिंदुस्तान में क्रांति बन गई थी। उसका नतीजा ये हुआ कि अंग्रेजों के अत्याचार और लूट का खात्मा हुआ। आज एक बार फिर ब्रिगेड ग्राउंड से नए बंगाल की क्रांति का बिगुल बज गया है।

प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि बंगाल में बदलाव अब दीवारों पर भी लिखा जा चुका है और बंगाल के लोगों के दिलों में भी छप चुका है। अब बंगाल से निर्मम सरकार का अंत होकर रहेगा, अब बंगाल से महाजंगलराज का खात्मा होगा। इसलिए बंगाल के हर कोने से आवाज उठ रही है - चाई बीजेपी सरकार, अबकी बार!

**निर्मम सरकार बौखला गई है- पीएम मोदी**

सत्ताधारी दल पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा- कल टीएम ने इस रैली में आने वाले आप सभी लोगों को चोर कहकर गाली दी है। असली चोर कौन है, ये बंगाल की प्रबुद्ध जनता जानती है। अपनी कुर्सी जाते हुए देखकर यहां की निर्मम सरकार बौखला गई है। आज भी इस सभा को रोकने के लिए निर्मम सरकार ने सारे हथियार




निकाल लिए। आप लोगों को आने से रोकने के लिए ब्रिज बंद करवा दिए, गाड़ियां रुकवा दी, ट्रैफिक जाम करवाया, भाजपा के झंडे उखड़वा दिए, पोस्टर फड़वा दिए। लेकिन निर्मम सरकार साफ-साफ देख लो, आज के जनसैलाब को रोक नहीं पाई हो।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि यहां की निर्मम सरकार चाहे अब जितना जोर लगा ले, परिवर्तन की इस आंधी को वो अब रोक नहीं पाएगी। भाजपा और एनडीए के साथ महिषासुर मर्दिनी का आशीर्वाद है। श्री रामकृष्ण परमहंस, स्वामी विवेकानंद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, ऋषि बंकिमचंद्र, गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर, खुदीराम बोस, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसी सभी महान विभूतियों ने जिस बंगाल की कल्पना की थी। भाजपा की सरकार उस बंगाल का निर्माण करेगी, नवनिर्माण करेगी।

'कटमनी मिलने से टीएमसी सरकार रोक देती है सरकारी योजनाएं'

उन्होंने कहा, टएक समय बंगाल पूरे भारत को गति देता था, बंगाल व्यापार और उद्योगों में सबसे आगे था। लेकिन आज यहां का युवा न डिग्री ले पा रहा है और न ही उसे रोजगार मिल पा रहा है। आपके बेटे-बेटियों को काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करना पड़ता है। पहले कांग्रेस, फिर कम्युनिस्ट और अब टीएमसी... ये लोग एक के बाद एक आते रहे... अपनी जेबें भरते रहे... और बंगाल में विकास के काम ठप्प पड़े रहे। टीएमसी सरकार का एक ही एजेंडा है। ये टीएमसी वाले न खुद काम करेंगे, न करने देंगे। जब तक इनको अपना कटमनी नहीं मिल जाता, ये किसी भी योजना को गांव, गरीब तक नहीं पहुंचने देते। इसलिए टीएमसी सरकार केंद्र की योजनाओं को रोककर रखती है।'

पीएम मोदी ने आगे बताया कि देशवासियों को मुफ्त बिजली देने के लिए हमने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना शुरू की है। केंद्र की भाजपा सरकार इसके लिए हर लाभार्थी को 75 से 80 हजार रुपये देती है। जो लाभार्थी इस योजना से जुड़ता है, उसके घर का बिजली बिल जीरो हो जाता है। लेकिन, बंगाल सरकार इसे भी लागू नहीं होने दे रही। ये टीएमसी सरकार अपनी स्वार्थी राजनीति की वजह से यहां आयुष्मान भारत योजना को भी लागू नहीं कर रही है। देश भर के करोड़ों लोग इस योजना के तहत 5 लाख रुपये तक के मुफ्त इलाज का लाभ उठा रहे हैं। ये लाभ आप सबको भी मिलना चाहिए। लेकिन बंगाल के परिवारों को इस योजना के अधिकार से भी टीएमसी सरकार ने वंचित रखा है।

पीएम ने कहा- आज बंगाल के किसान की हालत भी किसी से छिपी नहीं है। किसानों से झूठे वायदे और सरकारी खरीद में घोटाला ही टीएमसी की पहचान बन गया है। टीएमसी के कट, कमीशन और करप्शन के कारण, राजनीति के लिए...किसानों की जिंदगी से, गरीबों और मध्यम वर्ग की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा- टीएमसी जाएगी, गरीबों का पक्का घर बनना शुरू हो जाएगा। टीएमसी जाएगी, तो हर घर साफ जल पहुंचेगा। टीएमसी जाएगी, तो हर गरीब को मुफ्त इलाज मिलेगा। टीएमसी जाएगी, तो कारीगरों को नए अवसर मिलेंगे। टीएमसी जाएगी, तभी बंगाल में सुशासन आएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान कहा, 'आज कोलकाता की धरती से पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। सड़क, रेलवे और पोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, इनसे जुड़ी 18 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है। ये परियोजनाएं पश्चिम बंगाल और पूर्वी भारत को नई रफ्तार देंगे। इनसे व्यापार और उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, लाखों लोगों का जीवन आसान होगा।'

## 13 साल की जंग: देश में पहली बार इच्छामृत्यु की प्रक्रिया शुरू

### एम्स में अब धीरे-धीरे हटेगा हरीश का लाइफ सपोर्ट




एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** 13 साल के संघर्ष के बाद हरीश राणा सुप्रीम कोर्ट के इच्छामृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) के फैसले के बाद शनिवार को एम्स में शिफ्ट किए गए। उन्हें बेहद ही गोपनीय तरीके से एम्स के पैलिएटिव केयर विभाग में शिफ्ट किया गया है। विभाग में विशेषज्ञों की निगरानी में हरीश का लाइफ सपोर्ट हटाने की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है।

इस मामले में शुक्रवार को अमर उजाला की टीम हरीश राणा के घर पहुंची थी। जहां परिवार से बात के साथ हरीश की हालत की भी जानकारी ली गई। पिता अशोक राणा ने बताया कि हरीश को सांस लेने, फीड कराने के साथ मल त्याग के लिए नली लगी हुई हैं। पूरा परिवार उनके साथ रहा है। अब इस घड़ी में उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि किस प्रकार से प्रतिक्रिया देनी है। कुछ भी हो उनका बेटा अब छोड़कर ही जा रहा है। राहत सिर्फ इतनी है कि उसे एक सम्मानजनक मृत्यु मिलेगी।

हरीश को लेकर परिवार शनिवार सुबह आठ बजे एम्स के लिए रवाना हो गया। बेहद गोपनीय तरीके से बिना प्रशासन को सूचना दिए परिवार के लोग निजी वाहन से निकले। पूरे परिवार संग कुछ सगे-संबंधी और बेटों के दोस्त तीन गाड़ियों से रवाना हुए। इस मामले में सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि परिवार ने जाने से पहले सूचना नहीं दी है। उन्हें कई बार कॉल किया, इसके बाद एक कर्मचारी को भी फ्लैट पर भेजा गया, जहां ताला लगा मिला।

राज एंपायर सोसायटी के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार अशोक राणा का परिवार 13वें फ्लोर पर रहता है। उनके फ्लैट के पास ही लिफ्ट है। उस लिफ्ट से व्हीलचेयर पर बैठाकर हरीश को बेसमेंट-2 में ले जाया गया। इसके बाद वही व्हीलचेयर छोड़कर निजी गाड़ी से परिवार रवाना हुआ। यहां से जाते हुए सभी की आंखें नम थीं।

पड़ोसी नरेंद्र ने बताया कि वह आठ बजे निकले और साढ़े नौ बजे तक एम्स पहुंच गए। साथ में पिता अशोक राणा, मां निर्मला देवी, छोटा बेटा आशीष, बहन भावना और उसके पति संग आशीष के दोस्त और एकाध हरीश के दोस्त भी गए। कुछ अन्य रिश्तेदार भी गए।

जुलाई 2010 में हरीश ने चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में सिविल इंजीनियरिंग में दाखिला लिया था। वर्ष 2013 में वह अंतिम वर्ष के छात्र थे। इसी दौरान अगस्त 2013 में रक्षाबंधन वाले दिन बहन से मोबाइल फोन पर बात करते हुए पीजी की चौथी मंजिल से गिर गए थे। गंभीर रूप से घायल हरीश को तुरंत पीजीआई चंडीगढ़ में भर्ती कराया गया। बाद में दिसंबर 2013 में उसे दिल्ली के एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बताया कि वह क्वाड्रिप्लेजिया से ग्रसित है।

## 1300 रुपये तक महंगी होंगी फ्लाइट की टिकटें, अकासा एयर ने बढ़ाया किराया

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** अकासा एयर ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया है, जिससे यात्रियों की जेब




पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। कंपनी ने घोषणा की है कि 15 मार्च 2026 की रात 00:01 बजे से की जाने वाली सभी नई बुकिंग्स पर प्रत्येक सेक्टर (उड़ान खंड) के लिए 199 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक का फ्यूल सरचार्ज लिया जाएगा। यह चार्ज उड़ान की दूरी और अवधि के आधार पर अलग-अलग होगा।

इस फैसले का मुख्य कारण मध्य पूर्व (वेस्ट एशिया) में जारी भू-राजनीतिक तनाव है, खासकर ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष के चलते क्रूड ऑयल की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों में भारी उछाल आया है, जो किसी भी एयरलाइन के कुल खर्च का बड़ा हिस्सा (लगभग 40%) होता है।

अकासा एयर से पहले, एयर इंडिया ने 12 मार्च से घरेलू उड़ानों पर 399 रुपये और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर डॉलर में (कुछ मामलों में 8332 रुपये तक) फ्यूल सरचार्ज शुरू कर दिया था। इंडिगो ने भी 14 मार्च से घरेलू और भारतीय उपमहाद्वीप के लिए 425 रुपये, मिडिल ईस्ट के लिए 900 रुपये, साउथ ईस्ट एशिया, चीन, अफ्रीका के लिए 1800 रुपये, और यूरोप के लिए 2300 रुपये तक का चार्ज लगाना शुरू कर दिया है।

### संत परंपरा भारत की शक्ति... कैथल में बोले सीएम योगी

## अफवाहों के जरिए अराजकता फैलाने की कोशिश

एजेंसी समाचार

कैथल/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि जो लोग जनता का विश्वास खो चुके हैं और लोकतांत्रिक मुकाबले में टिक नहीं पा रहे, वे अफवाहें फैलाकर अराजकता और अव्यवस्था का माहौल बनाने की कोशिश कर रहे हैं। समाज को ऐसे प्रयासों के खिलाफ एकजुट होकर 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के निर्माण में मजबूती से आगे बढ़ना होगा।

मुख्यमंत्री शनिवार को हरियाणा के कैथल जिले के सौंगल गांव स्थित बाबा मुकुट नाथ मठ में ब्रह्मलीन महंत पीर गणेश नाथ जी के आठमान भंडारा, देशमेल और शंखाढाल कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने पूजन-अर्चन कर संतों को श्रद्धांजलि अर्पित की और आयोजन के लिए महंत पीर शेरनाथ जी महाराज को शुभकामनाएं दीं।



कार्यक्रम के दौरान शेरनाथ जी को पीर की पदवी भी प्रदान की गई।

मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने जनता का भरोसा खो दिया है, वे अब देश की संवैधानिक संस्थाओं लोकसभा अध्यक्ष, न्यायपालिका और निर्वाचन आयोग पर सवाल उठाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि जीतने पर उपलब्धि का श्रेय लेना और हारने पर संस्थाओं को दोष देना लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

योगी ने कहा कि आजादी के बाद कई सरकारें आईं, लेकिन आस्था और सांस्कृतिक विरासत के विषय पर गंभीर पहल नहीं की गई, क्योंकि वे वोटबैंक और तुष्टिकरण की राजनीति में उलझी रहीं। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में समान विचारधारा की सरकार बनी, तभी अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण संभव हो सका।

उन्होंने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक और उत्तराखंड में केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम के विकास जैसे कार्य भी उसी सोच का परिणाम हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान भारत में नशे को बढ़ावा देकर युवाओं को कमजोर करने की साजिश कर रहा है।

समाज और संतों से आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाए, क्योंकि नशा समाज और राष्ट्र दोनों के लिए विनाशकारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संत परंपरा भारत की शक्ति रही है और संतों के सानिध्य में सनातन धर्म की ध्वजा सदैव ऊंची रहेगी।

## किसी भी कीमत पर होर्मुज को खुला रखेगा अमेरिका

### ट्रंप ने ईरान को दी सख्त चेतावनी

एजेंसी समाचार

**वॉशिंगटन।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया के कई बड़े देशों से अपील की है कि वे अपनी नौसेना के युद्धपोत भेजकर होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान इस महत्वपूर्ण समुद्री रास्ते को बाधित करने की कोशिश करता है तो अमेरिका उसकी तटरेखा पर सैन्य हमले और तेज करेगा। व्हाइट हाउस ने इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग की सुरक्षा की गारंटी के लिए 20 अरब डॉलर तक की बीमा राशि की पेशकश पर भी विचार किया है।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में लिखा- कई देश इस संकट से



प्रभावित हैं और वे अमेरिका के साथ मिलकर इस समुद्री मार्ग को खुला और सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत भेजने की तैयारी कर रहे हैं। उनके अनुसार यह रास्ता दुनिया के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि इसी रास्ते से बड़ी मात्रा में तेल और व्यापारिक सामान दुनिया भर में जाता है।

## 'बेहद जटिल स्थिति से निपट रहे, ऊर्जा सुरक्षा प्राथमिकता'

### प. एशिया संकट पर विदेश मंत्रालय के अहम अपडेट

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच शनिवार को भारत ने सुरक्षित ऊर्जा आपूर्ति और सामान के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता पर जोर दिया और कहा




है कि स्थिति बेहद जटिल है।

इस संकट पर एक अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग के दौरान विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि संघर्ष शुरू होने के बाद से भारत लगातार संवाद और तनाव कम करने की अपील करता रहा है। उन्होंने भारत की प्राथमिकताओं पर जोर देते हुए कहा कि सामान और ऊर्जा की आपूर्ति निर्बाध जारी रहनी चाहिए और नागरिक ढांचे, खासकर ऊर्जा से जुड़ी सुविधाओं पर हमले से बचना चाहिए।

प्रवक्ता ने कहा, भारत ने लगातार जोर दिया है कि माल और ऊर्जा के निर्बाध पारगमन को सुनिश्चित करना उसकी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। हमने पूरे क्षेत्र में ऊर्जा सहित नागरिक बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने से बचने का भी आह्वान किया है। हमारा मानना है कि वैश्विक समुदाय के एक बड़े हिस्से की भी यही प्राथमिकताएं हैं। जायसवाल ने कहा, संघर्ष का प्रभाव वैश्विक स्तर पर महसूस किया जा रहा है। हमने खाड़ी सहयोग परिषद के सदस्यों, ईरान, अमेरिका और इस्राइल सहित सभी पक्षों से वातार्कारों के जरिये विभिन्न राजनीतिक और राजनयिक स्तरों पर संपर्क बनाए रखा है, ताकि उनके बातचीत की जा सके और अपनी प्राथमिकताओं पर जोर दिया जा सके, खासकर ऊर्जा सुरक्षा से जुड़ी प्राथमिकता।

जायसवाल ने कहा, प्रधानमंत्री ने क्षेत्र में अपने समकक्षों से बात की है। पिछले कुछ दिनों में विदेश मंत्री और हमारे दूतावास भी अपने वातार्कारों के साथ लगातार संपर्क में रहे हैं। इस प्रक्रिया में जहाजरानी (शिपिंग) कंपनियों जैसे अन्य प्रमुख हितधारकों की चिंताओं को भी संबोधित करना पड़ा है।

पोर्ट्स, शिपिंग और जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने एक ब्रीफिंग के दौरान बताया कि इन टैंकरों के भारत पहुंचने के लिए क्रमशः मुंद्रा और कांडला बंदरगाह निर्धारित किए गए हैं।

### केंद्र सरकार का बड़ा फैसला : तत्काल प्रभाव से रद्द की सोनम वांगचुक की हिरासत, एनएसए के तहत किया गया था गिरफ्तार

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने लद्दाख के सामाजिक कार्यकर्ता और इंजीनियर सोनम वांगचुक की हिरासत को तुरंत प्रभाव से समाप्त करने का निर्णय लिया है। यह फैसला गृह मंत्रालय द्वारा स्थिति की समीक्षा के बाद लिया गया। सरकार ने अपने बयान में कहा कि लद्दाख में शांति, स्थिरता और आपसी विश्वास का माहौल बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सभी पक्षों के साथ रचनात्मक और सार्थक संवाद को आगे बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार, लेह में 24 सितंबर 2025 को उत्पन्न कानून-व्यवस्था की स्थिति के बाद जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर NÔtional Security Act (NSA) के तहत 26 सितंबर 2025 को सोनम वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। सरकार ने कहा कि वांगचुक हिरासत की अवधि का लगभग आधा समय पूरा कर चुके हैं। वर्तमान परिस्थितियों और व्यापक विचार-विमर्श के बाद उनकी हिरासत को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। बयान में यह भी कहा गया कि सरकार लद्दाख के लोगों की आकांक्षाओं और चिंताओं को दूर करने के लिए विभिन्न हितधारकों और समुदाय के नेताओं के साथ लगातार बातचीत कर रही है। सरकार ने यह भी उम्मीद जताई कि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों का समाधान संवाद और उच्च स्तरीय समिति सहित अन्य उचित मंचों के माध्यम से निकाला जाएगा। केंद्र सरकार ने दोहराया कि लद्दाख के लिए सभी आवश्यक सुरक्षा और विकासात्मक कदम उठाए जाते रहेंगे।

## स्वागत के लिए तैयार ...सुरम्य सनासर में 2 लाख से ज्यादा ट्यूलिप, पर्यटकों को करेंगे आकर्षित

एजेंसी समाचार

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के रामबन जिले के हरे-भरे घास के मैदानों के बीच स्थित खूबसूरत सनासर में दो लाख से अधिक खिले हुए ट्यूलिप पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार हैं और इस उद्यान को जल्द ही आम लोगों के लिए खोला जायेगा , जिससे नए पर्यटन सत्र की शुरूआत होगी। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद इलियास खान ने बताया कि जम्मू क्षेत्र का पहला ट्यूलिप उद्यान सनासर में विकसित किया गया है और इसमें 25 विभिन्न किस्मों के दो लाख से अधिक ट्यूलिप लगाए गए हैं, जो देशभर से आने वाले पर्यटकों को आकर्षित करेंगे।

उन्होंने कहा कि लगभग 35 कनाल भूमि पर फैले इस उद्यान में खिले ट्यूलिप का दृश्य बेहद आकर्षक और मनमोहक है। उन्होंने बताया कि पटनीटॉप विकास प्राधिकरण की ओर से सनासर में गोल्फ कोर्स भी विकसित किया जा रहा है, जिससे यहां गोल्फ गतिविधियों के साथ अन्य पर्यटन सुविधाओं को भी बढ़ावा मिलेगा और इस पर्यटन



स्थल का समग्र विकास होगा।

पटनीटॉप और सनासर को विवाह समारोह तथा फिल्म शूटिंग के लिए उपयुक्त स्थल के रूप में भी प्रचारित किया जाएगा। जिला उद्यानिकी अधिकारी विक्रांत शर्मा ने कहा कि आने वाले दिनों में पर्यटकों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है और वे सनासर पहुंचकर इस सुंदर ट्यूलिप उद्यान का आनंद ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि 25 किस्मों के दो लाख से अधिक ट्यूलिप जल्द ही पूरी तरह खिल जाएंगे और उद्यान को शीघ्र ही पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में सरकार ने जम्मू संभाग के सबसे बड़े ट्यूलिप उद्यान के विकास की योजना को स्वीकृति दी थी, जिसके तहत सनासर में इस उद्यान को विकसित किया गया है।

# महंगाई और रसोई गैस के बढ़ते दामों पर आप का प्रदर्शन, कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बढ़ती महंगाई और रसोई गैस की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारियों को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से घरेलू एलपीजी गैस के बढ़े हुए दाम वापस लेने और आम जनता को महंगाई से राहत देने की मांग उठाई गई।

प्रदर्शन के दौरान आप नेताओं ने कहा कि घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का बजट बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। रसोई का खर्च बढ़ने से आम लोगों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की ऊर्जा नीतियों और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों के कारण देश में ईंधन की कीमतों पर दबाव बढ़ा है, जिसका सीधा असर आम लोगों की रसोई पर पड़ रहा है।

पार्टी नेताओं ने कहा कि भारत में इस्तेमाल होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी गैस आयात की जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते देश तक पहुंचता है। मौजूदा वैश्विक हालात और मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के कारण ऊर्जा आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ रहा है, जिसका बोझ आम जनता को उठाना पड़ रहा है।

आप नेताओं ने यह भी आरोप लगाया कि गैस क्षेत्र में कुछ निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण कई जगहों पर गैस की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। इससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि रूस से सस्ते तेल की खरीद में कमी आने से भी ऊर्जा लागत बढ़ी है।

पार्टी ने मांग की कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के बढ़े हुए दाम तुरंत वापस लिए जाएं। साथ ही पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी नीति बनाई जाए और गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष राहत दी जाए। नेताओं ने कहा कि सरकार को महंगाई पर नियंत्रण के लिए जल्द ठोस कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# रामलीला मैदान में सजा हुनर का बाजार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्थानीय और प्रदेश की पारंपरिक हथकरघा और हस्तशिल्प को नई पहचान दिलाने के विजन के अनुरूप प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। बरेली में हार्टमेन ब्रिज के पास रामलीला मैदान में आयोजित हथकरघा बुनकर मेला इन दिनों शहरवासियों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बना हुआ है। मेले में देश के अलग-अलग राज्यों से आए बुनकर और कारीगर अपने पारंपरिक उत्पादों के साथ पहुंचे हैं। 10 मार्च से शुरू हुआ यह मेला न केवल खरीदारी का अवसर दे रहा है बल्कि लोगों को देश की समृद्ध बुनाई और हस्तशिल्प परंपरा से भी रूबरू करा रहा है। उत्तर प्रदेश हथकरघा विभाग की ओर से आयोजित इस मेले में 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां देश के अलग-अलग हिस्सों की पारंपरिक बुनाई की झलक देखने को मिल रही है। कश्मीर के गर्म शॉल और ऊनी वस्त्र, राजस्थान के रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधान, बनारस और मऊ की प्रसिद्ध साड़ियां मेले में आने वाले लोगों का खास ध्यान खींच रही हैं। शाम ढलते ही मेले में रौनक और भी बढ़ जाती है और बड़ी संख्या में लोग परिवार के साथ यहां पहुंचकर खरीदारी का आनंद लेते नजर आते हैं। लोगों का कहना है कि एक ही जगह पर देशभर की पारंपरिक बुनाई देखने और खरीदने का मौका मिल रहा है।

मेले में झांसी, मेरठ, पिलखुवा, अमरोहा और मुरादाबाद के कारीगर भी अपने उत्कृष्ट उत्पाद लेकर पहुंचे हैं। यहां बेडशीट, दरी, डोरमैट, कुशन कवर, जरी के कपड़े, ड्रेस मैटेरियल, कुर्ते और शर्ट जैसे कई उत्पाद किफायती कीमतों पर उपलब्ध हैं। खरीदारी के साथ-साथ लोग देश की पारंपरिक हथकरघा संस्कृति को करीब से देखने और समझने का अवसर भी प्राप्त कर रहे हैं। बरेली मंडल के सहायक आयुक्त हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग सर्वेश कुमार शुक्ला ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप ऐसे मेलों का उद्देश्य बुनकरों और कारीगरों को सीधा बाजार उपलब्ध कराना और उनकी कला को नई पहचान दिलाना है।

### हथकरघा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा कदम

उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजनों से जहां एक ओर बुनकरों और कारीगरों को अपने उत्पाद सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का मौका मिलता है, वहीं दूसरी ओर आम लोगों को अच्छी गुणवत्ता वाले पारंपरिक वस्त्र उचित कीमतों पर उपलब्ध हो जाते हैं। उन्होंने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुंचने और खरीदारी कर कारीगरों का उत्साह बढ़ाने की अपील की। मेले में कई स्टॉलों पर विशेष छूट भी दी जा रही है, जिससे लोगों में खरीदारी को लेकर खास उत्साह देखने को मिल रहा है।

# सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, नेपाली महिला समेत चार गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** बारादरी पुलिस ने सेक्स रैकेट का पर्दाफाश करते हुये सरगना समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से15 वर्षीय किशोरी को भी बरामद किया गया है। गिरोह नाबालिग लड़कियों को खरीदकर उन्हें शहर के कई होटलों में ग्राहकों के पास भेजता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से बिना नंबर प्लेट की स्कूटी, पीड़िता का फर्जी आधार कार्ड और तीन मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद किए हैं। मामले में बीएनएस, पॉक्सो एक्ट और अनैतिक व्यापार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पीड़िता वाराणसी के चौबेपुर क्षेत्र की रहने वाली है। जनवरी 2026 के पहले सप्ताह में घरवालों की डांट से नाराज होकर वह घर से निकल गई थी। वाराणसी रेलवे जंक्शन पर उसकी मुलाकात रिया नाम की महिला से हुई, जिसने उसे अपने पास रखा और बाद में बरेली लाकर गिरोह की सरगना बबली खान उर्फ नेहा यादव को बेच दिया। इसके बाद बबली और उसके साथियों ने किशोरी को देह व्यापार के जाल में फंसा दिया।

पुलिस जांच में सामने आया कि चनेहटी, लाल फाटक के पास रहने वाली बबली और उसकी सहयोगी जसलीन कौर सेक्स रैकेट संचालित करती थीं। गिरोह के संपर्क शहर के कई होटलों तक फैले हुए थे। पुलिस के अनुसार भू माफिया के होटल समेत चार होटलों में ग्राहकों को बुलाया जाता था। किशोरी को उनके पास भेजा जाता था। आरोपी उसे अपने घर में बंद रखते थे और बाद में स्कूटी से होटल तक पहुंचाते थे, ताकि वह भाग न सके।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह कई बार इस नरक से निकलने का प्रयास कर चुकी थी, लेकिन गिरोह के लोग लगातार निगरानी रखते थे। आरोपी उसके आसपास रहते थे और हर गतिविधि पर नजर रखते थे, जिससे वह भाग नहीं पाती थी। इस दौरान उससे लगातार शारीरिक शोषण कराया जाता रहा।

गिरोह ने पुलिस जांच से बचने के लिए पीड़िता के दस्तावेजों में भी हेरफेर किया। आरोपियों ने जन सेवा केंद्र संचालक से मिलकर आधार कार्ड में जन्मतिथि बदल दी। असली जन्म वर्ष 2011 की जगह 2007 दर्ज कराया गया, ताकि किशोरी को बालिग दिखाकर होटल में कमरा लिया जा सके और ग्राहकों के सामने पेश किया जा सके।

13 मार्च 2026 की देर रात किशोरी किसी तरह होटल से टॉयलेट जाने का बहाना बनाकर बाहर निकली और सीधे थाना बारादरी पहुंच गई। डरी-सहमी हालत में उसने पुलिस को पूरे रैकेट की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दबिश दी और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पीड़िता का बयान दर्ज कर उसे मेडिकल परीक्षण के लिए जिला महिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में 40 वर्षीय बबली पत्नी खलील खान निवासी चनेहटी थाना कैंट, 29 वर्षीय विनोद यादव पुत्र रूम सिंह निवासी कुइयांखेड़ा थाना फरीदपुर, 36 वर्षीय जसलीन कौर पत्नी स्व अमरजीत सिंह निवासी कल्लू वाला थाना अफजलगढ़ जिला बिजनौर और 34 वर्षीय दुर्गालावती पुत्री अग्नी बहादुर लावती निवासी नेपाल के याशोका जिला पांचथर कुमायत को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई के दौरान बारादरी इंस्पेक्टर धनंजय पांडे, दरोगा ब्रह्मपाल सिंह, महावीर सिंह, रितु राठी, हेड कांस्टेबल चेतन सिंह, बृजेश सिंह और गुलशन शामिल रहीं।

# कुकर फटने से चार लोग झुलसे, बच्चे की हालत नाजुक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में रसोई गैस की किल्लत अब खतरनाक हादसों की वजह बनने लगी है। कैंट क्षेत्र में गैस सिलेंडर खत्म होने के कारण मिट्टी के चूल्हे पर खाना बना रही महिला के पास अचानक कुकर फट गया। धमाके से महिला समेत चार लोग झुलस गए। इनमें एक मासूम बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को जिला अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती कराया गया है।

थाना क्षेत्र के नकटिया निवासी राम सिंह ने बताया कि शुक्रवार शाम उनकी पत्नी नन्ही देवी मिट्टी के चूल्हे पर उड़द और राजमा बना रही थीं। उस समय घर में बच्चे भी पास ही बैठे हुए थे। अचानक तेज धमाके के साथ कुकर फट गया। धमाके से आसपास अफरा-तफरी मच गई और गर्म भाप व दाल के छींटों से चार लोग झुलस गए।

हादसे में राम सिंह की पत्नी नन्ही देवी, बेटा कार्तिक, बेटी नेहा और देवांश गंभीर रूप से झुलस गए। परिवार के लोगों और आसपास के लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार छोटे बेटे कार्तिक का शरीर काफी ज्यादा झुलस गया है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

राम सिंह ने बताया कि पिछले करीब दस दिनों से इलाके में गैस सिलेंडर की किल्लत चल रही है। कई बार एजेंसी और वितरण केंद्र पर लाइन में लगने के बाद भी सिलेंडर नहीं मिला। मजबूरी में परिवार ने मिट्टी के चूल्हे पर खाना बनाना शुरू कर दिया था। इसी दौरान यह दर्दनाक हादसा हो गया। राम सिंह ने बताया कि वह मजदूरी करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं। अचानक हुए इस हादसे से पूरा परिवार सदमे में है। उन्होंने प्रशासन से गैस सिलेंडर की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कराने और पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद करने की मांग की है।

# कड़े सुरक्षा घेरे में 19 केंद्रों पर हुई दरोगा भर्ती परीक्षा

- जू ते -मोजे उतरवाकर हु ई तलाशी

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** उत्तर प्रदेश पुलिस दरोगा भर्ती परीक्षा शनिवार को जिले के 19 परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न कराई गई। पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित हुई। परीक्षा को नकलविहीन और पारदर्शी बनाने के लिए सभी केंद्रों पर सख्त निगरानी रखी गई और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।

परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की तीन स्तर पर सघन जांच की गई। केंद्र के गेट पर प्रवेश से पहले कई बार चेकिंग की गई और कई स्थानों पर अभ्यर्थियों के जूते-मोजे तक उतरवाकर तलाशी ली गई। इसके बाद बायोमेट्रिक और पहचान सत्यापन के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। जांच के दौरान रेटिना स्कैनिंग मशीन कुछ केंद्रों पर कई बार खराब भी हुई, जिससे अभ्यर्थियों को थोड़ी देर इंतजार करना पड़ा।

पहली पाली में कुल 8160 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6047 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचे, जबकि 2113 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यर्थियों ने प्रश्नपत्र को सामान्य से आसान बताया। संभल के रमन चौधरी ने कहा कि पेपर अपेक्षाकृत आसान रहा और मेरिट ऊंची जाने की संभावना है। अमरोहा के राहुल कुमार ने बताया कि प्रश्न सामान्य स्तर के थे और समय से पहले हल हो गए। वहीं बदायूं की नीरज गौतम ने भी परीक्षा को सरल बताया।

पहली पाली समाप्त होने के बाद बड़ी संख्या में अभ्यर्थी केंद्रों से बाहर निकले, जिससे शहर के कई इलाकों में ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। खासतौर पर बरेली कॉलेज चौराहे के आसपास काफी देर तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं बाहर से आए अभ्यर्थियों की भीड़ के कारण रोडवेज बसों और ट्रेनों में भी भारी भीड़ रही। रेलवे ने कई ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए, जबकि बरेली जंक्शन पर जीआरपी, आरपीएफ और सिविल पुलिस को तैनात कर भीड़ को नियंत्रित किया गया।

# 34 साल से कायम है बादशाहत, फूल वाली कोठी नंबर वन

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर के ऐतिहासिक बरेली क्लब में शुरू हुई पुष्प प्रदर्शनी के बीच शुक्रवार को एक खास बगीचे ने सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया। निर्णायक समिति की टीम ने मशहूर फूल वाली कोठी का निरीक्षण किया, जहां प्रकृति की गोद में सजा दिल के आकार का अनोखा बगीचा वर्षों से लोगों को आकर्षित कर रहा है। सौ साल पुराने पेड़ों, लहलहाते फूलों और दुर्लभ पौधों से सजे इस बगीचे की खूबसूरती ऐसी है कि यहां बॉलीवुड फिल्मों की शूटिंग तक हो चुकी है।

निरीक्षण के दौरान समिति की सदस्यों सुभाश्री सागरिका साहू, रेनू सिंह, सन्नी चावला, परणिता निझावन और श्री राम गुप्ता ने फूल वाली कोठी के बगीचे का अवलोकन किया। यहां का मुख्य आकर्षण दिल के आकार में विकसित लैंडस्केप गार्डन है, जिसके चारों ओर कटहल, लीची और बोगनवेलिया के घने पौधे लगे हैं। बगीचे में मौजूद कई फूलों के पेड़ लगभग 100 वर्ष पुराने बताए जाते हैं, जिनकी हरियाली पूरे परिसर को खास पहचान देती है।

प्रेमनगर में स्थित कोठी के मालिक रजत खंडेलवाल ने बताया कि अनोखी हरियाली और प्राकृतिक सौंदर्य के कारण यह स्थान फिल्म निर्माताओं के लिए भी आकर्षण का केंद्र बन चुका है। कुछ वर्ष पहले यहां फिल्म अलीगढ़ की शूटिंग हुई थी, जिसमें अभिनेता राजकुमार राव और मनोज बाजपेयी शामिल थे। इसके अलावा पिछले वर्ष अक्टूबर महीने में कप्तान फिल्म के कुछ दृश्य भी इसी बगीचे में फिल्माए गए थे।

फूल वाली कोठी का बगीचा केवल सुंदरता ही नहीं, बल्कि दुर्लभ पौधों के संग्रह के लिए भी जाना जाता है। यहां हरियाली, रंग-बिरंगे फूलों और शांत वातावरण के बीच आने वालों को प्रकृति के बेहद करीब होने का अनुभव मिलता है। इसी कारण यह स्थान बागवानी प्रेमियों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए खास महत्व रखता है। बरेली क्लब की पुष्प प्रदर्शनी में इस बगीचे का दबदबा लगातार कायम है। पिछले 34 वर्षों से फूल वाली कोठी को सर्वश्रेष्ठ बगीचे का पुरस्कार मिल रहा है। समिति के सदस्यों ने भी निरीक्षण के दौरान बगीचे की सुंदरता, संरचना और हरियाली की सराहना की और इसे शहर की बागवानी संस्कृति का शानदार उदाहरण बताया।

# बुकिंग ठप, एजेंसियों पर लंबी कतारें, हेल्पलाइन नंबर भी बंद

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** शहर में घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की किल्लत ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कई गैस एजेंसियों पर बुकिंग नहीं हो पा रही है और जिन लोगों ने फोन या ऑनलाइन बुकिंग कराई है, उन्हें भी तीन-चार दिन बाद तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं मिल रही। मजबूर होकर उपभोक्ता एजेंसियों के चक्कर लगा रहे हैं और लंबी कतारों में धक्के खा रहे हैं। हालात यह हैं कि शिकायत दर्ज कराने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय की ओर से जारी हेल्पलाइन नंबर भी कई बार मिलाने पर बंद मिल रहा है, जिससे लोगों की नाराजगी और बढ़ गई है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ एजेंसियों में पुराने कनेक्शन नंबरों से फर्जी बुकिंग दिखाकर सिलेंडर स्टॉक किए जा रहे हैं और बाद में इन्हें ज्यादा कीमत पर बेचा जा रहा है। वहीं एजेंसी संचालक अचानक बढ़ी बुकिंग और सीमित आपूर्ति का हवाला देकर समय पर डिलीवरी न होने की बात कह रहे हैं।

गैस एजेंसियों की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए जिला पूर्ति कार्यालय ने एलपीजी गैस की आपूर्ति, डिलीवरी में देरी और तय कीमत से अधिक वसूली की शिकायतों के मद्देनजर हेल्पलाइन नंबर 9456667774 जारी किया था। इस नंबर पर उपभोक्ताओं को बुकिंग, डिलीवरी में देरी, आपूर्ति में समस्या या अधिक कीमत वसूली से जुड़ी शिकायत दर्ज कराने की सुविधा दी गई थी। लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि यह हेल्पलाइन नंबर कई बार मिलाने के बाद भी बंद मिलता है या कॉल रिसीव नहीं होती। ऐसे में लोगों के सामने सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो गया है कि जब शिकायत के लिए जारी नंबर ही काम नहीं कर रहा, तो गैस एजेंसियों की मनमानी की शिकायत आखिर कहां और कैसे करें।

शहर के विभिन्न इलाकों में संचालित गैस एजेंसियों पर इन दिनों रोजाना बड़ी संख्या में उपभोक्ता बुकिंग कराने पहुंच रहे हैं। कई लोगों का कहना है कि ऑनलाइन या फोन से बुकिंग नहीं हो पा रही है, जबकि कुछ जगहों पर हेल्पलाइन नंबर भी बंद बताए जा रहे हैं। ऐसे में लोग सीधे एजेंसी पहुंचने को मजबूर हैं, जहां उन्हें लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का आरोप है कि कुछ एजेंसी संचालक पुराने उपभोक्ताओं के कनेक्शन नंबर से खुद ही बुकिंग दिखाकर सिलिंडर स्टॉक कर रहे हैं। इसके बाद इन्हें जरूरतमंद लोगों को दोगुनी कीमत पर बेचने की कोशिश की जा रही है। जब वास्तविक उपभोक्ता अपने नंबर से बुकिंग कराने पहुंचते हैं तो उन्हें बताया जाता है कि उनके नंबर से पहले ही बुकिंग और डिलीवरी हो चुकी है।

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उन्होंने फोन से बुकिंग करा दी थी, लेकिन तीन से चार दिन बीतने के बाद भी सिलिंडर घर नहीं पहुंचा। इस वजह से लोगों को खाना बनाने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ने से कई जगह बहस और नाराजगी के हालात भी बन रहे हैं। वहीं गैस एजेंसी संचालकों का कहना है कि अचानक बुकिंग की संख्या काफी बढ़ गई है, जबकि सप्लाई और डिलीवरी स्टाफ सीमित है। इसी वजह से तय समय पर सिलिंडर पहुंचाने में परेशानी हो रही है। उनका कहना है कि जैसे ही पर्याप्त आपूर्ति मिलेगी, सभी लंबित बुकिंग की डिलीवरी जल्द कर दी जाएगी।

# उमरा से लौटे काजी–ए–हिंदुस्तान आज बरेली में होगा इस्तकबाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में कथित हिरासत को लेकर सोशल मीडिया पर फैली चर्चाओं के बीच काज़ी-ए-हिंदुस्तान उमरा की इबादत अदा कर सकुशल भारत लौट आए हैं। शनिवार सुबह करीब पांच बजे उनकी फ्लाइट जेद्दा एयरपोर्ट से रवाना होकर मुंबई एयरपोर्ट पहुंची।

यहां बड़ी संख्या में मौजूद अकीदतमंदों और चाहने वालों ने फूलों से उनका गर्मजोशी के साथ इस्तकबाल किया। एयरपोर्ट से बाहर निकलते ही उनके समर्थकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान उनके स्वागत के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गए, जिनमें लोग उन्हें घेरकर स्वागत करते नजर आ रहे हैं। जमात रज़ा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फ़रमान हसन ख़ान उर्फ फ़रमान मियां ने बताया कि काज़ ी-ए-हिंदुस्तान आज बरेली पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर शहर में अकीदतमंदों और मुरीदीन के बीच खासा उत्साह है। विभिन्न धार्मिक संगठनों और समर्थकों की ओर से उनके इस्तकबाल की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि बड़ी संख्या में लोग उनके स्वागत के लिए पहुंचेंगे।

दरअसल, पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर यह खबर तेजी से वायरल हो रही थी कि रियाद में रोजा इफ्तार के दौरान काज़ी-ए-हिंदुस्तान को हिरासत में ले लिया गया है। इस खबर के सामने आने के बाद उनके चाहने वालों के बीच चिंता और बेचैनी का माहौल बन गया था। हालांकि उसी समय उनके दामाद फ़रमान हसन ख़ान ने इन खबरों का खंडन करते हुए कहा था कि हिरासत की खबर पूरी तरह बेबुनियाद और अफवाह है।

फरमान मियां के अनुसार पश्चिम एशिया में मौजूदा सुरक्षा हालात को देखते हुए वहां की एजेंसियां किसी भी बड़ी भीड़ या धार्मिक कार्यक्रम के दौरान अतिरिक्त सतर्कता बरतती हैं। इसी वजह से अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर सामान्य सुरक्षा जांच की थी। लेकिन कुछ लोगों ने इस रूटीन चेकिंग को गलत तरीके से पेश करते हुए हिरासत की अफवाह फैला दी।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
• MSME ₹ 499 • NGO Registration ₹12999
• 12 A ₹4999 • Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
• 80G ₹4999 • E- Anudan ₹999
• Trade Mark ₹7999 • Private Company Registration ₹11999
अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

### आवश्यकता

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

### एक नजर

## सेवानिवृत्त प्रिंसिपल की पत्नी का हृदय गति रुकने से निधन



**शाहबाद।** मोहल्ला कानूनगोयान निवासी सेवानिवृत्त प्रिंसिपल ख्याली राम शर्मा की पत्नी 65 वर्षीया लीलावती का हार्ट अटैक से निधन हो गया। परिवार में तीन बेटे एवं दो बेटियां हैं। सभी बच्चों की शादियां अच्छे घरों में करने के पश्चात वह अपनी बहूओं द्वारा की जा रही सेवा के मध्य अपना जीवन यापन कर रही थीं। कुछ माह पूर्व उनके एक कूल्हे का ऑपरेशन हुआ था, वहीं उससे पूर्व दूसरे कूल्हे का भी ऑपरेशन हो चुका था। परंतु शुक्रवार की रात लगभग 2 बजे उन्हें हार्ट अटैक आया और उनकी जीवन लीला समाप्त हो गई। शनिवार की दोपहर 2 बजे रामगंगा के ढकुरिया घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# युवक की हत्या का आरोप लगाकर परिजनों ने किया जमकर हंगामा

### टांडा थाना क्षेत्र का मामला, पुलिस ने परिजनों को समझाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** स्कूल के आगे युवक का शव मिलने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार दोपहर बाद शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों ने चौकी के आगे शव को रखकर हंगामा किया। उसके बाद पुलिस आ गई। किसी तरह से मामले को शांत कराया। परिजन आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। इस दौरान अफरा-तफरी का माहौल बना रहा था।



मृतक का फाइल फोटो।



शव को लेकर जाते परिजन। -जागरण मोर्चा

शुक्रवार रात को पुलिस को सूचना मिली कि लालपुर सैदनगर रोड पर सुक्खन सिंह स्कूल के आगे शव पड़ा हुआ है। बाइक साइड में खड़ी है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस भी आ गई। उसके बाद शव को कब्जे में लिया।इसी बीच गांव के लोग भी मौके पर पहुंच गए थे। युवक की पहचान अहमदाबाद निवासी 30 वर्षीय कलुआ के रूप में हुई। परिजन बेटे के शव को देखकर रोना पीटना मचा दिया। परिजनों ने बताया कि उसके गले पर चोट के कई निशान हैं। कोई कपड़ा फटा हुआ नहीं है। मृतक कलुआ सैदनगर में सिलाई की दुकान पर कपड़े सिलता था। उसकी खुद की दुकान थी। परिजन चौकी पहुंच गए थे, मृतक ने अपने पीछे दो बच्चे छोड़े है।

युवक की नसीमगंज की ससुराल थी। शनिवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। उसके बाद परिजनों ने शव को सैदनगर चौकी के सामने रखकर जाम लगा दिया। जिसके बाद मौके पर जाम लग गया। बाद में पुलिस आ गई। किसी तरह से मामले को शांत कराया। परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की बात कह रहे हैं। टांडा प्रभारी संदीप मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।


## प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में असामाजिक तत्वों ने की तोड़फोड़, अभिलेख भी जलाए

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकासखंड चमरौआ के खजुरिया ग्राम स्थित प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में शुक्रवार रात में असामाजिक तत्वों द्वारा जमकर तोड़फोड़ की। विद्यालय अभिलेखों आदि को आग के हवाले कर दिया।

शनिवार सुबह विद्यालय का स्टाफ जब विद्यालय पहुंचा तो देखा कि कक्षा 3 एवं 4 (संयुक्त कक्षा) के दरवाजे का ताला व कुंडा टूटा हुआ पड़ा था। प्रधानाध्यापक द्वारा इसकी जानकारी ग्राम प्रधान, एस एम सी अध्यक्ष एवं अन्य ग्रामीणों को दी गई तो सभी लोग विद्यालय पहुंचे।

कक्षा के अंदर जब ग्राम प्रधान, समस्त स्टाफ, अभिभावकों एवं ग्रामीणों आदि के साथ प्रवेश किया तो देखा कि कक्षा में लगे टीएलएम, फ्लेक्स, रजिस्टर आदि जले हुए एवं फटे हुए पड़े थे। प्रधानाध्यापक ने ग्राम प्रधान गंगाशरण सैनी की उपस्थिति में 112 टोल फ्री नंबर पर कॉल कर सूचना दी। सूचना पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उसके बाद ग्राम प्रधान ने शहजाद नगर थाना प्रभारी को फोन के माध्यम से सूचना दी। हलका इंचार्ज दरोगा राजेश कुमार अपनी पूरी टीम के साथ विद्यालय पहुंचे और देखा कि कक्षा में कुछ असामाजिक लोगों द्वारा विद्यालय अभिलेख सहित टी एल एम आदि जलाया गया था। टीम ने काफी छानबीन की और मौजूद लोगों से पूछताछ भी की। प्रधानाध्यापक प्रसन्न प्रकाश ने अपने दो-तीन शिक्षक साथियों के साथ थाना प्रभारी शहजाद नगर कुलदीप राणा को लिखित में सूचना दी। आग्रह किया कि इस कृत्य की छानबीन कराते हुए असामाजिक लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी ने आश्वस्त किया कि छानबीन करने पर जो भी इस घटना में लिप्त पाया जाएगा। उसे कड़ी से कड़ी सजा दिलवाई जाएगी। तहरीर देने वालों में ग्राम प्रधान गंगाशरण सैनी, अशोक रावत, नरेंद्र कुमार सैनी, अनिकेत प्रकाश सक्सेना आदि शिक्षक साथी उपस्थित रहे।



घटना के दौरान जलाए गए अभिलेख। -जागरण मोर्चा

## शिक्षकों ने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजी चिट्ठी टीईटी के विरोध में चलाया जा रहा पोस्टकार्ड अभियान

जागरण मोर्चा कार्यालय

रामपुर। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर बेसिक शिक्षकों ने टीईटी थोपे जाने के विरोध में शनिवार को पोस्टकार्ड अभियान चलाया। इसके अंतर्गत बड़ी संख्या में शिक्षकों ने अपनी मांगों से संबंधित पोस्टकार्ड लिखकर डाकघर के लेटर बॉक्स में डाले।

ज्ञात हो कि 1 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट द्वारा सभी कार्यरत शिक्षकों को दो वर्ष के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने का आदेश दिया गया है। शिक्षकों का कहना है कि यह आदेश केंद्र सरकार द्वारा अक्टूबर 2017 में बनाए गए एक ऐसे नियम के आधार पर दिया गया है, जिसे उस समय सार्वजनिक नहीं किया गया था।शिक्षकों का कहना है कि जिस समय उनकी नियुक्ति हुई थी, उसी समय के नियम उनके ऊपर लागू होने चाहिए। केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रभाव (बैक डेट) से नियम लागू करना शिक्षकों के साथ अन्याय है। इसी के विरोध में शिक्षकों ने चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया है।आंदोलन के प्रथम चरण में 15 मार्च तक राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्य न्यायाधीश तथा मुख्यमंत्री को शिक्षकों की ओर से ई-मेल और पोस्टकार्ड के माध्यम से पत्र भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को बड़ी संख्या में शिक्षकों ने पोस्टकार्ड लिखकर उन्हें डाकघर के लेटर बॉक्स में डाला।महासंघ के सह संयोजक डॉ. अहसान खान ने बताया कि रविवार को अभियान के प्रथम चरण का अंतिम दिन है। इस दिन बड़ी संख्या में ई-मेल भेजकर विरोध दर्ज कराया जाएगा।




स्कूल में पोस्टकार्ड दिखाते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

## पीपली वन में अवैध कटान जोरों पर, डीएम से जांच की मांग

**जागरण मोर्चा कार्यालय, मसवासीः** पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक अहमद जान ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर शिकायत की है कि पीपली वन क्षेत्र में वन को संरक्षित करने के बजाय उजाड़ने में लगे हुए हैं। उन्होंने जिलाधिकारी से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीपली वन बचाओ एक्शन कमेटी के संयोजक अहमद जान ने शिकायत में कहा है कि खाली पड़े वन क्षेत्र में पौधारोपण भी नहीं किया जा रहा है।इमारती लकड़ी को अवैध रूप से काटा जा रहा है। जिससे वन संपदा समाप्ति की ओर है। इसमें कई विभाग के कर्मचारियों की भूमिका संदिग्ध है। इस मामले में वन विभाग के पहले अफसर से शिकायत भी की जा चुकी है,लेकिन शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया है।

## जेसीबी चालक को आत्महत्या के लिए उकसाने में पत्नी और सास समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

### गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे से लटका मिला था चालक का शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जेसीबी चालक को आत्महत्या उकसाने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस ने पत्नी सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चालक के भाई ने ससुरालियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मृतक की पत्नी सास समेत तीन को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों का चालान कर दिया गया है।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के ग्राम चमरपुरा निवासी देवेंद्र जेसीबी संचालक था। सिविल लाइंस के बाबा दीप सिंह नगर में उसका कार्यालय था। वह अक्सर यहीं पर रहता था। गुरुवार देर रात वह घर आया था। बाद में संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी में लटक गया था। शुक्रवार की सुबह जब पड़ोसियों ने खिड़की से देखा तो उसका शव लटक रहा था। जिस पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ परिजनों को सूचना दी तो कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन भी मौके पर आ गए थे। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला था। जिसमें उसने अपनी मर्जी से जान से देने की बात कही थी।

हालांकि जिला अस्पताल में देवेंद्र के परिजनों ने उसकी पत्नी व ससुरालियों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाना शुरू कर दिया था। मृतक के भाई मोहनलाल का कहना था कि उसका विवाह मूंढापांडे थाना क्षेत्र के खबाड़िया निवासी दुर्गेश के साथ हुआ था। अपने मायके वालों के कहने पर दुर्गेश का व्यवहार देवेंद्र के प्रति ठीक नहीं था। आए दिन झगड़ा करके मायके चली जाती।

देवेंद्र उसे ले जाता तो कई बार ससुरालियों ने उसके साथ मारपीट भी की। पुलिस ने आत्महत्या उकसाने के मामले में मृतक के भाई मोहनलाल की तहरीर के आधार पर मृतक की पत्नी दुर्गेश, सास पुरनिया, राशिद को गिरफ्तार कर लिया है। जहां से कार्रवाई से तीनों को कोर्ट में पेश कर दिया है।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। -जागरण मोर्चा

## बसपाई नोएडा में मनाएंगे कांशीराम जयंती



जिलाध्यक्ष के आवास पर आयोजित समीक्षा में बोलते मुख्य अतिथि।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** बहुजन समाज पार्टी की समीक्षा बैठक जिलाध्यक्ष के आवास पर हुई। मुख्य अतिथि मुरादाबाद मंडल जोन प्रभारी देवेंद्र भारती, हरद्वारीलाल सागर, शांति प्रसाद सागर, ज्ञान प्रकाश बौद्ध रहे। मुख्य अतिथि ने बहुजन समाज पार्टी की सभी विधानसभा की समीक्षा की। साथ ही देवेंद्र भारती ने कहा कि पार्टी संगठन की जमीनी तैयारियों, कांशीराम जयंती को भव्य रूप से नोएडा में मनाएंगे। आगे के लिए जरूरी निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बसपा के हबीबुल रहमान, नवनीत यदुवंशी, दर्पण गौतम, अखिलेश गुप्ता, जागेश शरण, सरजू भास्कर, सुशील सागर, राकेश सागर, चमरौआ सैंकी सागर, रूपकिशोर सैनी, गौरव चौधरी आदि मौजूद रहे।

इम्तिहान | जनपद में 11 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा

## पहले दिन 1607 परीक्षार्थियों ने छोड़ी दरोगा भर्ती परीक्षा



परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करते डीएम और एसपी। -जागरण मोर्चा



दरोगा की परीक्षा देकर आकर अभ्यर्थी। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** यूपी पुलिस की दरोगा भर्ती प्रवेश परीक्षा शनिवार को 11 केंद्रों पर हुई। परीक्षा में 10500 परीक्षार्थी पंजीकृत है। पहली पाली में 2640 के सापेक्ष 1781 ने परीक्षा दी। यानि 859 गैरहाजिर, दूसरी पाली में 2640 के सापेक्ष 1892 ने परीक्षा दी। कुल 748 गैरहाजिर रहे। दोनों पालियों में 1607 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

पहली पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे, दूसरी पाली तीन बजे से शुरू होकर शाम पांच बजे तक आरंभ रही। परीक्षा राजकीय रजा इंटर कॉलेज, राजकीय मुर्तजा इंटर कॉलेज, राजकीय जुल्फिकार कन्या इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज काशीपुर, राजकीय इंटर कॉलेज सैजनी नानकार, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राजकीय मॉडल इंटर कालेज ककरौआ, राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कॉलेज, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय और राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा केंद्रों का डीआईजी मुनिराज, जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह, सीओ सिटी जितेंद्र कुमार समेत अन्य पुलिस कर्मियों ने परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया। अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग ने बताया कि जनपद में दरोगा भर्ती की परीक्षा स्टेटिक, सेक्टर मजिस्ट्रेट की देखरेख में हुई। परीक्षा 14, 15 मार्च तक आरंभ रहेगी। शनिवार को परीक्षा जिले में शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो गई है। दोनों पालियों में 1607 परीक्षा अनुपस्थित रहे।

## कंपोजिट विद्यालय हरदासपुर में मनाया वार्षिकोत्सव



छात्रा को पुरस्कृत करते अरुण कुमार सिंह। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** विकासखंड चमरौआ के कंपोजिट विद्यालय गुरदासपुर में कक्षा-8 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का विदाई समारोह, वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद उत्सव का आयोजन किया।एआरपी अरुण कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। बालिकाओं द्वारा राधा कृष्ण के रूप में सुंदर नृत्य तथा लोक नृत्य प्रस्तुत किया। ईको क्लब के सदस्यों ने भी विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया। इसके अतिरिक्त पूरे शैक्षिक सत्र में विद्यालय में समय से तथा नियमित रूप से यूनिफॉर्म में उपस्थित रहने वाले अनुशासित विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ए आर पी अरुण कुमार सिंह, रेखा कश्यप, भारती सिंह, कमलेश शर्मा, प्रिया शर्मा, देवेंद्र सिंह आर्य एवं बहुत से अभिभावक भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 96526 मामलों का हुआ निस्तारण

## जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा ने दीप जलाकर किया राष्ट्रीय लोक अदालत का आरंभ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को प्रातः 10:30 बजे जनपद न्यायाधीश, भानु देव शर्मा, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। आयोजन में न्यायिक अधिकारी अशोक कुमार यादव, अरविन्द कुमार, अजय कुमार दीक्षित के अलावा अन्य न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार ने 89 वादों का निस्तारण किया।


राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ करते जनपद न्यायधीश। -जागरण मोर्चा


दंपति के साथ मौजूद जिला जज एवं न्यायिक अधिकारी। -जागरण मोर्चा

पीठासीन अधिकारी, मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल अशोक कुमार यादव द्वारा 41 मोटर एक्सीडेंट के वादों का निस्तारण कर मृतकों,घायलों के आश्रितों को 3,71,33000 रुपये दिलाए।प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय कुमार दीक्षित ने 2 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 500 रुपये प्राप्त किए।अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष संख्या-2 डॉ. विजय कुमार द्वारा 1 वाद का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 1000 प्राप्त किए। विशेष न्यायाधीश (एसीएसटीएक्ट) छवि अस्थाना ने 6 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 2300 प्राप्त किए

विशेष न्यायाधीश (ईसीएक्ट) इंद्र प्रकाश द्वारा 822 वादों का निस्तारण किया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष संख्या 3 अशोक कुमार सिंह के द्वारा 2 वाद का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 1500 रुपये प्राप्त किए। कैलाश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, न्यायालय कक्ष संख्या 4 द्वारा 1 वाद का निस्तारण किया। सुमिता, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 3385 वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में रुपये 615450 प्राप्त किए।अमरीश त्रिपाठी, सिविल जज (प्रवर वर्ग) द्वारा 33 सिविल के वादों का निस्तारण किया। अमरीष कुमार श्रीवास्तव, प्रथम अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वारा 800 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर 72270 रुपये अर्थदंड के रूप में प्राप्त किए। एवं 2 एनआई एक्ट के वादों का निस्तारण किया। शोभित बंसल, अपर सिविल जज (प्रवर वर्ग)- प्रथम,अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 312 फौजदारी के वादों का निस्तारण कर अर्थदंड के रूप में 3100 प्राप्त किए। 2 एनआई एक्ट के वादों का निस्तारण किया। संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तृतीय द्वारा 2 एनआई एक्ट का वाद निस्तारण किया। 130000-00, 700 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। प्रज्ञा पाराशर, सिविल जज (अवर वर्ग) द्वारा 23 सिविल के वादों का निस्तारण किया।प्रवीण कुमार सिंह, न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय स्वार द्वारा 231 वादों का निस्तारण किया। रणंजय सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट 457 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। प्रियंका सरन, सिविल जज (अवर वर्ग), त्वरित न्यायालय द्वारा 216 वादों का निस्तारण किया। सतीश कुमार वर्मा, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट, द्वारा 20 फौजदारी के वादों का निस्तारण किया। कलेक्ट्रेट न्यायालयों,कैनाल मजिस्ट्रेट, बाट माप विभाग, आबकारी विभाग, एआरटीओ, श्रम विभाग, नगर पालिका, विद्युत विभाग, उपभोक्ता फोरम, कृषि विभाग,जिला पंचायत विभाग, जिला पूर्ति विभाग,जिला समाज कल्याण विभाग, महिला कल्याण विभाग, चिकित्सा विभाग,नगर निकाय, जिला ग्रामोद्योग, एवं पुलिस विभाग अन्य विभागों के विभिन्न प्रकार के 88202 मामलों एवं 11 पारिवारिक प्री-लिटिगेशन वाद एवं दीवानी न्यायालयों में 7161 वादों का निस्तारण किया। सभी बैंकों एवं फाइनेंस कंपनियों ऋण वसूली के प्री-लिटिगेशन स्तर रे कुल 802 वादों का निस्तारण कर 111718141 का समझौता हुआ। इस प्रकार कुल 96526 मामलों का निस्तारण किया गया।

### 10 जोड़े पुनः एक साथ रहने को हुए राजी

**रामपुर :** शनिवार को जिला जजी परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया। जिसमें अरविंद कुमार, प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में 18 वैवाहिक मामलों,125 सीआरपीसी व अन्य धारा के 71 मामलों का निपटारा किया। जिसमें जोड़ों का आपसी सुलह समझौते के आधार पर उनके मामलों का निस्तारण कराया।10 ऐसे केस भी सामने आये जिनमें शादिया लगभग टूटने की कगार पर थी। परन्तु प्रधान न्यायाधीश अरविंद कुमार के अथक प्रयासों से 10 जोड़े पुन : एक साथ रहने को राजी हो गए। शादी के कुछ दिन तो इनका जीवन ठीक शादी के कुछ दिन तो इनका जीवन ठीक-ठाक चला, लेकिन कुछ समय बाद गलतफहमी के चलते सभी अलग-अलग हो गए।नोबत तलाक तक आ गई,तलाक लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल की। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने जोड़ों को साथ बैठाकर बातचीत कराई। प्रधान न्यायधीश के बहुत समझाने पर जोड़े साथ रहने के लिए तैयार हो गए। जिन्हे जनपद न्यायाधीश भानु देव शर्मा एवं अन्य न्यायिक अधिकारी की उपस्थिति में जोड़ो द्वारा एक दूसरे को फूल-माला पहना कर राजीनामा कराया।

### एक नजर

#### राजमिस्त्री के घर से हजारों की नकदी चोरी

**दढ़ियाल :** नगर के एक मोहल्ले से एक घर और परचून की दुकान से चोरी का मामला सामने आया है। चोरों ने खुर्शीद नामक व्यक्ति के घर से नकदी और दुकान से पैसे चुरा लिए। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस को तहरीर दी है। खुर्शीद ने अपनी शिकायत में बताया कि चोर उनके घर में किवाड़ खोलकर घुसा। चोर ने कुर्सी पर रखे उनके पजामे की जेब से 4500 रुपये निकाल लिए। इसके बाद, चोर ने परचून की दुकान में घुसकर गल्ला खोला और लगभग 1800 रुपये चुरा लिए। कुल मिलाकर 6300 रुपये की चोरी हुई है।खुर्शीद ने समझा की उसकी पत्नी किसी को दुकान से सामान देते हुए समझा, लेकिन जब दरवाजा बंद करने की आवाज आई, तो उसने बाहर निकलकर देखा। एक लड़का वहां से भागता हुआ दिखाई दिया। भांजे ने शोर मचाते हुए उसका पीछा किया, लेकिन वह शब्बू खां के मकान के आगे गलियों में भाग गया। खुर्शीद के अनुसार, उनका भांजा चोर को पहचान लेगा। खुर्शीद ने यह भी आरोप लगाया है कि लगभग 15 दिन पहले भी उनके घर में चोरी हुई थी। खुर्शीद ने पुलिस को तहरीर देकर मामले में तत्काल कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# छात्र-छात्राओं यातायात के नियमों की दी गई जानकारी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**स्वार:** विद्या भारती के विद्यालय जन शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित ग्रामीण शिक्षा अंतर्गत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में वंदना सभा के पश्चात प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने शासन के निर्देशों के अनुसार सड़क चौड़ीकरण होने के कारण सड़क के दोनों तरफ गहरे गड्ढे खोदे हुए हैं। इसलिए सड़क पर यातायात के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी है.।



छात्र छात्राओं को जानकारी देते शिक्षक। -जागरण मोर्चा

सावधानी हटी दुर्घटना घटी दुर्घटना से देर भली जीवन अनमोल है। इसे सहेज कर चलो तेज गति से वाहन न चलाएं। यातायात के नियमों का पालन करें। बाइक चलाते समय हेलमेट अवश्य लगे, कार चलते समय सीट बेल्ट जरूर लगाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी भैया बहनों एवं आचार्य को सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के लिए शपथ दिलाई। कार्यक्रम में नरोत्तम मोर्य, ब्रजकिशोर, उमेश कुमार, संजय सिंह, गौरव कुमार, नीरज सिंह, अनिल कुमार, दिलीप कुमार, विजेंद्र सिंह, एवं बालिका शिक्षा प्रमुख राधा शर्मा, सुनीता मौर्य, पूजा टैगोर आदि मौजूद रहें।


शाहबाद थाने पर लोगों की जनसमस्याएं सुनते कोतवाल प्रदीप कुमार।

# प्रभारी निरीक्षक ने शाहबाद थाने पर सुनी लोगों की फरियाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद कोतवाली पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए कोतवाल प्रदीप कुमार ने लोगों की जनसमस्याओं को सुना।

जनसुनवाई के दौरान कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान थाना समाधान दिवस में कुल 2 शिकायती पत्र आए जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया जबकि बची हुई शिकायत को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान हेड मोहर्रिर दिलशाद खां समेत राजस्व निरीक्षक और लेखपाल मौजूद रहे।

# आप कार्यकर्ताओं ने उपले जलाकर बनाई रोटी

## गैस की बढ़ती कीमतों के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आप कार्यकर्ताओं ने उपले जलाकर रोटी बनाकर विरोध जताया। साथ ही नाले के पानी से गैस का चूल्हा जलाने का प्रयास किया। बढ़ती महंगाई के खिलाफ आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक आम जनता की आवाज उठाती रहेगी।

प्रदेश प्रवक्ता फैसल खां लाला, ज़िला अध्यक्ष अंसार अहमद के नेतृत्व में आप कार्यकर्ता एकत्र हुए। देश में बढ़ती महंगाई और गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। एक तरफ आप की महिला कार्यकर्ताओं ने चूल्हे में उपले जलाकर रोटी पकाई। बरेली गेट स्थित नाले में पाइप डालकर गैस का चूल्हा जलाने का प्रयास किया। प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने कहा कि वर्तमान समय में देश की जनता लगातार बढ़ती महंगाई से गंभीर रूप से परेशान है। यह महंगाई केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों का परिणाम है। जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। इस मौके पर अंसार अहमद, यासीन उर्फ गुड्डु खां, सरफराज़ गुडडू, आरिफ सिकंदर राजू, मोहम्मद आसिफ, वकील अहमद, मोहम्मद तारिक, शारिक परवेज़, मोहम्मद वकील, आदि मौजूद रहे।


बरेली गेट स्थित चूल्हा जलाते प्रदेश प्रवक्ता व अन्य। -जागरण मोर्चा

# भाकियू टिकैत की पंचायत में उठा आवारा पशुओं का मुद्दा


शाहबाद के गेस्ट हाउस में पंचायत करते भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** शनिवार को शाहबाद के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं की पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत की अध्यक्षता भाकियू टिकैत के युवा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव और ब्लॉक अध्यक्ष खुशीराम यादव ने की। किसानों की पंचायत में क्षेत्र भर के किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई।

इस दौरान क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा पशुओं और बंदरों को पकड़वाने की मांग की गई वह जिले में गेहूं खरीद केंद्रों की संख्या बढ़ाए जाने की मांग भी की गई। पंचायत में प्रमुख सचिव चौधरी सुनील कुमार, तहसील अध्यक्ष चौधरी सुंदर सिंह, युवा ब्लॉक अध्यक्ष राजवीर सिंह, युवा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र यादव, युवा जिला सचिव विकास यादव, गुफरान सिंह, लालाराम यादव, किशनलाल दिवाकर, शंकर सिंह लोधी, प्रेम सिंह सागर, नवल किशोर, बन्नू सिंह, सोनू यादव, पूर्व प्रधान महेंद्र सिंह, रामपाल सिंह, मोनू सिंह, राहुल आदि रहे।

# बेबस महिला की मदद को आगे आई रक्तदान टीम धमोरा

## तीन मरीजों को मिला नया जीवन, रक्त मिलने के बाद आंखों में आई राहत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में मानवता की मिसाल देखने को मिली। रक्तदान टीम धमोरा के सदस्यों ने न सिर्फ दो जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान किया, बल्कि एक बेबस महिला की पुकार सुनकर उसके पति की जान बचाने के लिए भी तुरंत मदद का हाथ बढ़ाया।

जानकारी के अनुसार, रक्तदान टीम धमोरा के विकल श्रीवास्तव अपने साथियों के साथ ब्लड बैंक में दो मरीजों को रक्तदान कर बाहर निकले ही थे कि उन्होंने एक महिला को रोते हुए देखा। पूछताछ करने पर पता चला कि उसके पति को तत्काल रक्त की आवश्यकता है और मदद के लिए कोई आगे नहीं आ रहा था।विकल श्रीवास्तव ने बताया कि महिला की परेशानी सुनते ही उनकी टीम के सदस्य रवि ने तुरंत रक्तदान करने का फैसला लिया और ब्लड बैंक में रक्तदान कर मरीज की मदद की।


रक्तदान करते युवक। -जागरण मोर्चा

रक्त मिलने के बाद महिला की आंखों में आई राहत और उम्मीद देखकर टीम के सदस्य भावुक हो गए। विकल श्रीवास्तव ने कहा कि उनकी टीम दिन-रात जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए तैयार रहती है, लेकिन आज भी कई लोग खून की कमी के कारण परेशान होते हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भी मौका मिले, रक्तदान अवश्य करें, क्योंकि एक यूनिट खून किसी की पूरी जिंदगी बचा सकता है।रक्तदान टीम धमोरा की ओर से इस दौरान तीन जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान किया गया। रक्तदान करने वालों में रवि, मदन और कपिल शामिल रहे।इस मौके पर टीम के अनिकेत, दीपू गुप्ता, गौरव सैनी, शिवाय कश्यप और रवि दिवाकर सहित अन्य साथी भी मौजूद रहे।

# बाइक सवारों को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल किया, मुकदमा दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**सैदनगर :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में बाजार जा रहे बाइक सवार तीन व्यक्तियों पर हमला किया। हमलावरों ने लाठी-डंडों से मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में सात नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

यह घटना अजीमनगर थाना क्षेत्र के खंडिया अड्डे के पास हुई। थाना गंज क्षेत्र के काशीपुर निवासी बाबर पुत्र रईस अहमद सुबह करीब 7:30 बजे वह अपने भाई अजहर और साजिद के साथ बिलासपुर बाजार जा रहा था। जब वे खण्डिया के अड्डे पर पहुंचे तो काशीपुर गांव के ही हमजा, नौशाद, हनीफ पुत्रगण अहमद नवी, मुनीर, अफ्फान पुत्र रफिया बादशाह, रफिया बादशाह पुत्र साबिर, अरफान पुत्र शेर मोहम्मद और कुछ अज्ञात लोगों ने दो गाड़ियों से उनका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने गाड़ियों से लाठी-डंडे और तमंचे निकालकर बाबर और साजिद के साथ जान से मारने की नीयत से मारपीट शुरूकर दी। जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी।तमंचे से फायर भी किया, जिससे वे बाल-बाल बच गए। फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। जिसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पुलिस ने हमजा, नौशाद, हनीफ, मुनीर, अफ्फान, रफिया बादशाह, अरफान और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 191(2), 191(3), 126(2), 115(2), 351(2), 109(1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

राहत | वर्तमान में सेंटर में है 10 बैड, मरीजों को करना पड़ता है इंतजार

# जिला अस्पताल के डासलिसिस यूनिट में बढ़ेगी बैडों की संख्या

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जिला अस्पताल में डायलिसिस सुविधा मरीजों की बढ़ती संख्या के आगे कम पड़ने लगी है। हालात यह हैं कि डायलिसिस के लिए मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से शासन को पत्र भेजकर बेड बढ़ाने की मांग की गई है।

जिला अस्पताल में 10 बेड का डायलिसिस वार्ड संचालित है, जहां चार शिफ्टों में डायलिसिस की व्यवस्था की गई है। इसके बावजूद जरूरतमंद मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण बेड की कमी साफ तौर पर दिखाई दे रही है और वर्तमान व्यवस्था भी नाकाफी साबित हो रही है। इस डायलिसिस वार्ड में उपचार के लिए पहुंच रहे कई मरीजों को निर्धारित समय पर डायलिसिस नहीं मिल पा रही है, जिससे उन्हें वेटिंग में रहना पड़ता है। मजबूरी में कुछ मरीजों को निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जहां इलाज महंगा होने से आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। नियमित डायलिसिस मरीजों के जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वेटिंग बढ़ने से उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा बना रहता है। गुर्दे ठीक से काम न करने की स्थिति में डायलिसिस वह प्रक्रिया है, जो रक्त से अतिरिक्त तरल व अपशिष्ट पदार्थ बाहर निकालती है और मरीजों को राहत देती है। लेकिन बढ़ती वेटिंग सूची इस सुविधा की सीमाओं को उजागर कर रही है। इसके लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से बेड बढ़ाए जाने की मांग की गई है।


जिला अस्पताल स्थित डायलिसिस यूनिट। -जागरण मोर्चा

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि जिले में डायलिसिस की सुविधा के लिए मरीजों की संख्या बढ़ रही है। जिस कारण मरीजों को इंतजार करना पड़ रहा है। शासन से डायलिसिस वार्ड में बेड बढ़ाने की मांग की गई है।

# मारपीट के मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज

जागरण मोर्चा कार्यालय, **शाहबाद।** थाना क्षेत्र के टांडा गांव में मामूली बात को लेकर युवक के साथ मारपीट हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी अमित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह खेत से अपने घर लौट रहा था। रास्ते में अचानक उसकी आंख में मच्छर गिर गया। जिससे उसकी साइकिल फिसलकर गिर गई। उसी समय वहां बैठे गांव के ही वीरेंद्र, राजीव और खमानी ने उसे गालियां देना शुरू कर दीं। आरोप है कि जब उसने गाली देने से मना किया तो खमानी ने अपने लड़कों को बुला लिया और सभी ने मिलकर उसे लात-घूंसों व डंडों से मारना शुरू कर दिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# श्रीश्याम सरकार के संकीर्तन में वृंदावन की खुशबू राधा ने बांधा समां, झूमे भक्त

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी हनुमान मूर्ति के पास कूप में छठा श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें वृंदावन की खुशबू राधा ने शमा बांध दिया श्री श्याम भजन " सारी दुनिया कहे कि ये गया काम से जिसकी प्रीत लगी श्याम से... ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

सिरौली, मिलक, रामपुर, शाहबाद चंदौसी, मुरादाबाद, बरेली आदि से आए श्याम प्रेमियों ने जमकर आनन्द लिया। इस दौरान अन्य कलाकार अनु पगली मुरादाबाद, आचार्य विपिन वशिष्ठ, गौरव शर्मा, अरनव सक्सेना के द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों से श्रीश्याम एवं श्री बालाजी, नवदुर्गे माता आदि शक्ति का गुणगान किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में कमेटी पदाधिकारी महेश चंद्र गुप्ता, कुलदीप सिंह गंगवार, विरजन सिंह राठौर,भीष्म पाल सिंह, गौरव चौहान, राहुल चौहान,राजकुमार गुप्ता, श्याम , विनय शर्मा, शुभम अग्रवाल , हितेश शर्मा, गंगा सहाय गुप्ता उर्फ़ पप्पू,विश्व विख्यात मनोना धाम श्री श्याम मंदिर आंवला से रामपुर मीडिया प्रभारी विनोद गुप्ता, सुखपाल सिंह समेत ग्रामवासी मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

## एक नजर



### एसपी ने शहजादनगर थाने का किया निरीक्षण

**रामपुर** :पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह द्वारा थाना शहजादनगर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध, त्यौहार मालखाना, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टयों को चेक किया। साथ ही विभिन्न पॉर्टल पर की जा रही फीडिंग की समीक्षा की। थाना परिसर में बने कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर सेल आदि की साफ-सफाई का जायजा लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### 15 मार्च को होगा कार्यक्रम

**रामपुर** : 15 मार्च को शाम पांच बजे डॉ .आंबेडकर पार्क सिविल लाइन में आदि धर्म समाज आधस की एक बैठक डॉ . अम्बेडकर के जन्म दिवस पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए बुलाई गई है। जिसमें 14 अप्रैल को को कार्यक्रम सफल करने के लिए रणनीति तैयार की जाएगी।

# हमारे देश में फिलहाल गैस-डीजल और पेट्रोल की कोई कमी नहीं : हनीफ

## किसान यूनियन अंबावता की पंचायत आगापुर में हुई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन अंबावता की पंचायत आगापुर में संपन्न हुई। किसानों को संबोधित करते हुए प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी ने कहा कि हमारे देश में फिलहाल गैस डीजल पेट्रोल की कोई कमी नहीं है। किसी को घबराने की जरूरत नहीं है।

देशवासी को गैस एजेंसी वाले डरा कर किसान मजदूर एवं व्यापारियों को लूटने का काम जो कोशिश कर रहे हैं वह नहीं करने दिया जाएगा। ज्यादा गैस की कमी दिखाकर कुछ जगहों पर गैस सिलेंडर के ज्यादा दाम वसूले जा रहे हैं। होम डिलीवरी गैस होने के बावजूद बंद कर दी है। ताकि बाजार के होटल वाले ठेले वाले अन्य लोग ज्यादा पैसे देकर घबराहट में गैस खरीद सके। पेट्रोल पंप पर भी कुछ जगहों पर भीड़ देखी गई हैं। हमारी अपील है किसान मजदूर एवं व्यापारियों से स्टॉक करने की कोशिश न करें। देश में ना डीजल की कमी है,ना गैस की कमी है, न पेट्रोल की कमी नहीं है।



पंचायत को संबोधित करते किसान नेता। -जागरण मोर्चा

गैस एजेंसी संचालक कौन है। ज्यादा कमाई के चक्कर में कालाबाजारी की सोच रखते हुए कोरोना के समय 2021 में जैसा माहौल बना रहे हैं। 16 मार्च को जिलाधिकारी से मिलकर शिकायत की जाएगी। इन गैस एजेंसियों की जरूरत पड़ने पर उनके गैस एजेंसी के बाहर धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। जिला पूर्ति अधिकारी पेट्रोल पंप और गैस एजेंसी का द्वारा करें अपनी जिम्मेदारी निभाएं। ताकि किसी भी व्यक्ति को डीजल पेट्रोल और गैस की परेशानी न हो सके।

**यह लोग रहे मौजूद** :संतोष कुमार सिकदर, हड़ताल सिंह यादव, मुकेश कुमार, रजनीश, परितोष कुमार, श्याम मोहन पांडे, राजीव कुमार, शराफत खान, गुरमेल सिंह, मोहम्मद हनीफ, शकील अहमद, महबूब अली, शाकिर अली, मुराद खान, महेंद्र सागर, सूरज सागर, अशोक यादव आदि शामिल है।

## 706 वां सालाना उर्स मुबारक 3 शव्वाल से शुरू

**जागरण मोर्चा कार्यालय, रामपुर।** पीर बरखुदार शाह विलायत साहब हसनी हुसैनी कादरी चिश्ती रहमतुल्लाह अलैहि का 706 वां सालाना उर्से मुबारक 3 शव्वाल यानी ईद के तीसरे दिन बरोज पीर से शुरू होगा। सज्जादानशीन सैयद नासिर मियां ने बताया कि पहले दिन फजर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी, असर की नमाज के बाद महफिल समा हजरत मौलाना शाह खालिद खां वजीही फुरकानी खिताब फरमाएंगे।

दूसरे दिन फजर की नमाज के बाद कुरआन ख्वानी, सुबह 9 बजे मदरसा गुलशन शाह विलायत के तलबा को इनाम तकसीम एहतेशाम उल्लाह खां देंगे। तीसरे दिन बाद नमाज फजर कुरआन ख्वानी, सुबह 10 बजे लंगर, नमाज असर बाद महफिल वाज को मौलाना अब्दुल वहाब खां उर्फ फैजान खां खिताब फरमाएंगे।

मगरिब की नमाज के बाद तबर्रूक, लंगर बांटा जाएगा। इशा की नमाज के बाद महफिल समा, रात 1:30 बजे विसाली कुल शरीफ बाद में मौलाना शाह खालिद खां वजीही फुरकानी दुआ करेंगे।

## भाकियू के जिलाध्यक्ष बने मोहम्मद आलिम

- जुबैर अहमद सैफी बने युवा जिलाध्यक्ष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश चौधरी ने संगठन का विस्तार करते हुए जिले की कमान सौंपी है। मोहम्मद आलिम को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है, जबकि जुबैर अहमद सैफी को युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि हमारा संगठन हमेशा से गरीब, मजदूर और किसानों के हितों की लड़ाई लड़ता आया है। उम्मीद जताई कि नई टीम रामपुर में किसानों को उनका हक दिलाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करेगी। फैक्ट्रियों के खिलाफ बिगुल फूंकने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने क्षेत्र में बढ़ते प्रदूषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि अहमद नगर जागीर में एक फैक्ट्री टायर जलाकर जहरीला काला धुआं फैला रही है, जिससे लोग गंभीर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। इसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम ने स्पष्ट किया कि यदि जिला प्रशासन ने इन समस्याओं पर तुरंत ध्यान नहीं दिया, तो यूनियन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगी और जरूरत पड़ने पर न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाएगी।कहा जल्द ही रणनीति बनाकर फैक्ट्री गेट पर धरना दिया जाएगा। बैठक में मोहम्मद आलिम, जुबैर अहमद सैफी, विनोद कुमार, रफीक अहमद, यासीन, सिकंदर, यामीन, फैजन, बाबूराम, नरपत और सुनील सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



मोहम्मद आलिम का स्वागत करते पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा



सम्पू। -जागरण मोर्चा

## टीएससीटी की टीम ने किया दिवंगत शिक्षक मोहम्मद सगीर के परिवार का भौतिक सत्यापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**टांडाः** नगर निवासी दिवंगत शिक्षक मोहम्मद सगीर के परिवार को इसी माह में टीचर्स सेल्फ केयर टीम (टीएससीटी) आर्थिक सहयोग प्रदान करेगी।शुक्रवार शाम टीएससीटी की जिला टीम ने दिवंगत शिक्षक के परिवार से मिलकर स्थलीय निरीक्षण किया और उन्हें सांत्वना दी।

नगर के मोहल्ला यूसुफ निवासी मोहम्मद सगीर लखीमपुर खीरी अंतर्गत ब्लॉक धौरहरा के कम्पोजिट विद्यालय नया गांव में सहायक अध्यापक के पद पर तैनात थे।उनका 2 मार्च 2025 को निधन हो गया था।वह टीएससीटी के सक्रिय सदस्य थे। शुक्रवार शाम टीएससीटी के प्रदेश अध्यक्ष विवेकानंद आर्य के निर्देश पर जिला संयोजक अनुपम पटेल के नेतृत्व में टीएससीटी की टीम ने नगर के मोहल्ला यूसुफ चोक स्थित दिवंगत शिक्षक मास्टर मोहम्मद सगीर के आवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त की और स्थलीय निरीक्षण किया।इस मौके पर टीम के पदाधिकारियों ने परिजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि अपनों को खोने की पीड़ा को टाला तो नहीं जा सकता पर संवेदनाओं और सहयोग के माध्यम से आंसुओं को अवश्य पोछा जा सकता है।शुक्रवार को टीएससीटी जिला एवं ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने मोहम्मद सगीर के आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।इस अवसर पर जिला संयोजक अनुपम कुमार पटेल, जिला सह संयोजक उमाकांत, सह प्रभारी आईटी सेल केशव कुमार और ब्लॉक संयोजक स्वार डॉ. आदर्श कुमार सहित शिक्षक मोहम्मद तस्लीम, मोहम्मद लईक सैफी, शुऐब आलम और बिट्टू आदि उपस्थित रहे।



दिवंगत शिक्षक सगीर के आवास पर सत्यापन करती टीम। -जागरण मोर्चा

## बिजारखाता की मस्जिद बिलाल में कुराने पाक हुआ मुकम्मल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासीः** बिजारखाता की बिलाल मस्जिद में 24वी तरावीह में शुक्रवार रात कुराने पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। इस मौके पर मस्जिद को सजाया गया। कुराने पाक की तिलावत करने वाले हाफिज को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया।

मस्जिद में एक जलसा मुन अकद किया गया इस दौरान उलेमा ने लोगों को कुरान व रमजान का महत्व समझाया और कहा कि यह महीना बरकतों से लबरेज है।गुनाहों से तौबा करने का महीना है। बिजारखाता की मस्जिद बिलाल में शुक्रवार की शाम नमाज ए तरावीह में कुरान पाक की तिलावत मुकम्मल की गई। नमाज तरावीह के दौरान कुराने पाक की तिलावत कारी नोमान ने की। सामा के फराइज मोहम्मद अब्बास ने पूरे किए। मस्जिद कमेटी ने कुरान हाफिजों को उपहार भेंट किए। इस दौरान उलेमा ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान का महीना बरकतों से लबरेज है अल्लाह ताला अपने बंदों को बरकतों से नवाजता है। और इस महीने में अल्लाह ताला रोजेदारों के गुनाहों को माफ कर देता है यह महीना कुरआन की तिलावत करने का महीना इस महीने मे ज्यादा से ज्यादा कुरआन की तिलावत करनी चाहिए। जलसे की सदारत मौलाना अली अहमद ने की। मौलाना रहीस ने मुल्क व मिल्लत की सलामती के लिए दुआ कराई। इस दौरान मोहम्मद इरफान, मौलाना मोहम्मद अनीस कासमी, मौलाना रहीस अहमद, मस्जिद बिलाल के इमाम इदरीस अहमद अंसारी कारी मोहम्मद उमर, हाफिज इमरान, हाजी अख्तर अली सहित काफी तदाद मे लोग मौजूद रहे।

## व्यापारियों को बरसात के मौसम में बाढ़ आने से परेशानी होतीः संदीप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** शनिवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के बैठक तिलक कालोनी स्थित कार्यालय पर हुई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी द्वारा मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन ऑनलाइन भेजा। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि अटरिया मोड़ से रेलवे क्रॉसिंग तक मुख्य सड़क से एक किलोमीटर दूर नया बांध निर्माण कराया जाना आवश्यक है।

क्योंकि सिंचाई विभाग द्वारा नया बांध ना बनाए जाने से घाटमपुर ग्राम की जनता ,मंदिर, श्मशान घाट ,स्वर्ग धाम ,कोसी मंदिर, रामलीला ग्राउंड, सरस्वती इंटर कॉलेज ,तमाम बैंकट हॉल ,चंपा कुमारी वेंकट हॉल व धर्मशाला, श्री हरि इंटर कॉलेज तमाम अस्पताल ,आयुर्वेदिक अस्पताल ,व्यापारी प्रतिष्ठान न्यू बाई पास रोड गांधी समाधि की समस्त लोगों की विकसित आबादी , व मकान ,हजरतपुर व बेजना की आबादी नया बांध ना होने से सभी परेशान हो रहे हैं। नया बांध का निर्माण होने से इस पूरी आबादी और व्यापारियों को बरसात के मौसम में बाढ़ आने से परेशानी होती है। रामपुर के विकास हित में व शहर की प्रगति एवं विस्तारीकरण के लिए सड़क से लगभग 1 किलोमीटर दूर अब नया बांध निर्माण कराया जाना आवश्यक हो गया है।पूरे जनपद की जनता व व्यापारी समाज की प्रबल मांग है। इस अवसर पर संगठन के जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा ,युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन ,प्रदेश मंत्री पप्पू खान ,मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक ,दिलशाद हुसैन ,संकेत अग्रवाल, नवाब साहब ,रफी खान पदाधिकारी मौजूद रहे।



बैठक में बोलते वक्ता। -जागरण मोर्चा

# निलंबन के विरोध में सचिवों ने दिया धरना

## मांग पूरी न होने पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन करने की दी चेतावनी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** 61 ग्राम विकास व पंचायत सचिवों ने अपने तीन साथियों के निलंबन के विरोध में एकजुट होकर चेतावनी दी है। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ज्ञापन भेजकर तत्काल बहाली की मांग की है। सचिवों ने कहा है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं, तो वे डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। जिले के कुल 85 सचिवों में से 61 इस विरोध में शामिल हैं।

ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्राम पंचायत अधिकारी समन्वय समिति के बैनर तले डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद सचिवों ने बताया कि उन्होंने पहले अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों को लेकर विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए थे। इसके बजाय, विभाग ने उनके तीन साथियों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया। सचिवों का कहना है कि संजीव तोमर चमरौआ, जितेंद्र कुमार शाहाबाद और शकील (बिलासपुर) पर की गई कार्रवाई पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने मांग की है कि तीनों सचिवों को तत्काल प्रभाव से बहाल किया जाए।सचिवों ने यह भी स्पष्ट किया कि वे अपने निर्धारित कार्यों के अतिरिक्त कोई अन्य काम नहीं करेंगे। इस दौरान, सचिवों ने सामूहिक रूप से एक ज्ञापन तैयार किया और इसे जिला पंचायत राज अधिकारी नाथूलाल को भेजा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो वे डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क में अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर देंगे।



आंबेडकर पार्क में डीपीआरओ को दिए ज्ञापन को दिखाते सचिव। -जागरण मोर्चा

## परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति की अहम भूमिका



कार्यक्रम को संबोधित करती वक्ता। -जागरण मोर्चा



स्कूल में कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक। -जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरलका कम्पोजिट में नगर क्षेत्र में संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कम्पोजिट व गांधी विद्यालय में गठित विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव व अध्यक्ष की एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र स्वदीप कन्नौजिया के मार्गदर्शन में किया।

प्रशिक्षण के शुभारंभ में खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र स्वदीप कन्नौजिया ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों को उनके कार्यों व दायित्व से परिचित कराया। बताया की विद्यालय प्रबंध समिति की भूमिका प्रत्येक विद्यालय में अहम होती है और सभी सदस्य प्रत्येक माह आयोजित बैठक में प्रतिभाग करते हैं। विद्यालय के शैक्षिक व भौतिक वातावरण के बारे में अपनी जानकारी का आदान-प्रदान भी करते है। आज के प्रशिक्षण में सन्दर्भदाता रूही नाज, अल्का सिंह व उज्मा ने विद्यालय प्रबंध समिति का गठन व उनके सदस्यों के चयन के बारे में बताया।

विद्यालय को प्राप्त होने वाली सभी मदवार धनराशि का कैसे कैसे उपयोग किया जाए। प्रशिक्षण में एसआरजी सरफराज अहमद, प्रीति कुमारी, रूही नाज, अल्का सिंह, उज्मा एवं विद्यालय की विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव, राशिद अहमद, संगीता रानी, अजरा शकील, बबीता, अदिति, वेलेंटीना विक्टर, फरहा, वर्षा, जितेंद्र, परवेन्द्र, जव्वाद उन्नी, वकील अहमद, शेफाली, कमलेश कुमारी, तुष्टि, श्वेता भटनागर, अजरा बी, रूबी सलमा, फरहा नूर, फौजिया, रूमा, अखिल शर्मा, उजमा बी, शाइस्ता, तहजीब फरहत, तबस्सुम बेगम, हिना, स्वाति, गीता, गजाला अफसर, नादरीन, तनवीर आयशा, मोहम्मद जहांगीर, जुनैद नासिर, सुरभि चौरासिया ने प्रतिभाग किया।

**हंगामा** एजेंसी कर्मचारी पर निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये लेने का लगाया था आरोप

# गैस एजेंसी पर झूठी अफवाह फैलाने वाला युवक पकड़ा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**मसवासीः** क्षेत्र के शिकारपुर स्थित शिवांगी इंडेन गैस एजेंसी पर गैस वितरण के दौरान हंगामा करने और सोशल माध्यमों पर भ्रामक वीडियो फैलाने के आरोप में एक युवक को पकड़ लिया। प्रशासनिक जांच में गैस एजेंसी पर लगाए गए सभी आरोप निराधार पाए गए हैं। मामले में युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजने की तैयारी की जा रही है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को शिकारपुर स्थित गैस एजेंसी पर सिलेंडर लेने के लिए बड़ी संख्या में उपभोक्ता पहुंचे हुए थे। इसी दौरान बिजारखाता गांव निवासी जरीफ अहमद ने एजेंसी कर्मचारी पर निर्धारित मूल्य से अधिक रुपये लेने का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। युवक ने यह भी आरोप लगाया कि विरोध करने पर एजेंसी कर्मचारी ने उसकी गैस पासबुक फाड़ दी। हंगामे के दौरान युवक ने घटना का वीडियो बनाकर उसे सोशल माध्यमों पर भी प्रसारित कर दिया, जिससे क्षेत्र में भ्रम की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलने पर उपजिलाधिकारी अमन देओल ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए। जांच के लिए नायब तहसीलदार सचिन कुमार, पूर्ति निरीक्षक अंशुमान जैन और चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे और गैस एजेंसी पर जांच की। अधिकारियों ने एजेंसी के अभिलेखों और उपभोक्ताओं से बातचीत कर पूरे मामले की पड़ताल की। उपजिलाधिकारी अमन देओल ने बताया कि जांच के दौरान गैस एजेंसी पर किसी प्रकार की कालाबाजारी या अनियमितता नहीं पाई गई। जांच में यह भी स्पष्ट हुआ कि वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति जरीफ अहमद ही है और गैस पासबुक भी उसी ने स्वयं फाड़ी थी।प्रशासन ने इसे झूठी अफवाह फैलाकर लोगों को भ्रमित करने की कोशिश माना है। अधिकारियों के अनुसार आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि किसी भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता अवश्य जांच लें, ताकि अनावश्यक भ्रम और अफवाहों से बचा जा सके।



शिवांगी इंडियन गैस एजेंसी पर गैस लेने के लिए लाइन में खड़े लोग। -जागरण मोर्चा

## बिलासपुर में गैस आपूर्ति सामान्य

**जागरण मोर्चा कार्यालय, बिलासपुर।** क्षेत्र में रसोई गैस की आपूर्ति सामान्य रूप से जारी है। बिलासपुर गैस सर्विस के प्रबंध निदेशक शरद मोहन गुप्ता ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपनी जरूरत के अनुसार ही गैस बुकिंग कर रिफिल प्राप्त करें। अनावश्यक रूप से गैस की जमाखोरी न करें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन की केवाईसी अवश्य पूर्ण करा लें, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो।गैस एजेंसी पर पहुंचे उपभोक्ताओं ने बताया कि उनकी निशुल्क केवाईसी की जा रही है और कंपनी द्वारा निर्धारित मूल्य पर ही गैस रिफिल उपलब्ध कराई जा रही है। उपभोक्ता जामे अली, किरण देवी और सर्वजीत कौर ने बताया कि उन्हें आसानी से गैस रिफिल मिल गई और एजेंसी के स्टाफ का व्यवहार भी संतोषजनक रहा।

# जामा मस्जिद में कुरआन ए करीम मुकम्मल

## रोजाना सवा सिपारे की हुई तिलावत, की गई गुलपोशी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** जामा मस्जिद में 24 वीं तरावीह को कुरआन पाक मुकम्मल हुआ। यहां नमाज ए तरावीह में मौलवी एहतेशाम उल्लाह खां ने रोजाना सवा पारा सुनाया। मौलवी फैजान खां एहतेशाम उल्लाह खां ने रमजान की फजीलत बयान की।

उन्होंने कहा कि रमजान रहमतों -नेमतों का महीना हम से रुखसत होने वाला है इस महीने में नफीलों का सवाब फर्जों के बराबर मिलता है। कहा कि यह आखिरी अशरा चल रहा है। शबे कद्र को 21, 23, 25,27, 29 में ढूढो। यह रात बड़ी फजीलत वाली रात है इस रात कुरआन को उतारा गया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों को इस माह में अल्लाह की रजा के ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। आखिरी में शहर इमाम मौलवी नासिर खां में मुल्क में अमनों, अमान के लिए दुआ कराई गई। इसके बाद मौलवी एहतेशाम उल्लाह की इंतजामिया कमेटी के सदस्य और अन्य लोगों ने गुलपोशी की। इस अवसर पर कारी यासिन खां, शुऐब मियां, मुर्करम रजा खां इनायती, आसिफ खां, वसीम मियां, खालिद खां, शकील अहमद, फैज शम्सी, कारी फरहत सुल्तान, मौलवी हसीब अहमद, शारिक उल्ला खां एडवोकेट, डा. शायर उल्लाह खां, मुफ्ती मुआरिस उल्ला खां आदि मौजूद रहे।



जामा मस्जिद में कुरआन ए करीम मुकम्मल होने पर दुआ कराते शहर इमाम मोहम्मद मौलवी नासिर खां, नायब इमाम मौलवी फैजान खां। -जागरण मोर्चा

# यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का कामगार महिलाओं को अधिकार

## घिरयारे राजपूत गुमन्तु समुदाय की महिलाओं, बालिकाओं को यौन उत्पीड़न, भेदभाव को लेकर किया जागरूक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मुहल्ला कबीर में शनिवार को नेशनल एकेडमी फार सोशल मूवमेंट एवं नागरिक एकता परिषद द्वारा पोस्क अभियान के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता बैठक आयोजित की गई। जिसमें घिरयारे राजपूत गुमन्तु समुदाय की महिलाओं, बालिकाओं तथा बच्चों को यौन उत्पीड़न, भेदभाव तथा सरकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया।

बैठक में नागरिकता एकता परिषद के अध्यक्ष प्रेम कुमार बताया कि 1 वर्ष से 18 वर्ष तक की किसी भी लड़की के साथ छेड़खानी या यौन उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध पास्को एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जाएगा। उन्होंन अच्छा स्पर्श-बुरा स्पर्श की विस्तृत जानकारी भी दी, ताकि बच्चे अपने अधिकारों को समझ सकें और



घिरयारे राजपूत गुमन्तु समुदाय की महिलाओं, बालिकाओं को यौन उत्पीड़न, भेदभाव को लेकर जागरूक करते। –जागरण मोर्चा

किसी भी प्रकार के शोषण की शिकायत तुरंत करें। इसके साथ घरेलू कामगार महिलाओं, ईंट भट्ठा पर काम करने वाली महिलाओं, फैक्टरी वर्करों तथा कंस्ट्रक्शन साइट पर काम करने वाली महिलाओं को बताया कि कार्यस्थल पर होने वाले किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने का अधिकार महिलाओं को है और यह कानून उनके संरक्षण के लिए बनाया गया है। बैठक में घिरयारे राजपूत गुमन्तु समुदाय के कई सदस्यों ने बताया कि कई बार जियो टैग के नाम पर उनसे रुपये लिए गए, लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें मकान नहीं मिला। कई बच्चों ने भी बताया कि सरकारी स्कूल में पढ़ते हैं, जहां उनके साथ भेदभाव किया जाता है और गाली-गलौज का सामना करना पड़ता है।

कपिलराज ने उनको आश्वासन दिया कि समुदाय के साथ हो रहे इस भेदभाव, गाली-गलौज तथा अन्य अन्याय की पूरी रिपोर्ट जिलाधिकारी के समक्ष रखी जाएगी। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों की मांग भी जिलाधिकारी के समक्ष मजबूती से उठाई जाएगी। इसके साथ उन्होंने सरकारी लाभकारी योजनाओं की पूर्ण जानकारी भी महिलाओं को दी। कपिलराज ने गरीब महिलाओं को केंद्र में रखकर सरकार द्वारा शुरू की गई प्रमुख योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। अंत में वक्ताओं ने कहा कि समुदाय के लोग किसी भी प्रकार के शोषण या योजना में अनियमितता की शिकायत सीधे उनसे या जिलाधिकारी कार्यालय में करें। इस दौरान मधु बाल्मीकि, तनु चौहान, रीना घिरयारे , मधु घिरयारे, राखी घिरयारे, रजनी घिरयारे, तानिया घिरयारे, परी पूनम, सोनिया घिरयारे, रूबी घिरयारे, शारदा घिरयारे, तनु घिरयारे, रेनू घिरयारे आदि रहे।



राष्ट्रीय लोक अदालत का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करती जिला न्यायाधीश।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित हुए 29086 वाद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जनपद न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसका आरंभ जिला न्यायाधीश डा. विदुषी सिंह ने मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्ज्वलित करके किया। जिसमें सिविल न्यायालय चन्दौसी, बाह्म स्थित न्यायालय संभल, गुन्नौर एवं समस्त राजस्व चकबंदी न्यायालयों एवं बैंकों लोक अदालत में शामिल हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय स्थित चन्दौसी मुख्यालय व बाह्म न्यायालय संभल व गुन्नौर द्वारा कुल 3299 वादों का निस्तारण किया गया। समस्त मामलों में अर्थदंड के रूप में 24880611 रुपये वसूले गए। इसके अलावा जनपद न्यायाधीश डा. विदुषी द्वारा 15 वादों का निस्तारण कर 7 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। प्रधान न्यायाधीश व परिवार न्यायालय डा. मचला अग्रवाल द्वारा 39 वादों का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी व एमएसीटी प्रदीप कुमार द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के 27 वादों का निस्तारण कर पीड़ित पक्ष को 19965267 रुपये प्रतिकर के रूप में दिलवाए। अपर सत्र न्यायाधीश आरती फौजदार द्वारा 353 वादों का निस्तारण करते हुए 13 हजार रुपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एससीएसटी एक्ट रागिनी द्वारा 8 वादों का निस्तारण कर 5900 रुपेय जुर्माना किया गया।



जायंट्स ग्रुप ऑफ द्वारा आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों का प्रशिक्षण करते चिकित्सक और मौजूद पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

# स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 मरीजों के स्वास्थ्य का किया परीक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति एवं जायंट्स ग्रुप आफ, वूमेन पावर, वूमेन प्राइड , वूमेन एरा के सहयोग से नगर के सीता आश्रम स्थित कृष्ण कुंज धर्मशाला में निश्शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। जिसमें गाजियाबाद से मैक्स हास्पिटल के डाक्टर अमित कुमार, डाक्टर रवि शर्मा ने सभी मरीजों की हड्डियों, सामान्य रोग, ब्लड शुगर, आरबीएस, रक्तचाप बीपी, बीएमडी की जांच कर परामर्श दिया। इसके साथ डाक्टरों ने कहा कि मौसम बदल रहा है इसलिए अपनी सेहत का ध्यान रखे और अगर कोई दिक्कत होती है तो तुरंत डाक्टर से दवा ले।

इस दौरान डाक्टर सुधा चौधरी, पदमा भार्गव, किशन अवतार, अनु रस्तोगी, क्षमा अग्रवाल, सुभाष रूस्तगी, शुभा कागजी, इंदु अग्रवाल, मीना वाष्र्णेय, रेखा रस्तोगी, नीलम कागजी, प्रतिभा अग्रवाल, अंजू अग्रवाल, सीमा, रीता, अलका, पूनम ,सीमा वाष्र्णेय रानी अग्रवाल माधुरी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# तरक्की के लिए समाज के संगठित होना आवश्यक

## प्रजपाति समाज सेवा समिति का होली मिलन समारोह संपन्न

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** प्रजापति समाज सेवा समिति का होली मिलन समारोह का आयोजन बाटा बाबू धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आरंभ महाराजा दक्ष प्रजापति व मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में वीरेंद्र सिंह प्रजापति मौजूद रहे। राधाकृष्ण स्वरूप में सजे कलाकारों की प्रस्तुति ने सभी का मनमोह लिया।

समिति पदाधिकारियों का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि समाज के भले के लिए सभी को एकत्र होना होगा। एक समाज तभी संगठित बनता है, जब समाज का प्रत्येक नागरिक अपने समाज के विषय में सोचे।



समिति के होली मिलन समारोह में गले मिलते पदाधिकारी। –जागरण मोर्चा

सभी पदाधिकारियों ने होली मिलन समारोह में एक-दूसरे के गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सोमपाल सिंह प्रजापति, संदीप कुमार प्रजापति, नवनीत प्रजापति, चंद्रपाल सिंह, मिंटू सिंह, दिनेश प्रजापति, संजीव कुमार, सीमा आर्य, डा. जयराम प्रजापति, त्रिलोक चंद्र, ओम प्रकाश, नेम सिंह प्रजापति, सुभाष चंद्र, अतर सिंह, अमित प्रजापति, महेश चंद्र, मोहन लाल प्रजापति, धर्मपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# होटल पर नशे में भिड़े रेल कर्मी व होटल कर्मी, मची अफरा-तफरी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन के बाहर मुखर्जी चौक पर बने होटल पर शुक्रवार की रात दो युवकों ने मारपीट हो गई। जिसमें एक युवक रेल कर्मचारी व दूसरा होटल कर्मचारी बताया जा रहा है। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

बताया जाता है कि होटल पर शराब पीकर होने आपस में भिड़ गए। कुछ लोगों ने दोनों के बीच समझौता करा दिया। मुखर्जी चौक के पास एक होटल है, यहां अक्सर मारपीट की घटनाएं होती रहती हैं। जिसका मुख्य कारण होटल पर शराब पीना बताया जाता है। 5 माह पहले हुई मारपीट की घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने होटल संचालक से कहकर होटल पर सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए थे।



मुखर्जी चौक पर होटल के पास भिड़ते युवक।

इसके बाद भी होटल पर आने वाले लोगों ने शराब का सेवन करना नहीं छोड़ा। शुक्रवार की रात भी दोनों ने होटल के पास ही शराब का सेवन किया। जिसमें एक रेल कर्मचारी व दूसरा होटल कर्मी में कुछ कहासुनी हुई तो मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते बेल्टें चलने लगी। आसपास के लोगों ने पहुंच दोनों के बीच समझौता करा दिया।

# रजमान का आखिरी अशरा दिलाता है आग से निजात

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रजमान उल मुबारक का आखिरी अशरा आग से निजात दिलाने वाला है। मौलाना हाफिज मोहम्मद कैफ अशरफी ने कहा कि 21वें शब से लोग एहतकाफ में बैठते हैं, इसमें एक रात आथी है, जो शब ए कद्र की रात होती है। 1000 महीना की इबादतों से अफजल है।

हदीस के मुताबिक शबे कद्र की तलाश 21, 23, 25, 27, 29 की रातों में करना चाहिए। अल्लाह ताला का इरशाद है कि हमने कुरान पाक को शबे कद्र में उतारा है। यानी कुरान पाक लोहे महफूज से आसमानी दुनिया पर इसी रात में उतारा है। यही एक बात इस रात की फजीलत के लिए काफी थी कि कुरान पाक जैसी अस्मत वाली



मौलाना हाफिज मोहम्मद कैफ अशरफी। –जागरण मोर्चा

किताब इस रात में नाजिल हुई और भी बहुत से बरकत व फाजाइल इस रात में नाजिल हुई हैं।

उन्होंने कहा कि इस रात में मलाइका की पैदाइश हुई और इसी रात में आदम अलैहिस्सासलाम का माद्दा होना शुरू हुआ। इसी रात में जन्नत में दरखत लगाई गई और दुआ बगैरा का कबूल होना तोहफा कसरत रिवायत में वारिद है। एक रिवायत में है कि इसी रात में इजरत ईसा अलैहिस्सलाम आसमान पर उठाए गए और इसी रात में बनी इसराइल की तौबा कबूल हुई खुशनसीब है वह शख्त जिसको इस रात की इबादत नसीम हो जाए, जो शख्स इस एक रात को इबादत में गुजार दे उसने गोया 83 साल 4 माह से ज्यादा इबादत में गुजार दिए। मुसलमान को चाहिए कि शबे कद्र की तारीखों में खूब इबादत करें। चाहे मस्जिद में या घरों में और अपने लिए अपने बस्ती के लिए अपने मुल्क में अमन आमान कायम हो इसके लिए दुआ करें।

# प्रशासन ने जेसीबी से हटवाई अवैध ज्यारत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** मोहल्ला लोधियान में प्लाट से सजी अवैध रूप से बनाई गई ज्यारत को तहसील व नगर पालिका प्रशासन ने संयुक्त रूप से जेसीबी से हटवा दिया। इस दौरान लेखपाल, कानूनगो व ईओ मौजूद रहे।

सीता रोड निवासी सुभाष चंद्र शर्मा उर्फ मुन्ना ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमें कहा था उनका मोहल्ला लोधियान में एक प्लाट है, जहां प्लाट से सटाकर समुदाय विशेष के लोगों ने ज्यारत बना ली है। कई बार कहने के बाद भी ज्यारत को नहीं हटाया गया। इसके उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। जबकि उपरोक्त ज्यारत का स्थान नगर पालिका में दर्ज नहीं है। उक्त ज्यारत से प्लाट से सटाकर बनाई गई है, जिससे



मोहल्ला लोधियान में ज्यारत को हटाती जेसीबी। –जागरण मोर्चा

उनका आना-जाना बाधित बना हुआ है। शनिवार को तहसील से लेखपाल दानवीर सिंह, कानूनगो व नगर पालिका के ईओ धर्मराज राम टीम व जेसीबी लेकर मोहल्ला लोधियान पहुंचे। जहां अवैध रूप से बनाई गई ज्यारत को जेसीबी से ध्वस्त करा दिया। इस दौरान आसपास के लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

# भट्ठे पर मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में मचा कोहराम

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव करेली निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में जनपद मुरादाबाद के थाना बिलारी क्षेत्र के गांव मोहन तख्तपुर स्थित भट्ठे पर हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया।



सोनू का फाइल फोटो।

शनिवार की सुबह शव घर पहुंचने पर परिजन विलाप करने लगे। परिवार की ओर से कोई पुलिस कार्रवाई नहीं की गई है। गांव करेली निवासी सोनू 36 वर्ष पुत्र मिठोस थाना बिलारी के गांव मोहन तख्तपुर स्थित भट्ठे पर मजदूरी का कार्य करता है।



मजदूर की मौत पर विलाप करते परिजन। –जागरण मोर्चा

जिससे वह भट्ठे पर ही रहता था। शुक्रवार की 8 से 9 बजे के बीच मजदूरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर रवाना हो गए। शनिवार की सुबह शव घर आने पर पत्नी जमुना देवी, बच्चों सहित अन्य परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल बना था। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है सका। दोपहर को परिजनों में शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी व 5 बच्चों को रोता-बिलखता छोड़ गया है। परिजनों ने पुलिस कार्रवाई से इंकार कर दिया।

### मृतक के परिवार को सौंपी 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद

**जागरण मोर्चा कार्यालय, चन्दौसी।** चार दिन पहले बुधवार की सुबह मुहल्ला सीकरी गेट सलीम की पुलिया पर जलभराव के चलते ई- रिक्शा पलट गया था। जिसके नीचे दबने से हुई वृद्ध कर्मी की मौत हो गई थी। हादसे के पीड़ित परिवार की मदद को लोग आगे आ रहे हैं। शनिवार को समाजसेवी शानू वारसी ने मृतक परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक मदद की है। यहां बता दे कि जिला बदायूं के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव दासपुर निवासी 60 वर्षीय शेर सिंह पुत्र राम सहाय नगर के गणेश मंदिर के पास डेकोरेशन की दुकान पर काम करते थे। बुधवार की सुबह थाना बनियाठेर क्षेत्र के अशोक नगर स्थित एक वैकेट हाल से डेकोरेशन का सामान लेकर ई-रिक्शा से दुकान पर आ रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा सीकरी गेट स्थित सलीम की पुलिया पर पहुंचा। तो सड़क पर हुए जलभराव से गुजरते समय अचानक ई-रिक्शा पलट गया।

# परामर्श केंद्र पर 29 पत्रावलियों का निस्तारण, 10 परिवारों को मिलाया



परामर्श केंद्र पर पति–पत्नी के बीच सुलह कराते काउंसलर। –जागरण मोर्चा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बहजोई डा. प्रदीप कुमार सिंह के निर्देश अनुसार चलाए जा रहे पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में नियमित काउंसलिंग परामर्श केंद्र प्रभारी की देखरेख में संपन्न हुई। जिसमें पति-पत्नी के मध्य हुए आपसी विवादों को परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी डा. रुकमपाल सिंह व काउंसलर्स के सहयोग से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करने का प्रयास किया गया। जहां कुल 73 पत्रावलियों को सुनकर 29 का निस्तारण किया गया। तो वहीं 10 परिवारों को मिलाया गया। इसके साथ 15 पत्रावलियों पर आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद किया गया और 4 पत्रावली में विधिक कार्रवाई करने की संस्तुति की गई। इस दौरान काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता ,सीमा आर्य , बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक, महिला हेड कांस्टेबल रश्मि गहलोत आदि लोग मौजूद रहे।

# युवक पर चोरी के इरादे से घर में घुसने का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव काजी बेहटा निवासी एक व्यक्ति ने गांव के ही एक युवक पर रात्रि में अपने भाई के बंद मकान में घुसकर चोरी करने के इरादे से ताला तोड़ने और पहचान लेने पर मां को धमकी देकर भगाने का आरोप लगाया है। साथ ही थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। तहरीर के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव काजी बेहटा निवासी हेमपाल पुत्र चन्द्रपाल ने बताया कि शुक्रवार की रात वह गांव के ही महेश चंद्र तिवारी के ट्यूवैल पर सोने चला गया। रात्रि में गांव का ही एक युवक उसके बराबर में बंद पड़े भाई पनवेश्वरी के मकान



काजी बेहटा गांव में चोरी के बाद टूटा संदूक दिखाता युवक। –जागरण मोर्चा

में चोरी करने के इरादे से घुस गया और संदूक तोड़ने लगा। संदूक का ताला तोड़ने की आवाज सुनकर उसके घर में सो रही मां चंद्रवती जाग गई और मौके पर पहुंच गई। उन्होंने युवक को पहचान लिया, उसके बाद मां ने शोर मचा दिया। शोर मचाने पर युवक मां को जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। सुबह जब वह घर पहुंचा तो मां ने उसको घटना की जानकारी दी। हेमपाल ने बताया कि उसका भाई परिवार के साथ बाहर रहता है इसलिए उसके मकान पर ताला लगा हुआ था। अगर मां नहीं उठती तो युवक चोरी करने में सफल हो जाता।

# भारतीय किसान संघ ने मनाया स्थापना दिवस

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार को विकास खंड के गांव उधनपुर में भारतीय किसान संघ का 47 वां स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम,श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया ।कार्यक्रम की शुरूआत संगठन के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए हुआ।

जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा ने संबोधित करते हुए दत्तोपंत ठेंगड़ी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों को उनके विचारों को याद करते हुए किसान हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए, उन्होंने बताया कि दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने किसानों के अधिकारों और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन की स्थापना की थी ।उनका उद्देश्य किसानों को संगठित कर उनकी आवाज को मजबूत कर उनके अधिकारों को दिलाना था। ब्लॉक अध्यक्ष ओमवीर सिंह चौहान ने संगठन के विस्तार और नए सदस्यों को जोड़कर संगठन को ओर अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया,उन्होंने कहा कि अधिक से किसानों को जोड़कर उनकी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाकर उनका समाधान कराया जाए।

इस अवसर पर प्रांतीय गन्ना प्रमुख महीपाल सिंह, जिला अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शर्मा,जिला कोषाध्यक्ष धर्मपाल सिंह चौहान,ब्लॉक कार्यकारणी सदस्य धर्मपाल सिंह, जिला युवा मंत्री लाखन सिंह, ग्राम समिति अध्यक्ष गंगाराम सिंह, शिवम कुमार, विजेंद्र सिंह, डाले सिंह, बबलू सिंह, रतन सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 3 घंटे बंद रहा आरक्षण काउंटर, नहीं हो सके तत्काल आरक्षण

## आरक्षण कराने वाले यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** रेलवे स्टेशन पर आरक्षण काउंटर तकनीकी खामी के चलते शनिवार की सुबह 3 घंटे बंद रहा। जिससे तत्काल आरक्षण कराने वाले यात्रियों का आरक्षण नहीं हो सका। सुबह 11 बजे तकनीकी खामी सही होने पर सामान्य आरक्षण होना आरंभ हुए। मगर तत्काल आरक्षण नहीं हो सके।

रेलवे स्टेशन पर बना आरक्षण काउटंर सुबह 8 बजे से खुलता है। सुबह 10 बजे से 11 बजे तत्काल आरक्षण का समय होता है। मगर शनिवार की सुबह 8 बजे जैसे ही आरक्षण काउंटर खुला, तो तकनीक खामी के चलते आरक्षण नहीं हो पा रहा था। जिससे आरक्षण कराने वालों की लंबी-लंबी कतारें लगनी



तकनीकी खामी के चलते बंद पड़ा आरक्षण काउंटर, यात्रियों की लगी कतार।

आरंभ हो गई। काउंटर पर मौजूद कर्मचारी भी नहीं समझ पा रहा था कि आखिर खराबी क्या है। इसके बाद मुरादाबाद कंट्रोल को सूचना दी गई।

कंट्रोल ने अपने स्तर पर कार्रवाई शुरू कर दी। जिससे सुबह 10 से 11 बजे तक होने वाला तत्काल आरक्षण भी नहीं हो सके। तत्काल आरक्षण कराने आए यात्रियों पूरे एक घंटा इंतजार करने के बाद चले गए। जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा और तत्काल आरक्षण नहीं होने से उन्हें अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी। इसके बाद सुबह 11 बजे तकनीकी खामी दूर होने पर आरक्षण होना आरंभ हो गया। जिससे 3 घंटे आरक्षण आउटर बंद रहा। जिससे यात्रियों ने राहत की सास ली।

# भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत

## जुबिलेंट भी पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में आयोजित समारोह में शामिल होने जा रहे केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री जगत प्रकाश नड्डा (जेपी नड्डा) जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड के अतिथि गृह पहुंचे। यहां कंपनी के यूनिट हेड विनोद झा, निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित एवं प्रभारी सीएमओ डा.योगेंद्र सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए 2019 में यहां आ चुके जेपी नड्डा दोबारा आगमन पर काफी खुश नजर आए। उन्होंने आते ही इसका जिक्र भी किया।

शनिवार को मुरादाबाद जा रहे केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह के साथ कुछ देर के लिए जुबिलेंट के अतिथि गृह में रुके। यहां हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, देवेंद्र खड़गवंशी, निखिल खड़गवंशी आदि के संग उनसे मुलाकात की। इस दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। यहां राजू गोयल, अंकुर अग्रवाल, हेमराज सैनी, शिखर अग्रवाल, संजय शर्मा आदि भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा के जुबिलेंट में आगमन की सूचना पर खुफिया तंत्र के साथ ही पुलिस, स्वास्थ्य एवं एफएसडीए के अधिकारी भी मुस्तैद नजर आए। मंडी धनौरा की सीओ अंजलि कटारिया भी पुलिस बल के साथ मौजूद रहीं। इससे पूर्व हाईवे पर मोहम्मदाबाद के निकट केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा एवं चौधरी भूपेंद्र सिंह के काफिले पर पुष्पवर्षा की गई। यहां हसनपुर के विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, गजरौला की ब्लाक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, बीडीसी मेंबर आयुष चौधरी आदि भी मौजूद रहे।





थाना समाधान दिवस में शिकायत सुनते अधिकारी। –जागरण मोर्चा

## थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें दर्ज, एक का निस्तारण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** थाना समाधान दिवस में आए हुए फरियादियों की फरियाद वरिष्ठ उप निरीक्षक द्वारा सुनी गई, थाना समाधान दिवस में मात्र चार शिकायत दर्ज हुई, जिसमें से एक शिकायत का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा बाकी बची तीन शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को भेजा गया। शासन के निर्देश पर शनिवार को नगर स्थित कोतवाली प्रांगण में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। थाना समाधान दिवस में क्षेत्र वासियों की शिकायत। कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक अमित कुमार द्वारा सुनी गई। थाना समाधान दिवस में चार शिकायत दर्ज हुई, जिसमें से अधिकारियों द्वारा मौके पर एक शिकायत का निस्तारण कर दिया गया। बाकी बची तीन शिकायतों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया। थाना समाधान दिवस में राजस्व एवं पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



## आज भी गैस सिलेंडर लेने को लगी सुबह से ही लाइनें

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** नगर की तीनों गैस एजेंसियों पर रोज की तरह शनिवार को भी भीड़ लगी रही। लोग आफिस खुलने से पहले ही वाउचर लेने के लिए लाइनों में लग गए तो वहीं गोदामों पर भी सुबह से ही लोगों की लंबी लाइन लगी रही। सभी गैस एजेंसियों पर पुलिस की मौजूदगी में गैस के सिलेंडर वितरित किए गए।

बता दें कि नगर में तीन गैस एजेंसियां सक्रिय हैं। यहां पर प्रतिदिन गैस बंट रही है मगर उसके बाद भी उपभोक्ताओं की भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। बताते हैं कि एक ट्रक में साढ़े तीन सौ से अधिक सिलेंडर आते हैं और तीन ट्रक गैस प्रतिदिन बंट रही है। शनिवार को छह बजे से पहले ही उपभोक्ता गैस एजेंसियों के ऑफिस पर वाउचर लेने के लिए पहुंच गए थे, जबकि नौ बजे के बाद ही ऑफिस खुले। इसी तरह गैस एजेंसियों के गोदामों पर भी उपभोक्ता सिलेंडर लेकर सुबह से ही लाइन लगाने लगे थे। सभी गैस एजेंसियों पर भारी भीड़ देखने को मिली। हंगामे जैसी स्थिति भी बनी रही। जिन लोगों की गैस कम से कम दो या तीन दिन पूर्व बुकिंग थी, उन्हें गैस वितरित की गई। सुरक्षा के द्रष्टिगत सभी पुलिस की मौजूदगी में गैस का वितरण किया गया।

# अंबेडकर जन्मोत्सव की तैयारी को लेकर हुई बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** शनिवार को एक आवश्यक बैठक का आयोजन मोहल्ला मनापुर में किया गया।बैठक में अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की मुख्यअध्यक्ष चंचल सागर ने अंबेडकर उद्यान समिति मोहल्ला खेवान हसनपुर के अध्यक्ष बाबूराम जाटव का अपनी कार्यकारिणी के साथ स्वागत किया। अंबेडकर जन्मोत्सव समिति की अध्यक्ष चंचल सागर ने कहा कि अबकी बार झांकी का कार्यक्रम पुरानी परंपरा के अनुसार निर्धारित स्थान से प्रारंभ होकर अंबेडकर पार्क तक बहुत ही धूमधाम और भव्यता के साथ रहेगा जयंती का मुख्य कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी अंबेडकर पार्क हसनपुर में बहुत ही शानदार तरीके से बाबा साहब के जीवन चरित्र और प्रसंगों को बाहरी एवं नामी कलाकारों के माध्यम से उकेरा जाएगा कार्यक्रम को अनुशासित एवं सुव्यवस्थित रखने में जन जन तक पहुंचकर लोगों को जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गई।अंबेडकर उद्यान समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष बाबूराम सागर ने उद्यान समिति पार्क खेवान् में कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए अपनी कार्यकारिणी के साथ मंथन किया और अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर को झांकी कार्यक्रम एवं मंच के कार्यक्रम में सहयोग करने का आश्वासन दिया।अंबेडकर विकास मंच के अध्यक्ष महेंद्र सिंह आर्य ने कहा अब के बार झांकी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होने जा रहा है इस वर्ष कार्यक्रम में ऐसी प्रतिभाओं को भी चिन्हित किया जा रहा है जिन्होंने क्षेत्र में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता के आधार पर परचम लहराया है उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा ऐसे परिवारों को भी चिन्हित किया जा रहा है जो परिवार अपने बच्चों को सीमित साधनों में उच्च शिक्षा के माध्यम से अपने बच्चों के भविष्य को संवारने का काम कर रहे हैं सम्मानित किया जाएगा इस अवसर पर मास्टर छोटेलाल पूर्व प्रधानाचार्य सभासद राजेंद्र गुड्डू फतेहचंद रविदास जयंती के अध्यक्ष डॉ राजेश कुमार प्रशांत कुमार महेंद्र सिंह आर्य महेश जाटव दारा सिंह बृजपाल सिंह सुशील भगत जी मास्टर जगत सिंह मास्टर रामपाल सिंह विनय प्रताप सिंह नवल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।




पदाधिकारी का हुआ स्वागत। –जागरण मोर्चा

## मौसिफ ख़ान का चयन लीजेंड लीग क्रिकेट के सत्र 4.0 के लिए मुंबई स्पार्टन टीम में हुआ

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** जनपद के हसनपुर में जन्मे युवा क्रिकेटर मौसिफ ख़ान का चयन लीजेंड लीग क्रिकेट के सत्र 4.0 के लिए (मुंबई स्पार्टन) टीम में किया गया है। उनके चयन की खबर मिलते ही हसनपुर तथा आसपास के क्षेत्रों में खुशी की लहर दौड़ गई। खेल प्रेमियों और क्षेत्रवासियों ने इसे जनपद अमरोहा के लिए गौरव की बात बताया है।मौसिफ खान शुरू से ही क्रिकेट के प्रति समर्पित रहे हैं और अपनी प्रतिभा तथा मेहनत के बल पर उन्होंने खेल के क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने लगातार अभ्यास और उत्कृष्ट प्रदर्शन के दम पर क्रिकेट के बड़े मंच तक पहुंचने का मुकाम हासिल किया है, बताया जाता है कि मौसिफ खान इससे पहले भी कई बार विदेशों की धरती पर अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ क्रिकेट खेल चुके हैं और अपने प्रदर्शन से खेल प्रेमियों का ध्यान आकर्षित कर चुके हैं, अब लेजेंड्स लीग क्रिकेट जैसी प्रतिष्ठित क्रिकेट प्रतियोगिता में मुंबई स्पार्टन टीम के साथ उनका चयन होना क्षेत्र के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत माना जा रहा है, मौसिफ खान के इस चयन पर क्षेत्र के अनेक खेल प्रेमियों और गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा उम्मीद जताई है कि वह अपने शानदार प्रदर्शन से हसनपुर, जनपद अमरोहा और देश का नाम रोशन करेंगे।एसबीएम क्रिकेट एकेडमी के फाउंडर और डीसीए अमरोहा के सचिव खुर्रम आज़ाद ख़ान ने बताया की मौसिफ़ एसबीएम पीजी कॉलेज के क्रिकेट ग्राउंड में प्रैक्टिस कर चुके हैं ।




मौसिफ ख़ान। –जागरण मोर्चा

## बसपा कार्यकर्ताओं ने ब्लाक तिराहे पर साइकिल यात्रा का किया स्वागत



ब्लाक तिराहे पर साइकिल यात्रा का स्वागत बसपा कार्यकर्ता।

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक बहुजन नायक कांशीराम के 92 वी जयंती के मौके पर गुड्डू अंबेडकर के नेतृत्व में एक टीम राज एक्सप्रेशन मुंबई से, रवि गौतम आगरा एवं अखिल लखनऊ ने शुक्रवार को बिसौली बदायूं से साइकिल यात्रा राष्ट्रीय दलित प्रेरणा केंद्र गौतमबुद्ध नगर नोएडा के लिए शुरू की थी।इस क्रम में टीम का मार्गो पर जगह-जगह स्वागत किया जा रहा है। शनिवार को नगर के ब्लॉक तिराहे पर बहुजन समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी अजब सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में सभी का फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। गुड्डू अंबेडकर ने कहा कि इस यात्रा का मकसद बहुजन नायक काशीराम साहब को भारत रत्न की उपाधि से जल्द से जल्द सम्मानित किया जाए, यह हमारी भारत सरकार से मांग है। अजब सिंह एडवोकेट ने टीम के कार्य को सराहा और हार्दिक बधाई दी। इस मौके पर अमित हाली, सुरेंद्र कुमार गौतम एडवोकेट विधानसभा अध्यक्ष, चंद्रभान सिंह राही, दुर्योधन, नवाब सैफी, रितिक, पुष्कर, गुरमीत, अमित कुमार आदि मौजूद रहे।

## होली के गीत गाकर महिलाओं ने लगाए चार चांद

### होली मिलन समारोह सीआरपीएफ कॉलोनी में धूमधाम से मनाया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** पर्वतीय जन चेतना समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सीआरपीएफ कॉलोनी में धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने होली के गीत गाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल का टीका लगाया। फूलों की होली खेली। उत्तराखंड का प्रसिद्ध गीत मेरा रंगीला देवर घर ए रा च्छा गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

सांस्कृतिक मंत्री रोहित कुकरेती, मंजू बिष्ट, दीपाली पांडे चंद्र आर्य पूजा की । खुशी नेगी आशा जोशी रेखा पांडे लता जोशी मोहिनी बहुगुणा ने होली के गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। शहर विधायक आकाश सक्सेना की पत्नी गुंजन सक्सेना को पहाड़ी पिछड़ा पहनकर उत्तराखंड की बहू का खिताब दिया।



होली मिलन कार्यक्रम में गीत गाती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

गुंजन सक्सेना ने कहा कि यह सम्मान पाकर मैं आज अपने आप को पूरी तरह से पहाड़ी महसूस कर रही हूं। समिति के अध्यक्ष दीपचंद जोशी ने कहा रंगों के इस त्यौहार में पर्वतीय समाज के लोग समाज में चारों तरफ सुख शांति की कामना करते हैं। इस अवसर पर समिति के संरक्षक हरिदत्त शर्मा, कार्यक्रम संयोजक हेमचंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष डी के बहुगुणा, कार्यक्रम व्यवस्थापक एम एस रावत, ऑडिटर किशन सिंह बिष्ट, रोहित जोशी, आशा जोशी, प्रेम सिंह, डिप्टी कमांडेंट सौरभ राजपूत, इंस्पेक्टर अनु तोमर, संजय शर्मा, संजय शर्मा, गोविंद सिंह जानी, नंदराम आर्य, महेश गठौड़ी, मोहन चंद पांडे, भुवन चंद्र, विजय राठौड़, सचिन, कुलविंदर सिंह, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन रोहित कुकरेती द्वारा किया।

## जामुन के फलदार पेड़ों पर चली माफियाओं की कुल्हाड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** तहसील क्षेत्र में लगातार आम और जामुन के फलदार पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं की कुल्हाड़ी चल रही है, रातों रात लकड़ी माफिया पेड़ काटकर भूमि को समतल कर देते है। इन मामलों में वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल खड़े हो रहे है, क्षेत्र के गांव आगापुर उर्फ याकूबपुर के निकट करीब एक बड़े आम के बाग में फलदार और हरे भरे जामुन के पेड़ों पर लकड़ी माफियाओं की कुल्हाड़ी चल रही। इस मामले में वन विभाग के अधिकारी खामोश है और बताया जा रहा है कि उसमें दो दर्जन से अधिक पेड़ों का परमिट लिया गया है। लेकिन अब सवाल उठता है कि आखिर फलदार और हरे भरे पेड़ों का परमिट कैसे दिया गया। सरकार हरियाली को बचाने और हरियाली लगाने के लिए हर वर्ष करोड़ों रुपये खर्च करती है।लेकिन लकड़ी माफिया सरकार की हरियाली बचाने की मंशा पर पानी फेर रहे है।जिले के अधिकारी इन मामलों में जानकर भी अंजान बने बैठे है।जिससे विभागीय अधिकारियों की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे है।क्षेत्र में बड़े बड़े बागों को काटकर हरियाली खत्म की जा चुकी और लगातार हरियाली खत्म होती जा रही है। जिस तरह से नगर क्षेत्र से हरियाली खत्म की जा रही है कुछ लोगों का कहना है कि एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई जाएगी जिससे हरियाली उजाड़ने वालो पर कार्रवाई की जा सके। जब इस बारे में वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार से वार्ता की तो उन्होंने बताया की जमुना के पेड़ की मोटाई के अनुसार काटने की परमिशन दी गई है। 40 पेड़ों का परमिट है अगर इससे अधिक पेड़ काटे जाते हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



जामुन के फलदार पेड़ों पर चली माफियाओं की कुल्हाड़ी। –जागरण मोर्चा

**विरोध** अखिल भारतीय संयुक्त महासंघ द्वारा चलाए जा रहा है चिट्ठी भेजो अभियान

## आरटीई अधिनियम से पूर्व सेवारत शिक्षकों का टीईटी अनिवार्य किए जाने से शिक्षकों में रोष

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुरः** उत्तर प्रदेश में शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता से शिक्षकों पर पड़ने वाले प्रभावों को मुख्य रूप से नौकरी की सुरक्षा, पदोन्नति और मानसिक दबाव के रूप में देखा जा रहा है। 1 सितंबर 2025 के सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद से स्थितियां काफी बदल गई हैं। कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले सभी सेवारत शिक्षकों के लिए अब टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। जिन शिक्षकों की सेवा अवधि 5 वर्ष से अधिक शेष है, उन्हें अगले 2 वर्षों के भीतर यह परीक्षा पास करनी होगी।

यदि शिक्षक दी गई समय सीमा (2 वर्ष) में परीक्षा पास नहीं कर पाते हैं, तो उन्हें अनिवार्य सेवानिवृत्ति या सेवा से बर्खास्तगी का सामना करना पड़ सकता है। अब केवल वही शिक्षक पदोन्नति के पात्र होंगे जिन्होंने टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिनकी सेवा 5 वर्ष से कम शेष है, उन्हें नौकरी से तो नहीं निकाला जाएगा, लेकिन बिना टीईटी पास किए उन्हें पदोन्नति नहीं मिलेगी। इस नियम से उत्तर प्रदेश के लगभग 1.86 लाख सीधे प्रभावित हो रहे हैं, जिससे उनमें असुरक्षा और तनाव की स्थिति बनी हुई है। कई शिक्षक संगठन इसे अन्यायपूर्ण मान रहे हैं क्योंकि उनकी नियुक्ति 2011 टीईटी लागू होने से पहले के नियमों के आधार पर हुई थी।

योगी सरकार ने अनुभवी शिक्षकों के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर करने का निर्देश दिया है ताकि उनकी सालों की सेवा और अनुभव को नजरअंदाज न किया जाए। केंद्र सरकार और राज्य स्तर पर कुछ ऐसी चर्चाएं भी हैं कि पुराने शिक्षकों को इस अनिवार्यता से कुछ राहत मिल सकती है, हालांकि अभी अंतिम निर्णय आना शेष है। इस अभियान मे प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, नेता विपक्ष लोक सभा, मुख्यमंत्री, विधानसभा नेता विपक्ष को पोस्ट कार्ड प्रेषित में एससी, एसटी बेसिक टीचर्स वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राम बहादुर गौतम तथा सम्मानित शिक्षक धर्मवीर सिंह, सुशील कुमार सक्सेना, सौरभ अग्रवाल, इकलास मसीह, वीर सिंह (जिला संरक्षक), नाजिमा बी, शमा परवीन, होरी लाल, आकाश गुप्ता, अमित कुमार रवि, नसीम अहमद, कृष्णा कुमारी, हरीश कुमार गौतम, जितेंद्र सिंह, राजा राम, राहुल गौतम, मनीषा सक्सेना, प्रतिमा रावत, गज़ाला परवीन, नुजहत, आशु अरोरा, जितेंद्र सिंह, मोहित, सुखबीर, जबर सिंह, शशि बाला, जयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री को भेजी जाने वाली चिट्ठी दिखाते शिक्षक।

## ग्रामीण के साथ मारपीट, रिपोर्ट

जागरण मोर्चा कार्यालय,

**गजरौला :** थाना क्षेत्र के एक गांव में एक व्यक्ति के साथ तीन भाईयों समेत चार लोगों ने पीटकर घायल कर दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी मुकर्रम 13 मार्च को शाम करीब छह बजे गांव में ही था। आरोप है कि गांव निवासी जाबिर, जमशेद व जाकिर पुत्रगण रफीक व एक अन्य व्यक्ति मेहंदी ने गाली गलौच की। जब मुकर्रम ने विरोध किया तो उसके साथ मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पति गिरफ्तार दहेज हत्या के आरोप में न्यायालय में पेश

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। मृतका के पिता ने पति पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव लुहारी खादर निवासी बलवंत ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 24 वर्षीय पुत्री राखी ने करीब डेढ़ वर्ष पूर्व पड़ोसी गांव अल्लीपुर मिलक निवासी सत्येंद्र से प्रेम विवाह किया था।पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति और उसके परिजन पांच लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर राखी को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। 10 मार्च की सुबह पति सत्येंद्र ने कथित तौर पर साजिश रच कर राखी की हत्या कर दी ।सूचना मिलने पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने राखी का शव चारपाई के नीचे पड़ा पाया उसके शरीर पर चोट के निशान थे और गले में कपड़े का फंदा भी कसा हुआ था।पिता ने दावा किया कि राखी को पहले पीटा गया और फिर गला घोटकर उसकी हत्या की गई।पुलिस को दी तहरीर के आधार पर आरोपी पति सतेंद्र और सौतन बबीता के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी।

शनिवार को प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि मुख्य आरोपी पति सतेंद्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। –जागरण मोर्चा

## सम्पादकीय

# सरकार के हाथ मजबूत करे निजी क्षेत्र

सरकार ने अपना दायित्व स्पष्ट कर दिया है। इसे साकार करने के लिए निजी संस्थाओं को भी कंधे से कंधा मिला कर काम करना होगा। शिक्षा और कौशल में प्रगति को अगर हम यूं ही अपनी योजनाओं के केंद्र में रखेंगे तो संभव है वर्ष 2026 भारत के भविष्य का निर्णायक वर्ष हो।

प्रमथ राज सिन्हा। जहां एक तरफ कई देशों में वृद्ध आबादी बढ़ती जा रही है और जापान तथा इटली जैसे देश घटती जन्म दर से जूझ रहे हैं, वहीं दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में कामकाजी उम्र के लोगों की जनसंख्या बरकरार है। आज भारत में दो-तिहाई लोग 35 साल से कम उम्र के हैं। देश की सबसे बड़ी ताकत देश के युवा हैं। युवा संभावनाशील शक्ति बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और राजस्थान जैसे राज्यों में यह स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। जरूरत है इस ऊर्जा को सही दिशा देकर एक मजबूत आर्थिक ताकत में रूपांतरित किया जाए। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए गत दिनों संसद में पेश केंद्रीय बजट में युवाओं को सिर्फ 'भविष्य' नहीं कहा गया, बल्कि उन्हें वर्तमान में 'भविष्य का निर्माणकर्ता' माना गया है। इन भविष्य के निर्माताओं को सफल बनाने के लिए जरूरी है कि उनके लिए अवसरों की ऐसी सीढ़ी तैयार की जाए, जिससे वे अपनी रुचियों और कौशल का सही उपयोग कर नई ऊंचाइयां छू सकें। युवा जनसांख्यिकी के लिए पढ़ाई और रोजगार का ऐसा परिवेश तैयार करना होगा, जो उन्हीं की तरह विविध, बहुआयामी और गतिशील हो।

जमीनी वास्तविकताओं और अंतर क्षेत्रीय जटिलताओं को समझते हुए सरकार ने बजट में प्रतिभाओं में निवेश को प्राथमिकता दी है। पिछले कुछ वर्षों में ऐसी योजनाएं शुरू की गईं, जिन्होंने चुनिंदा क्षेत्रों में प्रशिक्षण को उद्योग के साथ जोड़ा और इस साझेदारी से कौशल अंतर को पाटने की कोशिश की। बजट इन योजनाओं को और विस्तार तो देता ही है, साथ ही नए अवसरों की घोषणा भी करता है। भारत की विशिष्टताओं को ध्यान में रख कर देखें तो बजट युवा-केंद्रित प्राथमिकताओं को उकेरता है। भारत की डिजिटल क्षमता उसकी पहली बड़ी ताकत है। भारत तेजी से मोबाइल-आधारित क्रिएटर इकोनमी बन रहा है।

आज युवा सिर्फ कंटेंट देखना नहीं चाहते, वे कंटेंट बनाना भी चाहते हैं। डिजिटल क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने के लिए हमें डिजिटल माडल्स को सीखने पर जोर देना होगा। रचनात्मक क्षेत्रों में विकास को ध्यान में रख कर बजट में 15,000 स्कूलों और 500 कालेजों में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कामिक्स के लिए कंटेंट क्रिएटर लैब बनाने का प्रस्ताव है। इन लैब्स के जरिये युवा तकनीक का बेहतर इस्तेमाल करना सीखेंगे जिससे उनकी रचनात्मक आकांक्षाओं को सही औपचारिक स्वरूप मिलेगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने लायक कौशल विकसित कर पाएंगे। दूसरा अहम स्तंभ है उद्यमिता। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से छोटे शहरों और सुदूर क्षेत्रों तक विस्तार पा रहा है। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के आवंटन में 62 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी इसका प्रमाण है कि सरकार भविष्य के लिए सही कौशल से लैस सक्रिय कार्यबल बनाने को लेकर गंभीर है। बजट में टियर-2 और टियर-3 शहरों में इकोनमिक रीजन विकसित करने की बात कही गई है। उद्यमिता और आर्थिक विकास को साथ जोड़ते हुए बात ऐसे शहरों की हो रही है, जहां रोजगार के विकल्पों के साथ-साथ बेहतर जीवन की आशा भी है। घर के पास अच्छे अवसर मिलने से बड़े शहरों की तरफ युवाओं का पलायन कम होगा और देश में संतुलित विकास हो सकेगा। तीसरा और अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है हमारे उच्च शिक्षा संस्थान, जो देश के लिए एक सशक्त भविष्य की नींव रख सकते हैं और जिनकी भूमिका आने वाले दिनों में और भी महत्वपूर्ण हो जाएगी। एजुकेशन टू एंप्लायमेंट एंड एंटरप्राइज नामक एक स्थायी समिति बनाने का जो प्रस्ताव रखा गया है, उसका उद्देश्य है उच्च शिक्षा को रोजगार से जोड़ना, जिससे केवल डिग्री प्राप्त नहीं होगी, बल्कि काम करने का कौशल भी विकसित होगा। साथ ही पांच यूनिवर्सिटी टाउनशिप बनाने की योजना भी रखी गई है। ये टाउनशिप्स संपूर्ण शिक्षा का केंद्र होंगी, जिनमें विश्वविद्यालय, कालेज, शोध संस्थान और कौशल केंद्र, सबके लिए जगह होगी।

# ऐतिहासिक घटनाएं

- 1987 - फिजी में रक्तहीन सैनिक क्रान्ति के बाद सरकार का तख्ता पलटा गया।
- 1989 - दक्षिण अफ़्रीकी नेशनल पार्टी द्वारा पीटर बोथा के स्थान पर एफ़.डब्ल्यू.डी. क्लार्क को राष्ट्रपति बनाया गया।
- 1990 - श्रीमती अर्था पास्कल ट्राविल हैती की प्रथम महिला राष्ट्रपति बनीं।
- 1999 - स्पेन का कार्लोस मोया विश्व का नंबर एक टेनिस खिलाड़ी बना।
- 2000 - मोहम्मद मुस्तफ़ा मेरो सीरिया के नये प्रधानमंत्री बने।
- 2001 - संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध की अवधि बढ़ाई, रातुविता मोमेदोनू फिजी के कार्यवाहक प्रधानमंत्री नियुक्त।
- 2002 - सर्बिया व यूगोस्लाविया में संधि पर हस्ताक्षरर, सेना गाजा पट्टी में घुसी।
- 2004 - चीन में निजी सम्पत्ति को क़ानूनी मान्यता प्रदान करने के लिए संविधान में संशोधन।
- 2007 - कारगिल और स्कार्दु के बीच भारत-पाकिस्तान में बस सेवा प्रारम्भ करने पर सहमति।
- 2008 - विक्ट्री समूह ने ब्रिटेन की प्रसिद्ध स्विचगियर निर्माता कंपनी 'क्रेग एण्ड डेरिकार' का अधिग्रहण किया। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-चेयरमैन आसिफ़ अली जरदारी को पाकिस्तान में घूंसखोरी के आरोपों से बरी किया गया।
- 2018 - ब्रितानी भौतिकशास्त्री और ब्रह्माण्ड-विज्ञानी स्टीफन हॉकिंग का 76 वर्ष की आयु में निधन

## 14 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- 1913 - एस. के. पोट्टेक्काट्ट, प्रसिद्ध मलयालम साहित्यकार
- 1965 - आमिर ख़ान, प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता।
- 1904 - दानमल माथुर - को राजस्थान के एक प्रसिद्ध और अत्यधिक सम्मानित प्रकाशक के रूप में याद किया जाता है।
- 1895 - गुरमुख निहाल सिंह - दिल्ली के भूतपूर्व दूसरे मुख्यमंत्री तथा राजस्थान के प्रथम राज्यपाल थे।
- 1879 - अलबर्ट आइंस्टाइन, प्रसिद्ध वैज्ञानिक

## 14 मार्च को हुए निधन


- 2023 - डॉ. वेदप्रताप वैदिक का उनके निवास नई दिल्ली में निधन हो गया।
- 2018 - स्टीफन हॉकिंग - विश्व प्रसिद्ध ब्रितानी भौतिक विज्ञानी।
- 2010 - गोविन्द विनायक करंदीकर - मराठी में रचना करने वाले प्रसिद्ध कवि, लेखक, अनुवादक व समीक्षक थे।
- 1997 - वीरेन्द्र पाटिल - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ राजनीतिज्ञों में से एक थे।
- 1986 - के. सी. अब्राहम - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे।
- 1883 - कार्ल मार्क्स, एक प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक, अर्थशास्त्री और वैज्ञानिक समाजवाद का प्रणेता था।
- 1963 - जयनारायण व्यास, भारत के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री और 'भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस' के प्रसिद्ध राजनेता थे।

## विशेष आलेख

# इच्छामृत्यु पर सुप्रीम कोर्ट का संवेदनशील फैसला



डॉ. सत्यवान सौरभ




भारत की न्याय व्यवस्था केवल कानून की व्याख्या करने वाली संस्था भर नहीं है, बल्कि वह समाज के नैतिक मूल्यों और मानवीय संवेदनाओं को दिशा देने वाली महत्वपूर्ण व्यवस्था भी है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया द्वारा गाजियाबाद के 32 वर्षीय हरीश राणा के मामले में दिया गया निर्णय इसी मानवीय दृष्टिकोण का सशक्त उदाहरण है। पिछले तेरह वर्षों से स्थायी वनस्पतिक अवस्था में जीवन व्यतीत कर रहे हरीश राणा के मामले में अदालत ने उनके परिजनों को जीवन-रक्षक चिकित्सा उपकरण हटाने की अनुमति प्रदान की। यह निर्णय केवल एक कानूनी आदेश नहीं, बल्कि मानव जीवन की गरिमा, पीड़ा और नैतिक दायित्वों के बीच संतुलन स्थापित करने का प्रयास भी है। इस मामले की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति पर्दिवाला और न्यायमूर्ति विस्वनाथं की पीठ ने जिस संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण का परिचय दिया, वह भारतीय न्याय व्यवस्था की गरिमा को दर्शाता है। विशेष रूप से निर्णय सुनाते समय न्यायमूर्ति पारदीवाला का भावुक होना इस बात का संकेत है कि न्यायालय केवल विधिक तर्कों के आधार पर नहीं चलता, बल्कि वह मानवीय पीड़ा को भी गहराई से समझने का प्रयास करता है।

इच्छामृत्यु का प्रश्न लंबे समय से समाज, चिकित्सा विज्ञान और कानून के बीच बहस का विषय रहा है। सामान्य शब्दों में इच्छामृत्यु का अर्थ है ऐसी परिस्थिति में व्यक्ति को मृत्यु की अनुमति देना, जब उसका जीवन असाध्य बीमारी या असहनीय पीड़ा से घिरा हो और उसके स्वस्थ होने की कोई संभावना न हो। भारतीय कानून में सक्रिय इच्छामृत्यु अर्थात किसी को जानबूझकर मृत्यु देना स्वीकार्य नहीं है, लेकिन निष्क्रिय इच्छामृत्यु अर्थात जीवन-रक्षक उपचार हटाने की अनुमति कुछ विशेष परिस्थितियों में दी जा सकती है।

हरीश राणा का मामला इसी निष्क्रिय इच्छामृत्यु से जुड़ा हुआ है। वे पिछले तेरह वर्षों से ऐसी अवस्था में हैं जिसे चिकित्सा विज्ञान में स्थायी वनस्पतिक अवस्था कहा जाता है। इस स्थिति में व्यक्ति जीवित तो रहता है, परंतु उसके मस्तिष्क की चेतन क्रियाएं लगभग समाप्त हो जाती हैं। वह स्वयं निर्णय लेने, बोलने या सामान्य प्रतिक्रिया देने में सक्षम नहीं होता। ऐसे रोगियों का जीवन प्रायः कृत्रिम उपकरणों और निरंतर चिकित्सकीय देखभाल पर निर्भर रहता है।

किसी भी परिवार के लिए यह स्थिति अत्यंत पीड़ादायक होती है। वर्षों तक अपने प्रियजन को अचेत अवस्था में देखना मानसिक और भावनात्मक रूप से अत्यंत कठिन अनुभव होता है। इसके साथ-साथ आर्थिक बोझ भी लगातार बढ़ता जाता है। इसलिए कई बार परिवार यह कठिन निर्णय लेने के लिए मजबूर हो जाता है कि क्या केवल मशीनों के सहारे जीवन बनाए रखना वास्तव में उचित है।

यहीं से इच्छामृत्यु का नैतिक प्रश्न सामने आता है। एक ओर मानव जीवन को सर्वोच्च मूल्य माना जाता है और उसे हर परिस्थिति में बचाने का प्रयास किया जाता है। दूसरी ओर यह भी प्रश्न उठता है कि यदि जीवन केवल शारीरिक अस्तित्व तक सीमित रह जाए और उसमें चेतना, संवाद और मानवीय अनुभव समाप्त हो जाएं, तो क्या उसे उसी प्रकार जीवन कहा जा सकता है जैसा हम सामान्य रूप से समझते हैं।

भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर इन जटिल प्रश्नों पर संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का प्रयास किया है। पहले भी अदालत यह स्पष्ट कर चुकी है कि व्यक्ति को गरिमा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। इसी संदर्भ में यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण हो जाता है कि क्या व्यक्ति को गरिमा के साथ मृत्यु प्राप्त करने का अधिकार भी होना चाहिए। हालांकि इस विषय में अत्यधिक सावधानी बरतना आवश्यक है, ताकि इसका किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न हो सके। इसी कारण भारत में निष्क्रिय इच्छामृत्यु के लिए कड़े नियम निर्धारित किए गए हैं। किसी भी व्यक्ति के मामले में जीवन-रक्षक उपचार हटाने का निर्णय केवल परिवार की इच्छा से नहीं लिया जा सकता। इसके लिए चिकित्सकों की विशेषज्ञ समिति, विस्तृत चिकित्सा परीक्षण और न्यायिक अनुमति जैसी कई प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि निर्णय पूरी तरह मानवीय हित और चिकित्सकीय तथ्यों के आधार पर लिया जाए। हरीश राणा के मामले में भी अदालत ने सभी पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने के बाद ही यह निर्णय दिया। इस फैसले का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि यह समाज को यह सोचने का अवसर देता है कि जीवन की गरिमा का वास्तविक अर्थ क्या है। केवल शारीरिक अस्तित्व बनाए रखना ही जीवन का उद्देश्य नहीं हो सकता। जीवन में चेतना, संवाद, अनुभव और मानवीय संबंधों का भी उतना ही महत्व है।

इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि इच्छामृत्यु जैसे विषय पर समाज में गंभीर और जिम्मेदार चर्चा हो। कुछ लोग इसे मानवीय पीड़ा से मुक्ति का माध्यम मानते हैं, जबकि कुछ इसे जीवन के मूल्यों के विरुद्ध मानते हैं। इन दोनों दृष्टिकोणों के बीच संतुलन स्थापित करना ही कानून और समाज की सबसे बड़ी चुनौती है।

भारत जैसे विविधतापूर्ण समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मान्यताएं भी इस विषय को प्रभावित करती हैं। अनेक परंपराओं में जीवन को ईश्वर का उपहार माना जाता है और उसकी समाप्ति को केवल प्राकृतिक प्रक्रिया के रूप में स्वीकार किया जाता है। इसलिए इच्छामृत्यु के प्रश्न पर लोगों की भावनाएं भी गहराई से जुड़ी होती हैं।

फिर भी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और बदलती सामाजिक परिस्थितियों ने इस विषय को नई दृष्टि से देखने की आवश्यकता उत्पन्न कर दी है। आज चिकित्सा तकनीक इतनी उन्नत हो चुकी है कि कई बार व्यक्ति को लंबे समय तक कृत्रिम रूप से जीवित रखा जा सकता है। ऐसे में यह प्रश्न और अधिक जटिल हो जाता है कि क्या हर परिस्थिति में जीवन को इसी प्रकार बनाए रखना उचित है।

इस संदर्भ में अदालत का यह निर्णय संतुलित दृष्टिकोण का उदाहरण प्रस्तुत करता है। यह फैसला न केवल कानून की मर्यादा का पालन करता है, बल्कि मानवीय संवेदना को भी सम्मान देता है। न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जीवन की गरिमा और मानवीय पीड़ा दोनों को ध्यान में रखते हुए ही ऐसे मामलों में निर्णय लिया जाना चाहिए।

**( ये लेखक के अपने निजी चिार हैं। )**

# नचिकेता के अनुपम आदर्श से अनभिज्ञ होती आधुनिक पीढ़ी



अरविंद रावल

आज का युग तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का युग है। मोबाइल और इंटरनेट से घिरी आधुनिक पीढ़ी किसी भी प्रश्न का उत्तर कुछ ही क्षणों में गूगल पर खोज सकती है। यदि आज के बच्चों या युवाओं से पूछा जाए कि नचिकेता कौन थे, तो वे संभवत: तुरंत इंटरनेट पर खोज कर उत्तर बता देंगे। लेकिन यदि यही प्रश्न बिना गूगल या एआई की सहायता के पूछा जाए, तो शायद अधिकांश लोग निरुत्तर रह जाएंगे। यह स्थिति हमारी शिक्षा व्यवस्था और सांस्कृतिक स्मृति पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है । भारतीय वैदिक साहित्य में कृष्ण यजुर्वेद के कठोपनिषद में वर्णित नचिकेता और यमराज के संवाद की कथा अत्यंत प्रेरणादायक मानी जाती है। बालक नचिकेता का चरित्र पितृभक्ति, सत्यनिष्ठा, साहस, वैराग्य और ज्ञान-पिपासा का अद्भुत उदाहरण है। दुर्भाग्य से आज की शिक्षा पद्धति में इस महान आदर्श का समुचित स्थान नहीं है। यदि कहीं इसका उल्लेख मिलता भी है तो वह केवल कुछ श्लोकों तक सीमित रह जाता है।

वैदिक ग्रंथों के अनुसार लगभग दस वर्ष की आयु का बालक नचिकेता अत्यंत तेजस्वी और जिज्ञासु था। उसके पिता उद्दालक ऋषि ने विश्वजीत नामक यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सर्वस्व दान करना अनिवार्य था। यज्ञ के दौरान जब उद्दालक ऋषि दुर्बल और बूढ़ी गायों का दान करने लगे, तब नचिकेता ने विनम्रतापूर्वक उन्हें समझाया कि ऐसा दान, जो किसी के काम न आए, धर्मसम्मत नहीं है।

नचिकेता ने अपने पिता से कहा कि यदि दान ही देना है तो मुझे ही दान कर दीजिए, ताकि मैं किसी के काम आ सकूँ। नचिकेता पिता से कहता है कि मैं भी आपका धन हूँ, अत: इन गायों की जगह आप मेरा ही दान कर दीजिए ताकि मैं किसी के कुछ काम आ सकू। गोदान करते समय पिता के पास आकर नचिकेता बार-बार एक ही प्रश्न पूछता है — 'तत् कस्मै मां दास्यसि?' अर्थात आप मुझे किसे दान देंगे? बार-बार एक ही प्रश्न पूछने पर आवेश में आकर पिता के मुख से निकल गया— 'मैं तुझे यमराज को देता हूँ।' पिता के इस वचन को सत्य सिद्ध करने के लिए बालक नचिकेता मृत्यु के देवता यमराज के लोक तक पहुँच गया। यमराज के द्वार पर वह तीन दिन और तीन रात बिना अन्न-जल के प्रतीक्षा करता रहा। अतिथि के रूप में आए इस बालक की तपस्या और पितृभक्ति से प्रभावित होकर यमराज ने उसे तीन वरदान माँगने को कहा । पहले वरदान में नचिकेता ने अपने पिता के क्रोध और दुख के शांत होने की कामना की। दूसरे वरदान में उसने अग्नि विद्या का ज्ञान माँगा। तीसरे वरदान के रूप में उसने जीवन के सबसे गूढ़ प्रश्न को सामने रखा— मृत्यु के बाद आत्मा का क्या होता है ? यमराज ने उसकी परीक्षा लेने के लिए उसे अपार धन, ऐश्वर्य, सुख-सुविधाएँ और स्वर्गिक भोग देने का प्रस्ताव रखा, लेकिन नचिकेता ने इन सबको अस्वीकार कर दिया। उसने स्पष्ट कहा कि संसार के सभी भोग क्षणभंगुर हैं और मनुष्य कभी धन से तृप्त नहीं होता। उसे केवल आत्मा के सत्य का ज्ञान चाहिए।

नचिकेता की इस अद्भुत वैराग्य भावना और दृढ़ जिज्ञासा से प्रसन्न होकर यमराज ने उसे आत्मा और ब्रह्म के रहस्य की ब्रह्मविद्या का ज्ञान दिया। यही ज्ञान आगे चलकर कठोपनिषद का अमूल्य संदेश बना। नचिकेता के महान जीवन चरित्र आदर्श की तुलना आज के आधुनिक समाज से करें तो स्थिति बहुत चिंताजनक दिखाई देती है। आज की पीढ़ी भौतिक सुखों और विलासिता की दौड़ में अपने पारिवारिक संस्कारों, धार्मिक ग्रंथों और सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होती जा रही है। आज हर वर्ग हर समाज की आधुनिक होती पीढ़ी विलासिता में डूबकर अपने घर, परिवार, समाज की मान-मर्यादा, रीति-नीति और संस्कारों से न केवल दूर हो रही है बल्कि अपने वैदिक धार्मिक ग्रंथों में छिपे असीम रहस्यों, इतिहास और आदर्श चरित्रों से भी वह अनभिज्ञ हो चुकी हे ! बढ़ती आपराधिक प्रवृत्तियाँ, नशे की लत और कम उम्र में भटकाव समाज के सामने गंभीर चुनौती बनकर उभर रहे हैं। ऐसी स्थिति में नचिकेता जैसे आदर्श चरित्रों की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है।

**( ये लेखक के अपने निजी चिार हैं। )**

## लघुकथा

# बंदर

आज़ादी के समय देश में हर तरफ दंगे फैले हुए थे। गांधी जी बहुत दुखी थे। उनके दुख के दो कारण थे - एक दंगे, दूसरा उनके तीनों बंदर खो गए थे। बहुत तलाश किया लेकिन वे तीन न जाने कहां गायब हो गए थे।

एक दिन सुबह अपनी प्रार्थना सभा के बाद गांधी जी शहर की गलियों में घूम रहे थे कि अचानक उनकी निगाह एक मैदान पर पड़ी, जहां बंदरों की सभा हो रही थी।

उत्सुकतावश गांधीजी करीब गए। उन्होंने देखा कि उनके तीनों बंदर मंचासीन हैं। उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। प्रसन्न मन वे उन तीनों के पास पहुंचे।

गांधीजी, 'अरे तुम लोग कहां चले गए थे, मैंने तुम तीनों को कितना ढूंढा? यहां क्या कर रहे हो?'



बंदर बोले, 'गांधीजी, हम लोगों ने आपको और आपके सिद्धान्त दोनों को त्याग दिया है। यह हमारी पार्टी की पहली सभा है। देश आजाद हो गया। अब आपकी और आपके सिद्धान्तों की देश को क्या जरूरत?'

गांधी जी हतप्रभ से खड़े रह गए। आज भी खड़े हैं ठगे से, मूक इस देश में हो रहा तमाशा देखते।

अपने शहर में ढूंढिएगा कहीं न कहीं मिल जाएंगे मूर्तिवत खड़े हुए।

## हेल्थ टिप्स

# किडनी को डैमेज कर सकती हैं ये 5 गलत आदतें

किडनी हमारे शरीर का अहम अंग है। यह शरीर में मौजूद गंदगी और विषाक्त पदार्थों को फिल्टर करके पेशाब के जरिए बाहर निकलने का काम करती है। अगर किडनी में किसी तरह की परेशानी हो जाए, तो शरीर में गंदगी जमा होने लगती है। ऐसे में, शरीर को स्वस्थ रखने के लिए किडनी को स्वस्थ रखना बहुत जरूरी है। लेकिन आजकल के गलत खानपान और खराब जीवनशैली के कारण किडनी के स्वास्थ्य को काफी नुकसान पहुंचता है। यही वजह है कि आजकल लोगों में किडनी से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। हमारी कुछ खराब आदतों की वजह से किडनी धीरे-धीरे खराब हो सकती है। इसलिए किडनी को स्वस्थ रखने के लिए इनसे बचने की कोशिश करनी चाहिए। तो आइए,



जानते हैं उन आदतों के बारे में, जिनकी वजह से किडनी खराब हो सकती है -

**कम पानी पीना:** शरीर को ना सिर्फ हाइड्रेट रखने के लिए, बल्कि किडनी और अन्य अंगों को ठीक तरीके से काम करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बहुत जरूरी है। पानी की कमी से शरीर में टॉक्सिंस जमा होने लगते हैं, जिसकी वजह से किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इसके कारण किडनी से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए दिन भर में काम से कम 2 से 3 लीटर पानी जरूर पीएं।

**अत्यधिक नमक का सेवन:** अत्यधिक नमक का सेवन भी किडनी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकता है। दरअसल, ज्यादा नमक का सेवन ब्लड प्रेशर को बढ़ा सकता है, जो किडनी डैमेज का कारण बन सकता है। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए नमक का सेवन सीमित मात्रा में करें।

**पेन किलर्स का अधिक सेवन:** हम में से कई लोग दर्द से तुरंत राहत पाने के लिए पेनकिलर का सेवन करते हैं। लेकिन बार-बार पण किलर्स खाने से आपकी किडनी को नुकसान पहुंच सकता है।

**शराब और धूम्रपान:** अगर आप शराब और धूम्रपान का सेवन करना पसंद करते हैं, तो अपनी इस आदत को तुरंत बदल दें। शराब और धूम्रपान आपकी किडनी के लिए बहुत हानिकारक है। शराब का सेवन किडनी के फिल्टरिंग सिस्टम को प्रभावित कर सकता है। वहीं, धूम्रपान आपके कार्डियोवैस्कुलर सिस्टम को नुकसान पहुंचा सकता है। साथ ही, यह किडनी में ब्लड फ्लो को भी कम कर सकता है। इससे किडनी से जुड़ी बीमारियों का रिस्क बढ़ता है।

**प्रोसेस्ड फूड का सेवन:** ज्यादा प्रोसेस्ड फूड खाना सेहत के लिए अच्छा नहीं माना जाता। इन फूड्स में कई तरह के प्रिजर्वेटिव और अधिक मात्रा में सोडियम का इस्तेमाल किया जाता है, जो किडनी और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक हो सकता है। इसलिए ब्रेड, बिस्कुट, बेकरी आइटम्स और इंस्टैंट नूडल्स जैसे प्रोसेस्ड फूड्स का सेवन करने से बचें।

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिए सुख और संतोष से भरा रहने वाला है। व्यापार से जुड़ी आपकी योजनाएं आपको अच्छा लाभ दे सकती हैं। यदि आपकी संतान ने हाल ही में किसी परीक्षा में भाग लिया था, तो उसके परिणाम आने की संभावना है और वह आपके लिए खुशी का कारण बन सकता है। परिवार के सदस्यों के साथ आपके संबंध भी मधुर रहेंगे और आप सभी एक-दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखेंगे।

### वृष
आज का दिन आर्थिक दृष्टि से आपके लिए काफी अच्छा रहने वाला है। लंबे समय से रुका हुआ धन वापस मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी।

### मिथुन
आज का दिन आपके लिए मध्यम फल देने वाला रहेगा। यदि कोई सरकारी काम लंबे समय से अटका हुआ था और उसे पूरा करने में दिक्कत आ रही थी, तो आज उसके पूरे होने की संभावना बन सकती है।

### कर्क
आज का दिन आपके लिए सामान्य लेकिन संतोषजनक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में यदि कुछ समय से मतभेद या परेशानियां चल रही थीं, तो अब उनमें काफी हद तक सुधार देखने को मिल सकता है।

### सिंह
आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आ सकता है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें सफलता मिलने की प्रबल संभावना रहेगी। संतान भी पढ़ाई-लिखाई में अच्छा प्रदर्शन करेगी।

### कन्या
आज का दिन आपके लिए नई संभावनाएं लेकर आ सकता है, खासकर नौकरी के क्षेत्र में। नई नौकरी मिलने के योग बन रहे हैं और किसी कार्य से संबंधित यात्रा भी करनी पड़ सकती है।

### तुला
आज का दिन आपके लिए प्रगति और तरक्की के संकेत लेकर आ सकता है। अविवाहित लोगों के जीवन में किसी नए व्यक्ति का आगमन हो सकता है, जो आगे चलकर खास स्थान बना सकता है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपको हर निर्णय सोच-समझकर लेने की सलाह दे रहा है। जल्दबाजी में किए गए कामों में गड़बड़ी हो सकती है और व्यस्तता के कारण आप कुछ गलत फैसले भी ले सकते हैं।

### धनु
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आने वाला है। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है, क्योंकि छोटी-सी लापरवाही परेशानी का कारण बन सकती है।

### मकर
आज का दिन आपके लिए व्यापार और कामकाज में वृद्धि का संकेत दे रहा है। परिवार में किसी सदस्य से किया हुआ वादा समय रहते पूरा करना जरूरी होगा, वरना वे आपसे नाराज हो सकते हैं।

### कुंभ
आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आ सकता है। कहीं आने-जाने या घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है, जो भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होगी।

### मीन
आज का दिन कामकाज के मामलों में आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपने कार्यों को लेकर काफी मेहनत करेंगे और उसका अच्छा परिणाम भी देखने को मिल सकता है। माताजी के साथ आपके संबंध पहले से अधिक मधुर हो सकते हैं।

# 22 मई से शुरू होगा जनगणना का पहला चरण

## डीएम की अध्यक्षता में जनगणना-2027 की तैयारी बैठक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना-2027 की तैयारियों और उसके क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार ने जनगणना से संबंधित प्रक्रिया और तैयारियों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना-2027 का पहला चरण, यानी मकान सूचीकरण और मकानों की गणना, प्रदेश में 22 मई से 20 जून तक पूरी तरह डिजिटल माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही जनगणना शुरू होने से 15 दिन पहले स्व-गणना की सुविधा भी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना से जुड़े सभी कार्य समय से और गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। इसके अंतर्गत पोर्टल के माध्यम से मकान सूचीकरण, जनगणना ब्लॉक और स्लम ब्लॉक का गठन, प्रगणक व सुपरवाइजर की नियुक्ति तथा उनका प्रशिक्षण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिए ब्लॉक निर्धारण का कार्य तुरंत शुरू किया जाए और इसमें पूरी सावधानी बरती जाए। उन्होंने बताया कि जनगणना कार्य में चार्ज ऑफिसर, फील्ड ट्रेनर, सुपरवाइजर और प्रगणकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें जनगणना की प्रक्रिया, हाउस लिस्टिंग, लेआउट मैप तैयार करने और आंकड़े एकत्र करने के तरीके की जानकारी दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना देश का अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके जरिए जनसंख्या से जुड़े सटीक आंकड़े मिलते हैं। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर सरकार विभिन्न योजनाओं की योजना बनाती और उन्हें लागू करती है, इसलिए यह कार्य पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ किया जाना चाहिए। बैठक में बताया गया कि प्रगणक मोबाइल में एमएलबी एप इंस्टॉल कर घर-घर जाकर जानकारी दर्ज करेंगे और नियमित रूप से डेटा सिंक करेंगे। यदि किसी परिवार ने स्व-गणना की होगी तो उसकी एसई आईडी लेकर जानकारी का सत्यापन किया जाएगा। वहीं सुपरवाइजर अपने क्षेत्र में सभी जनगणना ब्लॉकों का सत्यापन कर प्रगणकों के कार्य की निगरानी करेंगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# राज्य मंत्री का कुमार फूड कोल्ड स्टोर पर औचक निरीक्षण

- आलू किसानों को प्राथमिकता देने के निर्देश

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने जनपद के कुमार फूड कोल्ड स्टोर का औचक निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कोल्ड स्टोर में आलू के भंडारण, उपलब्ध सुविधाओं और किसानों को मिल रही व्यवस्था की स्थिति देखी। मौके पर मौजूद कोल्ड स्टोरेज संचालकों और विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि स्थानीय क्षेत्र के किसानों को प्राथमिकता दी जाए।

उन्होंने कहा कि कोल्ड स्टोरेज में क्षेत्र सीमा के बराबर का हिस्सा रिक्त रखा जाए, ताकि उस सीमा के अंदर आने वाले आलू किसानों को आसानी से भंडारण की सुविधा मिल सके और उन्हें अपने आलू रखने के लिए दूसरे जिलों में न जाना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि आलू किसानों को भंडारण में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है और किसी भी स्थिति में आलू किसानों का अहित नहीं होने दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि यदि जनपद में आलू का उत्पादन अधिक होता है और कोल्ड स्टोरेज में जगह कम पड़ती है, तो आसपास के जिलों में भी आलू भंडारण की व्यवस्था कराई जाएगी, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला युवक गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** थाना खुटार पुलिस ने युवती को बहला-फुसलाकर भगाने और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में एक आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है। पुलिस के अनुसार 7 मार्च को प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना खुटार में मुकदमा बीएनएस के तहत पुजेश उर्फ पीयूष पांडे और उसके पिता प्रदीप पांडे निवासी ग्राम धनसिंहपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। जांच के दौरान सामने आया कि आरोपी पुजेश उर्फ पीयूष पांडे ने युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा लिया और उसे आत्महत्या के लिए उकसाया। इसके बाद युवती ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। वहीं आरोपी के पिता पर पीड़िता के परिजनों को गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 108, 352 और 351(3) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई। शुक्रवार को थाना खुटार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी पुजेश उर्फ पीयूष पांडे (22) को जेसी बाबा भट्टे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सत्येन्द्रपाल सिंह और हेड कांस्टेबल इन्द्रेश कुमार शामिल रहे।

# मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन लगने के 5 मिनट बाद व्यक्ति की मौत

- परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** तिलहर क्षेत्र में एक मेडिकल स्टोर पर इंजेक्शन लगाने के बाद 53 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों ने मेडिकल स्टोर संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार तिलहर थाना क्षेत्र के हुसैनापुर निवासी श्यामलाल (53) शुक्रवार शाम अचानक पेट दर्द से परेशान हो गए। उनके बेटे ब्रजेश उन्हें बाइक से रेलवे फाटक के पास स्थित एक मेडिकल स्टोर पर दवा दिलाने ले गए। परिजनों का आरोप है कि मेडिकल स्टोर पर पहले श्यामलाल को दवा दी गई। इसके बाद वहां मौजूद व्यक्ति ने दर्द जल्दी ठीक होने की बात कहकर उन्हें इंजेक्शन लगा दिया। बेटे ब्रजेश के मुताबिक इंजेक्शन लगने के करीब पांच मिनट बाद ही श्यामलाल बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद मेडिकल स्टोर संचालक ने ऑटो मंगवाकर उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

परिजनों का आरोप है कि जब वे दोबारा मेडिकल स्टोर पहुंचे तो दुकान बंद थी और बाहर लिखा नाम भी मिटा दिया गया था। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# 25 मार्च को स्कूलों में होगा नवारंभ उत्सव

- छोटे बच्चों के नामांकन पर रहेगा जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** जनपद के सभी परिषदीय प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में 25 मार्च को एक साथ ह्लनवारंभ उत्सवह्व मनाया जाएगा। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दिव्या गुप्ता ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों और इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

बीएसए दिव्या गुप्ता ने बताया कि शासन के निर्देश पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा से जोड़ने और बालवाटिका में नामांकन बढ़ाने के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय को 3000 रुपये की ग्रांट भी भेजी गई है। उन्होंने बताया कि विद्यालयों में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों और बालवाटिकाओं में बच्चों और अभिभावकों की सहभागिता के साथ विभिन्न गतिविधियां कराई जाएंगी। एसआरजी और एआरपी को कार्यक्रम का निरीक्षण कर फोटो सहित रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।

कार्यक्रम के तहत 3 से 4 वर्ष के बच्चों का बालवाटिका में प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही बच्चों से रेत या मिट्टी पर लिखाई और आकृति बनाने जैसी रचनात्मक गतिविधियां भी कराई जाएंगी। वहीं 5 से 6 वर्ष के ऐसे बच्चों को, जिनकी उम्र 6 वर्ष पूरी हो चुकी है, उन्हें कक्षा 1 में प्रवेश दिलाने के लिए अभिभावकों को प्रेरित किया जाएगा। बीएसए ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिया है कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि अधिक से अधिक अभिभावक और माताएं इसमें भाग ले सकें। इसके लिए शिक्षक और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां अपने क्षेत्र के 3 से 6 वर्ष के बच्चों की पहचान कर उनके अभिभावकों को कार्यक्रम में आमंत्रित करेंगी।

# 14,802 करोड़ की वार्षिक ऋण योजना को मंजूरी

- कृषि और उद्योग को मिलेगा बढ़ावा

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद में विकास योजनाओं को गति देने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए जनपद की वार्षिक ऋण योजना को मंजूरी दी गई, जिसमें कुल 14,802.53 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

बैठक में बताया गया कि इस योजना के तहत कृषि क्षेत्र के लिए 8,948.29 करोड़ तथा लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए 3,684 करोड़ का ऋण लक्ष्य तय किया गया है। यह लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 28.38 प्रतिशत अधिक है। मुख्य विकास अधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने मत्स्य पालन तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें शीघ्र लाभ पहुंचाने के भी निर्देश दिए। बैठक में जनपद का सीडी रेशियो 85.81 प्रतिशत होने पर संतोष व्यक्त किया गया। इस दौरान भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से आई प्रतिनिधि नम्रता किरण मेहता ने भी जिले में बैंकिंग कार्यों की प्रगति की सराहना की। साथ ही जिन बैंकों का सीडी रेशियो कम है, विशेषकर यूबीआइ, इंडसइंड बैंक और यस बैंक, उन्हें अपने प्रदर्शन में सुधार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक आर.आर. तिवारी, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक रवि शर्मा, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार, सहायक निदेशक मत्स्य पूरनलाल, जिला उद्योग केंद्र के उपायुक्त संजय कुमार सिंह, पीओ नेडा राम आधार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दरोगा पर सीएचसी कर्मचारी से बदसुलूकी का आरोप

**शाहजहांपुर।** जिले के बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी ने थाने के दरोगा पर गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप लगाया है। कर्मचारी का कहना है कि उसने रात में इलाज कराने आई एक अकेली युवती की सुरक्षा के लिए पुलिस को सूचना दी थी, जिसके बाद दरोगा भड़क गए और उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, एक युवती अकेले इलाज कराने बंडा सीएचसी पहुंची थी। कर्मचारी ने इसकी सूचना डॉक्टर को दी। युवती की सुरक्षा को देखते हुए डॉक्टर ने थाने पर फोन कर रात में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भेजने की बात कही। बताया जा रहा है कि सूचना मिलने पर एक दरोगा सीएचसी पहुंचे, लेकिन वहां पहुंचते ही उन्होंने चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी से गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि दरोगा को शक था कि युवती का कर्मचारी से कोई संबंध है। दरोगा ने कर्मचारी से उसका और युवती का पता पूछा, जो एक ही क्षेत्र का निकला। इसके बाद दरोगा ने कथित तौर पर अभद्रता की।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 150 जोड़ों का हुआ विवाह

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहाँपुर।** जलालाबाद स्थित माँ वैष्णोधाम मैरिज लॉन में शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कुल 150 जोड़ों (144 हिंदू और 6 मुस्लिम) का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा रहे। उनके साथ क्षेत्र पंचायत मिजार्पुर, कलान व जलालाबाद के अध्यक्ष, नगर पालिका जलालाबाद, अल्हागंज और कलान के अध्यक्ष, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन इंदु अजनबी ने किया। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने नवविवाहित जोड़ों को सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में खण्ड विकास अधिकारी जलालाबाद, मिजार्पुर, कलान, नगर पालिका परिषद जलालाबाद, नगर पंचायत कलान और अल्हागंज के अधिकारियों व कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय के नरेंद्र देव, श्रवण सिंह राना, रणवीर सिंह, तुषार, सुधीर पाल और प्रशांत सहित अन्य कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया। अंत में जिला समाज कल्याण अधिकारी शाहजहाँपुर ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# सोलर पैनल चोरी का खुलासा पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** थाना रोजा पुलिस ने सोलर पैनल चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किया गया एक सोलर पैनल भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार स्वामी विवेकानंद आश्रम अकर्रा रसूलपुर निवासी टेक्नीशियन ओम प्रकाश सिंह ने 14 मार्च को थाना रोजा में सोलर पैनल चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। इस आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान शनिवार को गश्त कर रही पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली, जिसके आधार पर मुनीश (24) पुत्र रामाधीन निवासी ग्राम बिलिन्दापुर गोटिया, थाना रोजा को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घर से सात्विक ग्रीन एनर्जी कंपनी का एक सोलर पैनल बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 21 जनवरी को गांव के बाहर रवीन्द्र के खेत से दो सोलर पैनल चोरी किए थे। इनमें से एक पैनल बरेलीह्वसीतापुर हाईवे पर एक अज्ञात व्यक्ति को 3000 रुपये में बेच दिया, जबकि दूसरा अपने घर पर छिपाकर रख लिया था। बिक्री से मिले रुपये उसने खर्च कर दिए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, उपनिरीक्षक शम्भूदयाल भार्गव, ओमपाल सिंह, महिला उपनिरीक्षक पूनम दहिया सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# गैस की कोई किल्लत नहीं, एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक

जागरण मोर्चा कार्यालय



**शाहजहांपुर।** जनपद में गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है और सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि पहले एक वित्तीय वर्ष में 15 गैस रिफिल की अनुमति थी, जिसे उपभोक्ता कभी भी ले सकते थे। वर्तमान में नए नियम के अनुसार शहरी क्षेत्रों में 25 दिन और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही अगली गैस बुकिंग की जा सकती है, जिससे उपभोक्ता वर्ष भर में पहले की तरह ही रिफिल प्राप्त कर सकेंगे।

शनिवार को जिले में इंडेन गैस एजेंसियों के 5000 उपभोक्ताओं ने बुकिंग कराई और 5000 को डिलीवरी दी गई, वहीं बीपीसी गैस एजेंसियों पर 4000 उपभोक्ताओं ने बुकिंग कराई जिनमें 3700 को गैस रिफिल दी गई, जबकि एचपी गैस के 1122 उपभोक्ताओं ने बुकिंग कराई और 2322 उपभोक्ताओं को रिफिल की डिलीवरी की गई। इस प्रकार कुल 10122 उपभोक्ताओं ने गैस रिफिल के लिए बुकिंग कराई और करीब 11000 उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर की डिलीवरी दी गई। गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी, अवैध भंडारण और अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील और नगर स्तर पर टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार निरीक्षण कर रही हैं।

किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही गैस बुकिंग और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से गैस के स्टॉक और आपूर्ति की निगरानी की जा रही है। सभी गैस एजेंसियों पर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपभोक्ता किसी भी समस्या के समाधान के लिए इंडेन गैस के बिक्री प्रबंधक अमित कुमार (7388880580), एचपी गैस के बिक्री प्रबंधक सौरभ शुक्ला (8655436282) और बीपीसी गैस के बिक्री प्रबंधक सुदीप कुमार (8949987830) से संपर्क कर सकते हैं।

## गैस सिलेंडर की बढ़ी कीमतों के विरोध में आप कार्यकताओं ने सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर।** बढ़ती महंगाई और एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोतरी के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। कार्यकताओं ने कहा कि महंगाई की वजह से आम लोगों का जीवन मुश्किल होता जा रहा है और सरकार को जल्द राहत देने के लिए कदम उठाने चाहिए। ज्ञापन में बताया गया कि घरेलू गैस सिलेंडर के दाम में हाल ही में 60 और कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम में 120 की बढ़ोतरी की गई है। इससे आम परिवारों के साथ-साथ छोटे व्यापारियों पर भी आर्थिक बोझ बढ़ गया है। कार्यकताओं का कहना है कि बढ़ती कीमतों की वजह से गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ रहा है।




उन्होंने कहा कि होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े छोटे कारोबारियों को भी गैस की महंगाई का सीधा असर झेलना पड़ रहा है। कई जगह कारोबार प्रभावित हो रहा है और रोजगार पर भी संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि देश में इस्तेमाल होने वाली करीब 60 प्रतिशत एलपीजी गैस आयात की जाती है, इसलिए अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर कीमतों पर पड़ता है। कार्यकताओं ने मांग की कि बढ़ती महंगाई और गैस सिलेंडर की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार आवश्यक कदम उठाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

# डीएम साहब! अहंकार में डूबे हैं सीएमएस, प्राचार्य भी नहीं उठाती हैं फोन, विकलांग को थमाई रूई और पट्टी, बोले खुद कर लो अपना उपचार

● व्यवस्था बनाने बालों ने ही उजाड़ी व्यवस्थाएं

जागरण मोर्चा कार्यालय



फोटो परिचय - खुद अपने पैर में पट्टी बांधता विकलांग

**पीलीभीत।** जिले के मेडिकल कॉलेज की पुरुष विंग के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अपने पद पर इस कदर अहंकार में है कि वह मरीजों के दर्द का एहसास तक नहीं करना चाहते। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर भी सीएमएस के आशीर्वाद से मरीजों के साथ बदसलूकी की कोई कसर नहीं छोड़ रहे। विकलांग को रूई और पट्टी पकड़ा कर यह कह दिया जाए कि खुद का इलाज खुद करो तो सोचिए इससे शर्मनाक और क्या ही होगा।

बीते दिन पूर्व हिंदू संगठन की ओर से सीएमएस पर लापरवाही के आरोप लगाए गए थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने भी सीएमएस की गलती स्वीकार करते हुए शासन को उनके खिलाफ कार्यवाही का पत्र जारी कर दिया था। आज जब सरकारी अस्पताल की सुविधाओं की लाइव पड़ताल करी गई तो जो तस्वीरें सामने आई वह बेहद ही निराशाजनक रहीं। मौके पर न तो तय समय पर डॉक्टर पाए गए और न ही स्टाफ। इस दौरान एक विकलांग जिसका एक पैर 2 साल पहले एक हादसे में कट गया था वह व्हीलचेयर से इधर-उधर भटकता नजर आया। सरकारी अस्पताल के डॉक्टर ने उसे रूई, पट्टी और दवाई देकर यह कह दिया कि अपना उपचार खुद कर लो। जहां एक ओर सरकारी अस्पताल के डॉक्टर के बैठने का समय 8 बजे है वहीं, 9.30 बजे तक अस्पताल के कमरे खाली रहे और बाहर मरीज डॉक्टर साहब का इंतजार करते रहे। जब इस प्रकरण पर सीएमएस रमाकांत सागर को फोन किया गया तो उनका कहना था कि विकलांग को 60 नम्बर कमरे में मेरे पास भेज दो। प्रश्न यही हैं कि वह व्यक्ति जिसका एक पैर नहीं है दूसरा पैर घायल है वह कैसे इन साहब के पास उनके कमरे तक पहुंच पाता। रूई और पट्टी थमाने वाले अस्पताल के कर्मियों को एक विकलांग पर इतना भी तरस नहीं आया कि उसे सही उपचार दे सकें। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य की कार्यशैली का तो यह आलम है वह किसी का फोन तक उठाना उचित नहीं समझती। 24 घंटे अल्ट्रासाउंड और सिटी स्कैन का दावा करने वाले मेडिकल कॉलेज का हाल यह है कि वहां मौके पर डॉक्टर तक नहीं थे और करहाते मरीज बस डॉक्टर साहब का इंतजार कर रहे थे।

मेडिकल कॉलेज में आए दिन व्यवस्थाएं धूमिल होती जा रही हैं, जिन परिजनों के गंभीर मरीज होते उनके साथ इस तरह का सलूक बेहद ही निंदनीय है।



(स्वतंत्र देवल)

ऐसे सीएमएस पर कार्यवाही होनी चाहिए जो मरीजों के दर्द को कुछ समझता ही न हो, जतीपुर की घटना में भी रमाकांत सागर ने बहुत ही खराब मानसिकता का परिचय दिया था।



( हिमांशु गंगवार)

यह कृत्य तो बेहद ही शर्मनाक है, मैने सीएमएस पर कार्यवाही के लिए शासन को पत्र जारी कर दिया है, ड्यूटी के समय पर अगर डॉक्टर नहीं आ रहे तो कार्यवाही होनी चाहिए

( आलोक शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी)

मै पश्चिम बंगाल में हूं, इस पर तुरंत संज्ञान लेता हूं और जिलाधिकारी से अभी बात करता हूं, भाजपा की योगी सरकार में प्रदेश के किसी अस्पताल में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, और अगर कोई अधिकारी फोन नहीं उठाता है तो इसको लेकर कार्यवाही भी करी जाएगी।



(संजय सिंह गंगवार, राज्यमंत्री)

**मैं अभी इसको संज्ञान में लेता हूं, मैं खुद हैरान हूं, इस कदर अगर लापरवाही करी जा रही है, मरीज का उपचार होना ही चाहिए।**

ज्ञानेंद्र सिंह
जिलाधिकारी)



# मौर्य, कुशवाहा, शाक्य, सैनी समाज ने धूमधाम से मनाया होली मिलन समारोह



होली मिलन समारोह में मंच पर मौजूद अतिथि गण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** होली मिलन समारोह का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम में शहर एवं गाँव से बड़ी संख्या में समाज के लोग एकत्रित हुए और एक-दूसरे से गले मिलकर, फूलों की होली खेलकर होली की शुभकामनाएं दीं।

काशीराम बारात घर में कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वनाथ सिंह कुशवाहा (जिलाध्यक्ष शिक्षा मित्र संघ )ने की तथा संचालन जगदीश शरण मौर्य आचार्य जी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गौतम बुद्ध एवं सम्राट अशोक जी की वंदना के साथ हुआ। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें बच्चों और बड़ों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य किसी कारणवश उपस्थित नहीं हो पाए किन्तु उनकी धर्म पत्नी संगीता मौर्य कार्यक्रम में उपस्थित रहीं एवं मुख्य अतिथि के रूप में 133 तिलहर विधानसभा से विधायिका सलोना कुशवाहा ने समाज के लोगों को सम्बोधित करते हुए समाज के लोगों को समाज सेवा एवं राजनीति में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए कहा।

इस अवसर पर डॉक्टर अमित कुशवाहा, डॉक्टर राधे श्याम मौर्य, गोकिल प्रसाद मौर्य, संजीव मौर्य ( मण्डल अध्यक्ष भाजपा ) सागर सैनी,रमेश मौर्य,राजीव मौर्य, आकाश मौर्य, राम पाल मौर्य,कृष्ण गोपाल कुशवाहा,सुरेन्द्र मौर्य, कृष्णा मौर्य, सोनू मौर्य,रामगोपाल कुशवाहा, बादाम सिंह कुशवाहा, सेवा राम मौर्य, डॉक्टर जयपाल सिंह कुशवाहा, कप्तान सिंह कुशवाहा, अमित कुशवाहा, लवकुश मौर्य, विकास, विक्रम मौर्य, एम एल मौर्य, रजत मौर्य, एडवोकेट माखन लाल सैनी, एडवोकेट रुकुम सिंह मौर्य, गिरजा शंकर मौर्य, भरत वीर मौर्य, जुगेन्द्र मौर्य पूर्व प्रधान आदि समाज के सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# पुलिया की एप्रोच रोड न बनने से श्मशान घाट जाने में परेशानी, एसडीएम को दिया गया ज्ञापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** शेरपुर रोड स्थित श्मशान घाट जाने वाले मार्ग पर नवनिर्मित सड़क पर बनी पुलिया की एप्रोच रोड न बनने से आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या को लेकर स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर जल्द समाधान की मांग की है।

समाजसेवी अनूप कुमार गुप्ता ने उपजिलाधिकारी पूरनपुर को दिए गए पत्र में बताया कि नगर की अधिकांश आबादी पार्थिव शरीर के अंतिम संस्कार के लिए शेरपुर रोड स्थित श्मशान घाट पर जाती है। यहां तक पहुंचने के लिए लोग वेद संस्कार हेतु इसी मार्ग का उपयोग करते हैं, लेकिन नवनिर्मित सड़क पर बनी पुलिया की एप्रोच रोड अभी तक नहीं बनाई गई है, जिससे रास्ता बाधित हो रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिया की एप्रोच रोड न होने के कारण लोगों को पार्थिव शरीर लेकर श्मशान घाट तक पहुंचने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वैकल्पिक रास्ता भी काफी दूर होने के कारण नागरिकों को असुविधा हो रही है।



श्मशान घाट को जाने वाले क्षतिग्रस्त मार्ग

पत्र में मांग की गई है कि श्मशान घाट जाने वाले इस महत्वपूर्ण मार्ग पर पुलिया की एप्रोच रोड का निर्माण शीघ्र कराया जाए, ताकि शोकग्रस्त परिवारों को अपने प्रियजनों के पार्थिव शरीर को श्मशान घाट तक ले जाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# हिन्दू महासभा की बैठक आज

**पीलीभीत।** आप सभी हिन्दू महासभा की बैठक को लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। रविवार संगठन हिन्दू महासभा की जिला स्तरीय एक अहम बैठक एक निजी बारात घर पर रखी गई हैं। पंडित पंकज शर्मा ने अपील है कि इस बैठक में भाई बहनो का रहना आवश्यक हैं। एंव अनिवार्य है सभी जिले के पदाधिकारी गण एव सभी नगर के अध्यक्ष एंव पदाधिकारी गण एव ब्लाक अध्यक्ष आप सभी अपनी अपनी टीम के साथ एंव सभी अपनी अपनी लिस्ट के साथ इस मिटिंग मे उपस्थित रहेगे विषेश ध्यान देने की बात यह है जो भी संगठन का जिम्मेदार पद पर होते हुए अगर इस मिटिंग मे समय से सहभागिता नही करेगा और अपनी टीम या अपने साथियो को नही लाएगा तो वह अपने आपको पद मुक्त समझे उसकी जगह पर उसकी टीम से आए हुए पदाधिकारी या सदस्य को जिम्मेदारी तुरंत सौंप कर संगठन की कमान दे दी जाएगी इस लिए इस बैठक मे संगठन के प्रतेक कार्यकर्ताओ, पदाधिकारी एंव सदस्यो का आना अनिवार्य है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस भर्ती परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने आज जनपद में सम्पन्न कराई जा रही उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती परीक्षा को कुशल व निर्विघन ढंग से सम्पन्न कराने के लिए ड्रमण्ड राजकीय इंटर कालेज, राजकीय बालिका इंटर कालेज, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इण्टर कालेज, एस0एन0इंटर कालेज, उपाधि महाविद्यालय व राजकीय पॉलिटेक्निक कालेज के परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था, कन्ट्रोल रूम व अन्य व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश दिये कि परीक्षा के दौरान नियमित कक्षों का भ्रमण करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उच्चाधिकारियों को तत्काल अवगत कराया जाये। निरीक्षण के दौरान स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक उपस्थित रहे।



सेंटर का जायजा लेते पुलिस अधीक्षक

## महिला दिवस में महिलाओं को किया जागरूक

**पूरनपुर।** ग्राम रघुनाथपुर में कार्य क्षेत्र के 15 गांवों की महिलाओं ने धूमधाम से सुचेतना समाज सेवा संस्था की ओर से महिला दिवस मनाया गया महिला दिवस में जागृति गीत जागृति कविता नाटक एवं डांस ही महिलाओं द्वारा किया गया तथा गीतों के माध्यम से महिलाओं को जागरूक किया गया। जिसकी मुख्य अतिथि डॉक्टर निराजना शर्मा ने कविता के माध्यम से गांव की महिलाओं को जागरूक किया। इस कार्यक्रम में ब्लॉक मिशन मैनेजर उल्फत अली, रुचि प्रजापति, संजय कुमार जितेंद्र कुमार विकास आर्य एवं समस्त स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## वृद्धा आश्रम में आयोजित होगा शिविर

**पीलीभीत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्र मोहन विश्नोई ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग भारत सरकार द्वाराअटल वयो अभ्युदय योजना के अन्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष 7 दिवसीय कार्यक्रम 15 से 21 मार्च तक निर्धारित योग एवं आध्यात्मिक वाद-ध्यान शिविर का आयोजन आवासीय वृद्धाआश्रम मचवाखेड़ा में प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक नियमित योग एवं 4 से 6 बजे तक आध्यात्मिकवाद और ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें समस्त वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों की उपस्थिति निशुल्क है।







# फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र ने लाभार्थियों को दिया प्रशिक्षण

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र ने मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार योजना के तहत बीसलपुर के ग्राम सोंधा गंझाडा में दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी जानकारी देकर स्वालंभन के लिए प्रेरित किया गया ।कार्यक्रम का आयोजन खाद्य प्रसंस्करण प्रभारी असीम कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान पूनम कुमारी ने किया।इस दौरान केंद्र की ओर से लाभार्थियों को पेन , पैड,फोल्डर तथा अन्य साहित्य वितरित किया गया ।प्रशिक्षण में शामिल लोगों के लिए जलपान और अल्पाहार की व्यवस्था की गई ।कार्यक्रम में सुधाकर, वीरेंद्र कुमार पाली, अभिप्रिय ,पवन कुमार ,अखिलेश कुमार, ने खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी । प्रशिक्षण के दूसरे दिन विभाग की तरफ से 30 लाभार्थियों को मिश्रित आचार को बनाने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। सभी प्रतिभागियों को कार्यक्रम से संबंधित प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर रेखा देवी, मोनिका पाण्डेय, शांतिदेवी, कुसुम देवी, आत्माराम, अमित, सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद महिलाएं

# समिति एडीसी चुनाव निष्पक्ष कराने को लेकर मुख्यमंत्री से की शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पूरनपुर।** ग्राम पंचायत सेल्हा के ग्रामीणों द्वारा प मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में कहा है कि हम सभी ग्राम वासियों द्वारा ग्राम पंचायत सेल्हा में परिस्थिकि विकास समिति (ए.डी.सी.) 02 मार्च, 2026 को कार्यकाल समाप्त हो चुका है और नई कमेटी बनाने के लिए ग्राम में खुली बैठक दिनांक 10 मार्च को चुनाव होना था। जबकि मात्र एक दिन पहले गांव के कुछ लोगों को इसकी सूचना दी गयी।

बैठक में लगभग 500-600 आम जन के लोगों ने भाग लेने के लिए उपस्थिति हुए थे और ग्रामवासी पुरानी कमेटी से संतुष्ट नहीं है और उनके कार्यकलाप ठीक भी नहीं है जिस कारण आम जनता नई कमेटी में नये सदस्यों व अध्यक्ष को मनोनीत करना चाहते हैं। लेकिन वन विभाग के कर्मचारी अजीत वर्मा व डब्लू०डब्लू०एफ० के राजेन्द्र व मुकेश आदि जबरन पुरानी कमेटी को बहाल कराना चाह रहे हैं। जहां पुरानी कमेटी के साथ मिलकर पक्षपात कर रहे हैं जिससे आम जनता में काफी रोष है। वहीं चुनाव को रदद कर दिया गया किन्तु पुराने अध्यक्ष देववृत सिकदार ऐलानिया धमकी दे रहा है कि अब चुनाव नहीं होगा जो हो गया उसी से कर्मचारी व अधिकारियों के साथ मिलकर पैसो के बल पर पुनः अध्यक्ष व सदस्य बना लेगे और मैं ही अध्यक्ष बना रहूंगा। ग्रामवासी पेटी के माध्यम से वोटिंग कराकर नये अध्यक्ष व सदस्यों का चुनाव निष्पक्ष रूप से कराना चाह रहे हैं। जिस कारण जल्द से जल्द नई तारीख कमेटी बनाने के लिए घोषित की जाने की मांग की।

# गलत आर्थिक नीतियों से जनता त्रस्त, सिलेंडर पाने को कतारों में खड़ी जनता: आप

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** देश में लगातार बढ़ती महंगाई, एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि और गैस सिलेंडर की बेहद किल्लत के चलते आम आदमी पार्टी के नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह के आवाह्न पर केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के विरोध में आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं ने प्रांतीय आवाहन पर जिला महासचिव एड. संजय कुमार के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध दर्ज करते हुए राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। पार्टी कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश की आम जनता न केवल महंगाई और आर्थिक संकट से जूझ रही है, बल्कि गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत के चलते एक बार फिर लाइनों में लगने को मजबूर हो गई। जिसका सबसे बड़ा बोझ गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रहा है। इस मौके पर आप पंचायत प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष विनोद कुमार भारती ने कहा कि हाल ही में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में 60 तथा कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों में 120 रुपए की वृद्धि ने आम जनता और छोटे व्यापारियों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट और स्ट्रीट फूड से जुड़े लाखों छोटे कारोबारियों के सामने आज गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। देश के कई हिस्सों से होटल और छोटे व्यवसायों के बंद होने की खबरें सामने आ रही हैं, जो सरकार की नीतियों की विफलता को उजागर करती हैं। उन्होंने कहा कि देश में उपयोग होने वाली लगभग 60 प्रतिशत एलपीजी विदेशों से आयात की जाती है, जिसका बड़ा हिस्सा स्ट्रेट ऑफ हार्मुज के रास्ते भारत पहुंचता है। अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में ईरान, इजरायल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई है। आम आदमी पार्टी का आरोप है कि अमेरिका के दबाव में रूस से सस्ता तेल खरीदने में कमी करने के कारण देश को लगभग 8 लाख करोड़ रुपये का वार्षिक आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका सीधा असर देश की जनता पर महंगाई के रूप में पड़ रहा है। जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राम सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि गैस और ऊर्जा क्षेत्र में कुछ निजी कंपनियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियों के कारण गैस की कीमतों में कई जगहों पर कई गुना वृद्धि देखने को मिल रही है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ छोटे और मध्यम स्तर के उद्योगों पर भी गंभीर आर्थिक दबाव पड़ रहा है और बेरोजगारी की स्थिति तेजी से बढ़ रही है। जिलामहासचिव एड. संजय कुमार ने कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में हजारों छोटे व्यवसाय प्रभावित हो रहे हैं और उद्योग बंद होने की स्थिति पैदा हो रही है। गुजरात के मोरबी जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में सैकड़ों उद्योग बंद हो चुके हैं, जिससे लाखों लोगों के रोजगार पर संकट खड़ा हो गया है। यदि केंद्र सरकार ने समय रहते महंगाई और ऊर्जा संकट पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए तो देश की आर्थिक स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है। राष्ट्रपति के नाम दिए गए ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर के दामों में की गई हालिया वृद्धि को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए, पेट्रोल और डीजल की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए पारदर्शी नीति लागू की जाए, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को रसोई गैस पर विशेष सब्सिडी दी जाए तथा बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार स्पष्ट और जवाबदेह नीति घोषित करे। आम आदमी पार्टी ने चेतावनी दी कि यदि केंद्र सरकार ने बढ़ती महंगाई और गैस की कीमतों के मुद्दे पर जल्द ठोस कदम नहीं उठाए तो पार्टी देशभर में जन आंदोलन तेज करने के लिए बाध्य होगी।

ज्ञापन कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पंचायत प्रकोष्ठ पूर्व प्रत्याशी पूरनपुर विधानसभा विनोद कुमार भारती , जिलाध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राम सिंह सोनक, विधानसभा अध्यक्ष सदर एड. ओपी शास्त्री , विधानसभा अध्यक्ष सदर पंचायत प्रकोष्ठ रिंकू दिवाकर , युवा इकाई महासचिव मनोज भारती , श्रीपाल , रामनरेश आदि तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजुद रहे।




ज्ञापन देते आप कार्यकर्ता

# बेअकल पाकिस्तानी चयनकर्ता का बेतुका बयान: 'जसप्रीत बुमराह तेज गेंदबाजों के उस्मान तारिक', आकिब जावेद का हिला दिमाग!

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज और चयनकर्ता आकिब जावेद ने भारतीय टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को लेकर बेतुका बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बुमराह तेज गेंदबाजों के उस्मान तारिक हैं। उनके इस बयान ने सोशल मीडिया पर नई बहस को जन्म दे दिया है। यह बयान उन्होंने भारत की हालिया टी20 विश्व कप जीत के बाद दिया, जिसमें बुमराह टूनार्मेंट के सबसे प्रभावशाली गेंदबाजों में से एक रहे। बुमराह ने इस विश्व कप में 14 विकेट लेकर वरुण चक्रवर्ती के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज का स्थान हासिल किया।

बुमराह की अनोखी गेंदबाजी पर जावेद की टिप्पणी

आकिब जावेद ने कहा कि बुमराह की गेंदबाजी शैली, तेज रफ्तार और अलग तरह का एक्शन उन्हें बाकी गेंदबाजों से अलग बनाता है। उन्होंने बताया कि जिस तरह उस्मान तारिक की गेंदबाजी में डिलीवरी से पहले एक अलग तरह का ठहराव होता है, उसी तरह बुमराह भी अपनी अनोखी शैली से बल्लेबाजों की लय बिगाड़ देते हैं। जावेद ने कहा, 'इस पूरे वर्ल्ड कप में अगर कोई गेंदबाज सबसे अलग है तो वह बुमराह है। वह सामान्य गेंदबाज नहीं हैं। उनका एक्शन भी अलग है। जब वह गेंदबाजी करने आते हैं तो बल्लेबाज उनके खिलाफ कभी भी लय में नहीं आ पाता।' जावेद ने आगे कहा कि इस विश्व कप में बुमराह के अलावा कोई भी गेंदबाज ऐसा नहीं दिखा जो महान पाकिस्तानी तेज गेंदबाजों की याद दिलाए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में वसीम अकरम और वकार यूनिस जैसे गेंदबाजों की झलक देखने को नहीं मिलती।



टी20 विश्व कप 2026 में बुमराह ने एक बार फिर साबित किया कि वह बड़े मैचों के खिलाड़ी हैं। फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने चार ओवर में 15 रन देकर चार विकेट लिए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। इस मैच में भारत ने 96 रन से शानदार जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया।

खास बात यह रही कि बुमराह ने अपने इस स्पेल में एक भी बाउंड्री नहीं दी। यह किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा टी20 विश्व कप फाइनल में किया गया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन माना जा रहा है। इस मैच के बाद बुमराह के टी20 विश्व कप में कुल विकेट 40 हो गए। इसके साथ ही उन्होंने लसिथ मलिंगा और एनरिक नॉर्त्जे (दोनों 38 विकेट) को पीछे छोड़ते हुए टूनार्मेंट के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया।

## आरोण्यक घोष बने राष्ट्रीय रैपिड शतरंज चैंपियन



**रांची (एजेंसी)।** शतरंज के फटाफट फॉर्मेट रैपिड और ब्लिट्ज की राष्ट्रीय चैंपियनशिप इस समय रांची की बिरला विश्वविद्यालय में खेले जा रहे है और पहले दो के 11 राउंड के रैपिड मुक़ाबले के बाद देश को नया रैपिड चैंपियन रेलवे के अरोण्यक घोष के तौर पर मिला है . उन्होंने सर्वाधिक 9.5 अंक बनाते हुए खिताब अपने नाम किया ,2541 रेटिंग का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 8 जीत और 3 ड्रा के साथ अपराजित रहते हुए खिताब अपने नाम किया इस दौरान सातवे से नौवे राउंड के दौरान प्रतियोगिता के शीर्ष तीन वरीय खिलाड़ी अभिमन्यु पौराणिक , मुरली कार्तिकेयन और मित्रभा गुहा पर उनकी जीत नें उनके लिए खिताब की राह आसान बना दी और अंतिम दोनों राउंड उन्होंने सम्हलकर खेलते हुए खिताब अपने नाम कर लिया। 9 अंक बनाकर टाईब्रेक के आधार पर तमिलनाडु के मुरली कार्तिकेयन दूसरे और हरि माधवन तीसरे स्थान पर रहे । देश भर से कुल 11 ग्रैंड मास्टर्स समेत कुल 219 खिलाड़ियों नें इसमें प्रतिभागिता की जिसमें कुल 55 टाइटल खिलाड़ी थे ।

## युवाराज से पावर हिटिंग सीख रहे ऋषभ पंत

### आईपीएल से पहले स्टांस बदला, पिछले सीजन में 269 रन ही बना सके थे



**मुंबई (एजेंसी)।** आईपीएल के पिछले सीजन में खराब प्रदर्शन के बाद ऋषभ पंत अब युवराज सिंह से पावर हिटिंग की ट्रेनिंग कर रहे हैं। उन्होंने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम में एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें पंत मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया में युवराज की निगरानी में बड़े-बड़े शॉर्ट खेलने की प्रैक्टिस कर रहे हैं।



इस वीडियो में युवराज सिंह उनकी तकनीक को ध्यान से देख रहे हैं। इतना ही नहीं, वे उन्हें बल्लेबाजी से जुड़े सुझाव भी देते नजर आ रहे हैं। पंत के लिए आईपीएल का पिछला सीजन काफी खराब रहा था। वे एक शतकीय पारी के बावजूद महज 269 रन ही बना सके थे।

**लेफ्टी बॉलर्स के खिलाफ स्टांस बदला**- इस ट्रेनिंग सेशन में पंत ने ओपन स्टांस लिया यानी कि वे बाएं हाथ के गेंदबाजों के खिलाफ थोड़े खुले पैरों के साथ बैटिंग करते दिखे। क्रिकेट एक्सपर्ट्स का मानना है कि इस बदलाव से उन्हें ऑफ-साइड में बड़े शॉट खेलने और बेहतर एंगल कवर करने में मदद मिलेगी। पंत चोट से वापसी कर रहे हैं। वे 11 जनवरी को भारत-न्यूजीलैंड वनडे सीरीज से ठीक पहले चोटिल हो गए थे। ट्रेनिंग सेशन के दौरान थ्रोडाउनर की बॉल पंत की दाहिनी पसलियों पर लगी थी। वे इस सीरीज से बाहर हो गए थे। उन्होंने पिछला इंटरनेशनल मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी में 22 से 26 नवंबर 2025 को खेला था।

### युवाओं के मेंटर बन चुके हैं युवराज

युवराज सिंह पिछले कुछ वर्षों में युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतरीन मेंटर साबित हुए हैं। उन्होंने शुभमन गिल, अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह जैसे खिलाड़ियों को ट्रेनिंग दी है। इन खिलाड़ियों ने युवराज के साथ अभ्यास के बाद टी-20 क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है। पंत से पहले खराब फॉर्म से गुजर रहे संजू सैमसन ने टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर से मदद ली थी। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ 96 रनों से फाइनल मैच जीतने के बाद कहा था कि सचिन ने उनकी फॉर्म वापसी में काफी मदद की थी।

# ज्वेरेव पहली बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में

- एटीपी मास्टर्स के सभी 9 इवेंट्स में आखिरी-4 खेलने वाले पांचवें खिलाड़ी बने

**कैलिफोर्निया (एजेंसी)।** ज्वेरेव ने कैलिफोर्निया में खेले जा रहे इंडियन वेल्स के क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।

जर्मनी के टेनिस खिलाड़ी एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने गुरुवार को इंडियन वेल्स मास्टर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से हराया।

इस जीत के साथ ज्वेरेव एटीपी मास्टर्स-1000 के सभी नौ टूर्नामेंट में सेमीफाइनल खेलने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे पहले राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच, रोजर फेडरर और एंडी मरे यह उपलब्धि हासिल कर चुके हैं।

### बिग फोर के क्लब में शामिल

इस उपलब्धि के साथ ज्वेरेव बिग फोर यानी रोजर फेडरर, राफेल नडाल, नोवाक जोकोविच और एंडी मरे के चुनिंदा खिलाड़ी क्लब में शामिल हो गए हैं। ज्वेरेव ने कहा,इतिहास में ऐसा करने वाले सिर्फ पांच खिलाड़ियों में शामिल होना मेरे लिए बहुत खास है। यह ऐसी उपलब्धि है जिस पर मुझे गर्व है।



**मास्टर्स खिताब जीत चुके हैं-** ज्वेरेव अब तक नौ में से पांच मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट जीत चुके हैं। हालांकि, वह अभी तक कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं, जबकि तीन बार फाइनल तक पहुंच चुके हैं।

**सेमीफाइनल में सिनर से मुकाबला-** सेमीफाइनल में ज्वेरेव का मुकाबला इटली के वर्ल्ड नंबर-2 जेनिक सिनर से होगा। सिनर के खिलाफ ज्वेरेव का रिकॉर्ड थोड़ा कमजोर रहा है और वह लगातार पांच मैच हार चुके हैं।

सिनर ने क्वार्टरफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन को सिर्फ 66 मिनट में 6-1, 6-2 से हराया। सिनर अभी तक इंडियन वेल्स का खिताब नहीं जीत पाए हैं और इस साल अपना पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। इससे पहले वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के सेमीफाइनल और कतर ओपन के क्वार्टरफाइनल में हारकर बाहर हो गए थे।

### क्या है एटीपी मास्टर्स 1000 का 'सेट'

टेनिस में ग्रैंड स्लैम के बाद मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट सबसे प्रतिष्ठित माने जाते हैं। एक साल में कुल 9 ऐसे टूर्नामेंट होते हैं-इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो, मैड्रिड, रोम, कनाडा, सिनसिनाटी, शंघाई और पेरिस। इन सभी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचना किसी खिलाड़ी की निरंतरता और उच्च स्तर के प्रदर्शन को दर्शाता है। ज्वेरेव ने इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचकर अपना यह 'सेट' पूरा कर लिया है।

## अल्काराज लगातार पांचवीं बार इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में पहुंचे

**इंडियन वेल्स (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवंबर में पेरिस में हराया था।



अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा, मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिंग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं।

अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज़्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिंग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की।

- अबरार अहमद पर काव्या मारन ने 2.34 करोड़ की बोली लगाई, द हंड्रेड लीग में खेलेंगे, खरीदने पर बढ़ा विवाद

# भारतीय फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने पाक क्रिकेटर को खरीदा



**लंदन (एजेंसी)।** भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी सनराइजर्स लीड्स ने गुरुवार को पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद पर बोली लगाई। सनराइजर्स की सीईओ काव्या मारन ने खुद उन्हें 1.90 लाख पाउंड (करीब 2.34 करोड़ रुपए) में खरीदा। इसी के साथ अबरार 21 जुलाई से शुरू हो रही द हंड्रेड लीग में किसी भारतीय मालिकाना हक वाली फ्रेंचाइजी से जुड़ने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बन गए। अबरार को खरीदने पर सोशल मीडिया पर काव्या मारन की आलोचना की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण रिश्तों के कारण आईपीएल फ्रेंचाइजियों ने 2009 के बाद से किसी पाकिस्तानी खिलाड़ियों को साइन नहीं किया है। चेन्नई की मीडिया कंपनी सन ग्रुप ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स में पहले 49 प्रतिशत हिस्सेदारी ईसीबी से और बाकी 51 प्रतिशत यॉर्कशायर काउंटी क्लब से करीब 10 करोड़ पाउंड में खरीदी थी। इसके बाद टीम का नाम बदलकर सनराइजर्स लीड्स रखा गया। सन ग्रुप आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद और एसए 20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप की भी मालिक है, लेकिन इन टीमों में अभी कोई पाकिस्तानी खिलाड़ी नहीं है।

**उस्तान तारिक 1.72 करोड़ रुपए में बिके-** इस नीलामी में बिकने वाले दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी मिस्ट्री स्पिनर उस्मान तारिक रहे, जिन्हें बर्मिंघम फीनिक्स ने 1.40 लाख पाउंड (लगभग 1.72 करोड़ रुपए) में खरीदा। हालांकि, पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हारिस रऊफ और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर सैम अयूब अनसोल्ड रहे।



### बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान पर विवाद हुआ था

आईपीएल की फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (आईपीएल) ने 16 दिसंबर 2025 को अबू धाबी में आईपीएल 2026 के मिनी ऑक्शन में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा था। इसके बाद बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्याओं के कारण भारत में इसका विरोध होने लगा। इस पर बीसीसीआई के कहने पर केकेआर ने रहमान को रिलीज कर दिया है। इससे नाराज बांग्लादेशी सरकार ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर रोक लगा दी थी। इतना ही नहीं, बांग्लादेश ने भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से इनकार कर दिया था। ऐसे में आईसीसी ने बांग्लादेश को टी-20 वर्ल्ड कप से ही बाहर कर दिया गया था। बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टी-20 वर्ल्ड कप में शामिल किया गया था।

### पाकिस्तान ने भारत से मैच का बॉयकॉट किया था

पाकिस्तानी सरकार ने टी-20 वर्ल्ड कप में भारत से मैच का बॉयकॉट कर दिया था। हालांकि, श्रीलंकाई राष्ट्रपति के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तानी सरकार ने भारत से मैच के लिए मंजूरी दी थी। कोलंबो में 15 फरवरी को खेले गए इस मैच में भारतीय टीम ने 61 रनों के अंतर से जीता था। पाकिस्तान के खिलाफ ईशान किशन ने फिफ्टी लगाई थी।

## आयकर विभाग ने महत्वपूर्ण लेनदेन ईमेल को नजरअंदाज करने को कहा, गलती स्वीकार की

एजेंसी समाचार



**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने शनिवार को करदाताओं से आकलन वर्ष 2026-27 के अग्रिम कर ई-अभियान के तहत भेजे गए 'महत्वपूर्ण लेनदेन जुड़ी त्रुटिपूर्ण ईमेल को नजरअंदाज करने की अपील की है। विभाग ने स्वीकार किया है कि इन संचारों में गलत जानकारी शामिल थी, जिसकी रिपोर्ट करदाताओं ने की थी। यह त्रुटि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए भेजे गए ईमेल में पाई गई है। विभाग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि उसे करदाताओं से गलत जानकारी वाले ईमेल मिलने की शिकायतें मिली हैं। विभाग ने इस मुद्दे को ध्यान में लाने के लिए करदाताओं का धन्यवाद किया और हुई असुविधा के लिए माफी मांगी। अधिकारियों ने बताया कि संचार प्रणाली के लिए जिम्मेदार सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सुलझाया जा रहा है। विभाग ने कहा, "हम अपने सेवा प्रदाता के समन्वय से इस मामले को सक्रिय रूप से हल करने के लिए काम कर रहे हैं।"

# 92700 मीट्रिक टन गैस लेकर आ रहे शिवालिक और नंदा

## सरकार ने बताया- कालाबाजारी के खिलाफ देशभर में छापेमारी

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देश में रसोई गैस की आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार सक्रिय है। भारत की राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा और मैरीटाइम लॉजिस्टिक्स के मोर्चे पर महत्वपूर्ण गतिविधियां दर्ज की गई हैं। एक तरफ जहां भारी मात्रा में एलपीजी गैस लेकर विशाल टैंकर भारतीय बंदरगाहों की ओर बढ़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ घरेलू बाजार में आपूर्ति शृंखला को बाधित करने वालों के खिलाफ एजेंसियों ने सख्त रुख अपना लिया है। शनिवार को सरकार की ओर से बताया गया कि 'शिवालिक' और 'नंदा' नाम के एलपीजी टैंकर इस समय रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज पास को पार कर चुके हैं और भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं। यह एक बड़ा ऊर्जा लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन है, क्योंकि ये दोनों पोत कुल मिलाकर 92,700 मीट्रिक टन गैस का बड़ा शिपमेंट लेकर आ रहे हैं। जहाजरानी मंत्रालय ने बताया कि तय योजना के मुताबिक, ये वाणिज्यिक जहाज पश्चिमी तट पर स्थित प्रमुख बंदरगाहों- मुंद्रा पोर्ट और कांडला पोर्ट पर एंकर करेंगे। शेड्यूलिंग के अनुसार ये शिपमेंट 16 और 17 मार्च को भारत पहुंच जाएंगे। इतनी बड़ी मात्रा में गैस की आवक से घरेलू बाजार में ऊर्जा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित होगी और औद्योगिक व घरेलू मांग को सुचारू रूप से पूरा किया जा सकेगा। पेट्रोलियम मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा है कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति को देखते हुए यह हमारे लिए चिंता का विषय बना हुआ है; हालांकि, अभी तक किसी भी प्रकार की स्टॉक की कमी की सूचना नहीं मिली है। शर्मा ने बताया कि घबराहट में बुकिंग के मामले अब भी बहुत अधिक हैं। उन्होंने कहा, "जो आंकड़ा मैंने कल आपके साथ साझा किया था - लगभग 75 से 76 लाख बुकिंग - वह अब बढ़कर लगभग 88 लाख हो गया है।" शर्मा ने कहा, "हमें विभिन्न स्थानों और स्रोतों से शिकायतें मिल रही हैं कि गैस सिलेंडर बुक नहीं हो पा रहे हैं। मैं इस अवसर पर एक बार फिर स्पष्ट करना चाहूंगी कि शहरी क्षेत्रों में पिछली डिलीवरी और अगली बुकिंग के बीच कम से कम 25 दिनों का अनिवार्य अंतराल है और ग्रामीण क्षेत्रों में यह अंतराल 45 दिनों का है।

## ऊर्जा संकट या चुनावी दांव? तमिलनाडु सरकार का बड़ा फैसला

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु सरकार ने छोटे खानपान कारोबारों को एलपीजी पर निर्भरता घटाने और बिजली के चूल्हे अपनाने के लिए 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली सब्सिडी देने का फैसला किया है, ताकि ईंधन आपूर्ति की अनिश्चितता के असर को कम किया जा सके। आगामी चुनाव के देखते हुए सरकार का यह फैसला अहम माना जा रहा है।

तमिलनाडु सरकार ने रेस्तरां, होटलों और चाय की दुकानों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की जगह बिजली के चूल्हों का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु बिजली पर 2 रुपये प्रति यूनिट सब्सिडी देने की घोषणा की है। सरकार ने कहा कि यह फैसला 28 फरवरी से पश्चिम एशिया में शुरू हुए संघर्ष के बाद खानपान प्रतिष्ठानों के लिए व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर को लेकर पैदा हुई चिंताओं के बीच लिया गया है।


सरकार के मुताबिक, संकट शुरू होने के बाद से मुख्यमंत्री एमके स्टालिन लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य छोटे और मध्यम स्तर के खानपान कारोबारों को वैकल्पिक ऊर्जा व्यवस्था उपलब्ध कराना और ईंधन आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता के प्रभाव को कम करना है।

# यूपी एसआई परीक्षा: अवसर के अनुसार बदल जाने वाले के उत्तर में 'पंडित' शब्द का विकल्प, सोशल मीडिया पर हंगामा

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** यूपी एसआई परीक्षा के पहले दिन एक प्रश्न ने सोशल मीडिया पर हंगामा खड़ा कर रखा है। दरअसल एक प्रश्न के उत्तर में एक जाति को शामिल कर दिया गया है। परीक्षा में पूछे गए इस प्रश्न में अवसर के अनुसार बदलने वालाह्व इस वाक्यांश के लिए एक शब्द का चयन करना था। इसके लिए चार विकल्प दिए गए थे। इसमें चार विकल्पों में पहला है सदाचारी, दूसरा पंडित, तीसरा अवसरवादी और चौथा निष्कपट। तीन विकल्प तो किसी व्यक्ति के गुण या अवगुण के होते हैं लेकिन एक विकल्प एक जाति से जुड़ा हुआ था। इस प्रश्न पत्र के बाहर आते ही यह तेजी से वायरल हुआ।

उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा में 5,31,765 अभ्यर्थी शामिल हुए। भर्ती परीक्षा की शुचिता भंग करने के प्रयास करने वाले सोशल मीडिया एकाउंट्स के खिलाफ लखनऊ में कुल सात केस दर्ज किए गए हैं। एसटीएफ ने आगरा से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। आरोपी फर्जी प्रश्न पत्र भेजकर अभ्यर्थियों से ठगी कर रहा था। मामले में




एसटीएफ की तफ्तीश जारी है। मामले में और भी कार्रवाई हो सकती है।

भर्ती परीक्षा के एसटीएफ व अन्य एजेंसियां सोशल मीडिया की लगातार निगरानी कर रही हैं। इसी दौरान टेलीग्राम पर ह्लयूपी एसआई यूपी पुलिस-2026ह्व, ह्लरिजल्ट पैनल प्राइवेटह्व और यूपी एसआई परीक्षा प्रश्नपत्र-2026 नाम से चैनल चलाकर उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के संदेश प्रसारित किए जा रहे थे।

इस संबंध में थाना हुसैनगंज में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच करते हुए एसटीएफ ने आगरा के न्यू आगरा थाना क्षेत्र की इंजीनियर्स कॉलोनी से आयुष बघेल को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के मुताबिक आरोपी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की बात फैलाकर टेलीग्राम पर फर्जी प्रश्न पत्र भेजता था और अभ्यर्थियों से रकम वसूल रहा था। रकम भी उसने ऑनलाइन अपने खाते में ली है। जिसके साक्ष्य एसटीएफ को मिले हैं। आरोपी आयुष स्नातक की पढ़ाई कर रहा है।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक विवादित प्रश्न और उसके विकल्पों को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्पष्ट किया है कि सरकार ने इस घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया है।

उपमुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि परीक्षा में किसी भी ऐसे प्रश्न या विकल्प का होना स्वीकार्य नहीं है, जिससे किसी समाज, जाति या वर्ग की गरिमा को ठेस पहुँचती हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि किसी भी समुदाय या परंपरा के प्रति अपमानजनक शब्दों के लिए प्रदेश में कोई स्थान नहीं है।

शासन ने इस पूरे प्रकरण की तत्काल जांच के निर्देश जारी कर दिए हैं। ब्रजेश पाठक ने आश्वासन दिया है कि इस त्रुटि के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और उनके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक प्रश्न को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सोशल मीडिया पर सवाल को लेकर एक तबके में आक्रोश है। भाजपा नेता अभिजात मिश्रा ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।उनका कहना है कि इस सवाल को प्रश्न पत्र में होना साजिश लगता है, जिससे सरकार की छवि खराब हो सके और समाज में सदभाव बिगड़े। फिलहाल प्रकरण में अब तक विभागीय प्रतिक्रिया नहीं आई है।

दरअसल परीक्षा के बाद प्रश्न पत्र का एक पेज सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। जिसमें सामान्य हिंदी के सेक्शन का प्रश्न संख्या तीन था... ह्लअवसर के लिए बदल जाने वाले के लिए एक शब्द लिखिए।ह्व इसके विकल्पों में पंडित, अवसरवादी, निष्कपट और सदाचारी दिए गए थे।

# सीएम योगी बोले: जंगलों में लगने वाली आग को लेकर अभी से करें तैयारी

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वन विभाग के अधिकारियों से कहा है कि गर्मी में जंगलों में आग की घटनाएं न हों, इसके लिए अभी से तैयारी कर ली जाए। वन विभाग ने ऐसी घटनाओं पर निगरानी के लिए मुख्यालय से लेकर प्रभागीय स्तर और मुख्य वन संरक्षक स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया है। प्रदेश मुख्यालय पर बनाए गए अग्नि नियंत्रण सेल कार्य कर रहे हैं।

प्रदेश में कुल 116 अग्नि नियंत्रण सेल स्थापित किए जा चुके हैं। यह सेल 24 घंटे कार्य करेंगे। सेल में 8-8 घंटे की तीन शिफ्ट होंगी। आम जन की सुविधा के लिए लखनऊ मुख्यालय पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। 0522-2977310, 0522-2204676, 9651368060, 7017112077 पर इससे जुड़ी सूचनाएं दी जा सकती हैं। अन्य सभी जिलों में भी स्थानीय हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए जाएंगे। फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) देहरादून की वेबसाइट-ɪ२.ल्लू.ल्ल पर वन अग्नि अलर्ट सूचना के लिए उत्तरत प्रदेश के 3792 अधिकारियों व कर्मचारियों ने पंजीकरण भी कराया है।



प्रदेश में वन अग्निकाल अभी से लेकर 15 जून तक माना गया है। आग के लिहाज से अति संवेदनशील व मध्य संवेदनशील जिले चित्रकूट, सोनभद्र, पीलीभीत टाइगर रिजर्व, कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग, बहराइच, महराजगंज, दुधवा राष्ट्रीय उद्यान, उत्तर खीरी-दक्षिण खीरी, बलरामपुर, सहारनपुर, बिजनौर, गोंडा, गोरखपुर, मीरजापुर, चंदौली, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर, वाराणसी व कैमूर वन्य जीव प्रभाग घोषित किए गए हैं। संवेदनशील जिलों में डीएम की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति भी गठित की गई है। वन्य जीवों को वन क्षेत्र के अंदर पीने के लिए जल उपलब्ध कराने के लिए पक्का होल निर्माण व पुराने वाटर होल की मरम्मत कर उसमें नियमित जल भी भरा जा रहा है।

# यूपी एसआई परीक्षा: पहले दिन 5.31 लाख अभ्यर्थी हुए शामिल

## गड़बड़ी के आरोप में सात पर एफआईआर; एक अरेस्ट

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों



पर सीधी भर्ती-2025 परीक्षा में 5,31,765 अभ्यर्थी शामिल हुए। भर्ती परीक्षा की शुचिता भंग करने के प्रयास करने वाले सोशल मीडिया एकाउंट्स के खिलाफ लखनऊ में कुल सात केस दर्ज किए गए हैं। एसटीएफ ने आगरा से एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। आरोपी फर्जी प्रश्न पत्र भेजकर अभ्यर्थियों से ठगी कर रहा था। मामले में एसटीएफ की तफ्तीश जारी है। मामले में और भी कार्रवाई हो सकती है।

भर्ती परीक्षा के एसटीएफ व अन्य एजेंसियां सोशल मीडिया की लगातार निगरानी कर रही हैं। इसी दौरान टेलीग्राम पर यूपी एसआई यूपी पुलिस-2026, रिजल्ट पैनल प्राइवेट और यूपी एसआई परीक्षा प्रश्नपत्र-2026 नाम से चैनल चलाकर उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने के संदेश प्रसारित किए जा रहे थे।

इस संबंध में थाना हुसैनगंज में उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 व आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। जांच करते हुए एसटीएफ ने आगरा के न्यू आगरा थाना क्षेत्र की इंजीनियर्स कॉलोनी से आयुष बघेल को गिरफ्तार किया। एसटीएफ के मुताबिक आरोपी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने की बात फैलाकर टेलीग्राम पर फर्जी प्रश्न पत्र भेजता था और अभ्यर्थियों से रकम वसूल रहा था। रकम भी उसने ऑनलाइन

# यूपी: मायावती बोलीं- जब कांशीराम मरे तो कांग्रेस ने नहीं किया राष्ट्रीय शोक, सपा ने भी की मान्यवर की उपेक्षा

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने कांशीराम को भारत रत्न देने की मांग को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस ने लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रहते हुए बाबा साहब भीमराव आंबेडकर को सम्मान नहीं दिया, वह अब कांशीराम को भारत रत्न देने की बात कैसे कर सकती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दलित विरोधी सोच और मानसिकता के कारण ही बसपा का गठन करना पड़ा था।

दरअसल शुक्रवार को दलित संवाद कार्यक्रम लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि आज अगर जवाहरलाल नेहरू जीवित होते तो आज कांशीराम कांग्रेस के मुख्यमंत्री होते। कार्यक्रम में कांशीराम को भारत रत्न देने का प्रस्ताव भी पास किया गया था। इसी पर पलटवार करते हुए मायावती ने




कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। मायावती ने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में डॉ. भीमराव आंबेडकर को भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जब कांशीराम का निधन हुआ था, तब केंद्र की कांग्रेस सरकार ने एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया। उस समय उत्तर प्रदेश की सपा सरकार ने भी राजकीय शोक नहीं घोषित किया था। बसपा प्रमुख ने कहा कि विभिन्न राजनीतिक दल और कुछ संगठन कांशीराम के नाम का इस्तेमाल कर राजनीतिक लाभ लेने की कोशिश कर रहे हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि कई पार्टियां तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर बसपा को कमजोर करने में लगी हुई हैं। मायावती ने बसपा कार्यकताओं और समर्थकों से अपील की कि वे इन दलों से सतर्क रहें, खासकर कांग्रेस से। उन्होंने बताया कि 15 मार्च को कांशीराम की जयंती पर बसपा देशभर में कार्यक्रम आयोजित करेगी। मायावती ने पार्टी कार्यकताओं से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की।

मायावती ने कहा कि बाबा साहब के आत्मसम्मान के आंदोलन को आगे बढ़ाते हुए कांशीराम ने दलित, शोषित और वंचित समाज को संगठित कर उन्हें राजनीतिक शक्ति बनाने का काम किया। लेकिन आज भी कई दल संकीर्ण राजनीति के कारण उनके विचारों को कमजोर करने में लगे हैं।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथ समाजवादी पार्टी व अन्य कई पार्टियां बहुजन समाज के मुद्दों पर भरोसे के लायक साबित नहीं हुई। आरक्षण जैसी संवैधानिक व्यवस्था को भी कमजोर करने की कोशिशें हुई हैं, जिससे समाज में चिंता है।

बसपा संस्थापक कांशीराम की जयंती 15 मार्च को है, और इस बार सभी राजनीतिक दल उनके योगदान को याद करने में व्यस्त हैं। बसपा, समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने अलग-अलग कार्यक्रमों की घोषणा कर दी है। लखनऊ में बसपा की जनसभा के अलावा अन्य प्रदेशों में भी कार्यक्रम होंगे। समाजवादी पार्टी ने जिलों में जयंती मनाने का एलान किया है। कांग्रेस ने जयंती समारोह और दलित संवाद आयोजित किया, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी शामिल हुए।

# विवादों से घिरे रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश बहाल, नियुक्ति विभाग ने जारी किया आदेश

**कार्यालय जागरण मोर्चा**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने विवादों से घिरे रहे आईएएस अभिषेक प्रकाश को बहाल कर दिया है। इसको लेकर नियुक्ति विभाग ने आदेश जारी कर दिया है। वह कल यानी 15 मार्च से बहाल माने जाएंगे। बताते चलें कि इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ और 2006 बैच के आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप में निलंबित किया गया था। उन पर सोलर कंपनी से प्रोजेक्ट मंजूरी के बदले घूस मांगने का आरोप था, जिसके बाद प्रदेश सरकार ने उन्हें 20 मार्च 2025 को निलंबित कर दिया था। हालांकि, फरवरी 2026 में हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने इस मामले में साक्ष्य के अभाव में चार्जशीट रद्द कर दी थी।

# प्रदेश में रविवार से मौसम लेगा यू-टर्न

## दो दिन कई जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने की संभावना

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी है। पिछले दिनों अप्रैल जैसी गर्मी महसूस कर रहे लोगों को तापमान में गिरावट के बाद शनिवार को थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में गिरावट रविवार को भी जारी रहेगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में रविवार और सोमवार को हल्की बारिश की संभावना व्यक्त की जा रही है।

शुक्रवार को बांदा में तापमान 40 डिग्री से पार पहुंच गया था जो शनिवार को घटकर 38.4 डिग्री पर आ गया। प्रदेश में रविवार को तापमान में और कमी आने के आसार हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 15 मार्च से प्रदेश के तराई इलाकों के साथ-साथ पूर्वांचल के कुछ भागों में इस सीजन में पहली बार बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही तापमान में थोड़ी गिरावट आने की भी संभावना व्यक्त की जा रही है।

मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 40 डिग्री पार कर गए तापमान में गिरावट का दौर शनिवार से शुरू हुआ है जो मंगलवार तक जारी रहने के आसार हैं। शनिवार को प्रदेश में कई जगह एक से तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई। रविवार को तापमान में और गिरावट आने के आसार हैं। प्रदेश में बांदा में सबसे अधिक तापमान 38.4 डिग्री दर्ज किया गया।




# 'हर आंगनबाड़ी से 10 हजार रुपये चाहिए', सीडीओ ने डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर के सामने रखी डिमांड

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** सीडीओ ने डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर के सामने डिमांड रखी। कहा कि 'हर आंगनबाड़ी से 10 हजार रुपये चाहिए'। मामले का वीडियो वायरल हो रहा है।

उत्तर प्रदेश में मुख्य विकास अधिकारी नागेंद्र नारायण मिश्रा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें सीडीओ कथित तौर पर पैसों की व्यवस्था करने की बात करते सुनाई दे रहे हैं। मामला एटा जिले का बताया जा रहा है। वीडियो में सीडीओ, डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर संजीव पचौरी से बात कर



रहे हैं। उनसे कहते हैं कि 'हर आंगनबाड़ी से 10 हजार रुपये चाहिए। आप अपने आदमी हैं पचौरी, पैसे दिलवाइए।'

हालांकि, संजीव पचौरी ने सीडीओ की इस कथित मांग को इन्कार कर दिया। उन्होंने पैसे के किसी भी लेन-देन में शामिल होने से मना कर दिया। वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है।

शासन तक पहुंचा मामला... केशव मौर्य ने किया सस्पेंड

बताया गया कि नागेंद्र नारायण मिश्रा ग्राम्य विकास सेवा (बीडीओ से प्रोन्नत) होकर सीडीओ बने हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि सीडीओ को सस्पेंड कर दिया गया है। उन्हें मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है।

# आरटीई के तहत प्रवेश के लिए आवेदन का तीसरा चरण शुरू

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश देने के मामले में तीसरा चरण शुरू हो गया है। लॉटरी 27 मार्च को निकाली जाएगी। प्रदेश में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर व वंचित वर्ग के बच्चों को निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन का आखिरी चरण शुरू हो गया है। तीसरे चरण के लिए ऑनलाइन आवेदन 25 मार्च तक किए जा सकेंगे। जबकि लॉटरी 27 मार्च को की जाएगी। जबकि पहले और दूसरे चरण में 1.56 लाख बच्चों को निजी विद्यालयों में सीट आवंटित की गई है। इनकी प्रवेश प्रक्रिया चल रही है। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा है कि आरटीई से निजी विद्यालयों में सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन की जा रही है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ उठाएं।




जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, (उ०प्र०) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

CMYK